2 | फरीदाबाद
मेयर ने नगर निगम अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

6 | अभिमत
पश्चिम बंगाल या दूसरा बांग्लादेश

9 | देश/विदेश
राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाएगा : मोदी

11 | स्पोर्ट्स
मोटेरा के विकेट पर रन बनाने का इरादा जरूरी था : रोहित

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 24
फरीदाबाद, शनिवार, 27 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए  YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



टूटती बेड़ियां
पेज- 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,099 | 1939.3 |
| निफ्टी | 14,529 | 568.9 |
| सोना | 46,740 | 10 /10 gm |
| चांदी | 68,800 | 1400/kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.02°C
न्यूनतम 17.01°C

## क्विक न्यूज

### हवाई जहाज के शौचालय में छिपा था 65 लाख का सोना

**नई दिल्ली।** सोना तस्करी के तरीकों को लेकर तो आपने बहुत सी खबरें पढ़ी होंगी, लेकिन इस बार तस्करों ने सोना भारत लाने के लिए एक अजब ही तरीका अपनाया, जिसे देख कस्टम विभाग भी हैरान रह गया। शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट ने कस्टम विभाग के अधिकारियों ने 1.5 किलोग्राम सोने के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया। इसकी कीमत 65.44 लाख रुपये लगाई गई है। यह पूरा सोना हवाई जहाज के शौचालय में एक केमिकल पेस्ट के अंदर छिपा कर लाया गया। 24 फरवरी को जब दुबई से आरोपी भारत पहुंचा तो कस्टम विभाग ने तलाशी में उससे सोना बरामद किया। मामले की जांच की जा रही है।

### सीबीआई-ईडी ने तृणमूल के करीबी 15 जगहों पर छापे मारे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाले की आंच अब व्यापारियों, अफसरों और तृणमूल नेताओं तक पहुंच गई है। सीबीआई और ईडी ने शुक्रवार को तृणमूल के करीबी बिजनेसमैन के ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे साउथ कोलकाता, आसनसोल स्थित घर और दफ्तरों पर मारे गए हैं। एजेंसियों ने 15 जगहों पर छापा मारा है। जांच में सामने आया है कि कोयला तस्करी के दौरान कई अफसरों और नेताओं ने घूस भी ली थी। जल्द ही इनके यहां भी छापे मारे जा सकते हैं। इसी केस में पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में कोलकाता के सीए गणेश बगारिया के दफ्तर में छापा मारा गया था।

### दिल्ली में बार क्लबों और होटलों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने क्लबों, होटलों एवं रेस्तराओं को चेतावनी दी है कि यदि उन्हें बिना 2 डी बार-कोड वाली शराब की बोतलों से ग्राहकों को शराब परोसते पाया गया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस कदम से पहले दरअसल निरीक्षण के दौरान पाया था कि कुछ प्रतिष्ठानों में बार, शराब और बीयर की ऐसी बोतलों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन पर 2 डी बार-कोड नहीं होते।

### इस साल जीडीपी में रहेगी आठ फीसद गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की जीडीपी दर अक्टूबर-दिसंबर 2020 तिमाही में 0.4 फीसद रही। यह बात केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में कही गई। सरकारी आंकड़े में साथ ही कहा गया कि इस कारोबारी साल 2020-21 में देश की जीडीपी में 8 फीसद की गिरावट रह सकती है।

आज का राशिफल 27 फरवरी
>> पढ़े पेज-10

### किसान आंदोलन पर पानीपत में बाबा रामदेव ने कहा

# तीन साल के लिए नए कृषि कानूनों को स्थगित करे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**योग** गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि केंद्र सरकार को तीन साल के लिए कृषि कानूनों को स्थगित कर देना चाहिए। इस दौरान किसान और सरकार साथ बैठकर किसानों और देश के हित की नीतियों पर चर्चा कर कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे सरकार के प्रवक्ता नहीं हैं और न ही वे खुद कॉन्ट्रैक्ट खेती करना चाहते हैं। लेकिन, सुधार की जरूरत हर क्षेत्र में है। बाबा रामदेव शुक्रवार को समालखा में एक कारोबारी के यहां शादी समारोह में पहुंचे थे।

### किसानों और देश के हित की नीतियों पर विचार करें



बाबा रामदेव ने कहा कि कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर रहे हैं। न सरकार मानने को तैयार है और न ही किसान, लेकिन यह गतिरोध खत्म होना चाहिए। हर समस्या में बीच का रास्ता होता है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही डेढ़ साल तक इन कानूनों को लागू न करने की बात कह चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को यह समय कम लगता है तो इसे बढ़ाकर तीन साल कर लें।

इस दौरान किसान और सरकार साथ बैठकर किसान और देश के हित पर चर्चा करें। जो सही हो उस पर कानून बनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ हर क्षेत्र में सुधार की जरूरत है।

### कानून नहीं काला-सफेद ये आदमी की नीयत पर निर्भर

**कृषि** कानूनों को काला कहने पर बाबा रामदेव ने कहा कि कानून नहीं, काला-सफेद तो आदमी की नीयत पर निर्भर करता है। कहा कि वह सरकार के प्रवक्ता नहीं हैं और न ही उन्हें कॉन्ट्रैक्ट पर खेती करनी है। योग गुरु ने कहा कि संन्यास को बड़ा माना जाता है, लेकिन शास्त्रों में गृहस्थ जीवन को बड़ा बताया गया है। बशर्ते उसे प्रामाणिकता से जीआ जाए। कहा कि सबसे ऊपर संबंध होते हैं, उसके बाद संपत्ति, सत्ता और दुनिया के बाकी सम्मान आते हैं।

# भारतीय दिग्गज ऑलराउंडर युसूफ पठान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी। नई दिल्ली

**टीम** इंडिया के स्टार ऑलराउंडर यूसुफ पठान ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए 57 वन-डे और 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले यूसुफ पठान ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट के साथ क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया।

पठान ने लिखा, मैं अपने परिवार, दोस्तों, फैंस, टीमों, कोचों और पूरे देश के समर्थन के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। यूसुफ पठान ने साल 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। हालांकि, अपने डेब्यू मैच में वह कुछ खास नहीं कर पाए। वह केवल 15 रन बनाकर आउट हो गए थे। मगर भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। यूसुफ पठान साल 2011 के विश्व कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे।



### 57 वन-डे और 22 टी-20 मैच खेले

पिछले कई साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। साल 2012 में पठान ने अपना आखिरी वन-डे और टी-20 खेला था। आईपीएल में भी किसी फ्रेंचाइजी ने उनको टीम में शामिल करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। पिछले साल भी वह आईपीएल नहीं खेले थे और इस साल भी वह नदारद रहे। पठान 2008 से लेकर 2019 तक आईपीएल का हिस्सा रहे। इस दौरान उन्होंने 174 मैचों में 143.0 की स्ट्राइक रेट से 3204 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 13 अर्धशतक लगाए।

### पांच राज्यों में चुनाव की तिथियों का ऐलान


# पश्चिम बंगाल में मतदान के आठ चरण, दो मई को आएंगे नतीजे

### पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु, असम और पुदुचेरी में होंगे चुनाव

एजेंसी। नई दिल्ली

**पांच** राज्यों में चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। ये राज्य पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुदुचेरी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार चुनाव शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 8 फेज में चुनाव होंगे। असम में तीन फेज में और बाकी तीनों राज्यों में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग 27 मार्च को होगी। पश्चिम बंगाल समेत पांचों राज्यों में वोटों की गिनती दो मई को होगी।

चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बताया कि 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों, विकलांग लोगों, जरूरी सेवाओं में लगे जिन लोगों की स्थानीय चुनाव अधिकारी पहचान करेंगे, वे पोस्ट बैलट से मतदान कर सकेंगे। सभी चुनाव अधिकारियों का कोरोना वैक्सीनेशन होगा। वोट डालने का समय 1 घंटा ज्यादा होगा। अरोड़ा के मुताबिक 5 राज्यों में 824 विधानसभा सीटें हैं। इनके लिए इस बार 18.68 करोड़ वोटर हैं और 2.7 लाख मतदान केंद्र होंगे।





### पश्चिम बंगाल में 294 सीटें

**प्रदेश** में अभी तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। 2016 के चुनाव में टीएमसी को 211 सीटें मिली थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 42 में से 18 सीटें जीती थीं। इसलिए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पूरा जोर लगा दिया है। इस बार का चुनाव टीएमसी बनाम बीजेपी हो गया है। यहां कांग्रेस, वामदलों और इंडियन सेकुलर फ्रंट के बीच गठबंधन तय है। फुरफुरा शरीफ की इंडियन सेकुलर फ्रंट को 30 सीटें दी गई हैं। देश में लेफ्ट के आखिरी गढ़ बने केरल में 140 सीटों पर चुनाव होने हैं। यहां लेफ्ट पार्टियों और कांग्रेस के गठबंधन की सरकार है। तमिलनाडु में 134 सीटें जीतकर एआईडीएमके ने सरकार बनाई थी। डीएमके को 97 सीटें मिली थीं। असम में पिछली बार यानी 2016 में यहां भाजपा की सरकार बनी थी। उसे 60 सीटें मिली थीं। सहयोगी दलों को 26 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 26 और एआईयूडीएफ को 13 सीटें मिली थीं। केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में 30 सीटें हैं। यहां विधानसभा में तीन नामित सदस्य होते हैं। यहां अब तक कांग्रेस गठबंधन वाली सरकार थी, लेकिन पिछले हफ्ते ही कई विधायकों ने कांग्रेस छोड़ दी। इससे सरकार अल्पमत में आ गई। सीएम नारायणसामी को इस्तीफा देना पड़ा। अभी यहां राष्ट्रपति शासन लागू है।

### कोरोना काल में चुनाव कराना चुनौती थी

**अरोड़ा** ने कहा, पिछले साल जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, तब दुनियाभर के चुनाव आयोगों के सामने चुनाव कराना चुनौती थी। कई देशों ने ऐसे हालात में भी हिम्मत दिखाई और कुछ बदलाव और एहतियात बरतते हुए चुनाव कराए। चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 18 सीटों पर जून 2020 में चुनाव कराकर शुरुआत की। हमारे लिए बड़ी चुनौती बिहार थी। वहां 7.3 करोड़ वोटर थे। यह हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी है कि बिहार के वोटरों ने भी भरोसा दिखाया और चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। बिहार में कई अधिकारियों को कोरोना था, इसके बावजूद वे चुनाव तैयारियों को देखते रहे। आपको जानकर खुशी होगी कि बिहार में वोटिंग में 57.3 फीसद वोटिंग हुई जो पिछले विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा थी।

### पुदुचेरी में पेट्रोल-डीजल सस्ता किया

**चुनाव** की तारीखों के ऐलान से ठीक पहले पुदुचेरी में पेट्रोल-डीजल सस्ता किया गया है। उपराज्यपाल ने पेट्रोल-डीजल पर वैट 2 फीसद घटाने का ऐलान किया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी डेली वेज वर्कर्स की मजदूरी में बढ़ोतरी कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि वेस्ट बंगाल अर्बन एम्प्लॉयमेंट स्कीम के तहत डेली वेज वर्कर्स की मजदूरी बढ़ा दी गई है।

अरोड़ा ने बताया कि असम में 2016 में 24890 चुनाव केंद्र थे, इस बार 33530 बूथ होंगे। तमिलनाडु में 2016 में 66007 चुनाव केंद्र थे, 2021 में 88936 होंगे। केरल में पहले 21498 चुनाव केंद्र थे, अब 40771 होंगे। पश्चिम बंगाल में 2016 में 77413 पोलिंग बूथ थे, इस बार 101916 होंगे।

### जीएसटी-तेल कीमतों के खिलाफ भारत बंद

# कुछ में दिखा असर, कुछ में बेअसर रहा

### करीब आठ करोड़ कारोबारियों ने बंद को समर्थन दिया

एजेंसी। मुंबई

**ई-वे** बिल, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें और गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) को लेकर द कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शुक्रवार को भारत बंद का आह्वान किया था। सड़क परिवहन क्षेत्र की सर्वोच्च संस्था ऑल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य संगठनों ने भी बंद के समर्थन का ऐलान किया था। कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा- शुक्रवार को देशभर में 1500 स्थानों पर धरना दिया जा रहा है। 40 हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठनों से जुड़े करीब आठ करोड़ कारोबारियों ने बंद को समर्थन दिया।

कैट के मुताबिक, पिछले साल 22 दिसंबर और उसके बाद जीएसटी नियमों में कई बदलाव किए गए। इसमें अधिकारियों को बहुत ज्यादा अधिकार दिए गए। अब कोई भी अधिकारी कोई भी कारण लेकर किसी भी व्यापारी का जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर सस्पेंड या कैंसिल कर सकता है। बैंक अकाउंट और संपत्ति भी जब्त कर सकता है। खास बात यह है कि ऐसा करने से पहले कारोबारी को कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। यह कारोबारियों के मौलिक अधिकारों का हनन है।

एक जनवरी से प्रभावी होने वाले नए ई-वे बिल नियम से ट्रांसपोर्ट और कारोबारी फिक्रमंद हैं, क्योंकि ई-वे बिल की लिमिट 100 किलोमीटर से बढ़ाकर 200 किलोमीटर कर दी गई।



### राजस्थान में कारोबारियों ने बंद से दूरी बनाई

**भारत** बंद को कांग्रेस के शासन वाले राजस्थान में कारोबारियों का समर्थन नहीं मिला। यहां बाजार खुले हैं और सामान्य दिनों की तरह काम चल रहा है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की नेशनल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सीमा सेठी ने बताया कि हमने कारोबारियों के फायदे के लिए एक कोशिश की है, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें इसके महत्व का एहसास नहीं हुआ है। इसलिए उन्होंने एकता नहीं दिखाई। अलवर और जोधपुर में बंद का असर है। पूरे प्रदेश में यह 60 फीसद कामयाब रहा है। उत्तर प्रदेश में भारत बंद का बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ा है। ओडिशा में बंद का असर देखा गया है। भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, बालासोर और बेरहामपुर समेत कई शहरों में कारोबारियों ने दुकानें और अपने संस्थान बंद रखे।

दरअसल 2021-22 के बजट में ई-वे बिल के सेक्शन-129 में बदलाव किया गया। इसके मुताबिक यदि बिल में कोई गलती होती है, तो टैक्स और पेनाल्टी दोनों लगेंगी। साथ ही जो टैक्स पहले वापस हो जाता था, वह अब नहीं होगा। यानी अनजाने में अगर छोटी गलती हो जाए तो पेनाल्टी और जुर्माना दो गुना वसूला जाएगा।

सभी स्टेट ट्रांसपोर्ट यूनियंस ने भी नए ई-वे बिल कानून के विरोध में कैट का समर्थन किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट ऑफिस बंद रहे। माल की बुकिंग, डिलिवरी, लोडिंग और अनलोडिंग बंद रही। सभी ट्रांसपोर्ट कंपनियों को सुबह छह से शाम आठ बजे के बीच गाड़ियां पार्क रखने को कहा गया था।

ट्रांसपोर्ट सेक्टर के अलावा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय व्यापारिक संगठनों ने भी बंद का समर्थन किया है। इनमें ऑल इंडिया एफएमसीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन, फेडरेशन ऑफ एल्यूमीनियम यूटेंसिल्स मैन्यूफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन, नॉर्थ इंडिया स्पाईसिस ट्रेडर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया वूमेन एंटेरप्रेनियर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया कम्प्यूटर डीलर एसोसिएशन और ऑल इंडिया कॉस्मेटिक मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन आदि शामिल हैं। जबकि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और भाईचारा ऑल इंडिया ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे।

## आठ चरणों में चुनाव पर ममता बनर्जी ने उठाए सवाल

एजेंसी। कोलकाता

**जैसे** ही पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने 8 चरणों में वोटिंग का ऐलान किया, तो उस पर सूबे की सीएम ममता बनर्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि असम में सिर्फ तीन राउंड में ही वोटिंग होगी।

इसके अलावा तीन राज्यों में एक ही चरण में मतदान होना है, जबकि पश्चिम बंगाल में 8 राउंड में वोटिंग कराई जाएगी। यह गलत बात है। चुनाव आयोग के ऐलान के तुरंद बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आयोग ने एक ही जिले में दो या तीन राउंड में वोटिंग का फैसला लिया है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने बीजेपी के कहने पर आठ राउंड में चुनाव कराने का फैसला लिया है। उन्हें जो बीजेपी ने कहा है, वही किया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि आखिर अन्य राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में भी एक ही राउंड में वोटिंग क्यों नहीं कराई जा रही।



## कोझिकोड़ रेलवे स्टेशन पर 350 डेटोनेटर बरामद

**नई दिल्ली।** केरल में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक महिला पैसेंजर से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। कोझिकोड़ रेलवे स्टेशन पर एक महिला के पास से 100 जिलेटिन की छड़ें और 350 डेटोनेटर बरामद किए गए हैं। इतना विस्फोटक मिलने के बाद बड़े धमाकों की साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता, पर अभी तक अधिकारियों ने इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है।

## वाड्रा ने किया राममंदिर के लिए चंदा देने से इनकार

एजेंसी। जयपुर

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के लिए चंदा देने से इनकार कर दिया है।

उन्होंने कहा कि अगर पहले किसी चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारे के लिए चंदा दिया होगा तो मंदिर के लिए भी दूंगा। यह बात वाड्रा ने मीडिया पर्सन से कही। वाड्रा ने बातचीत में कहा कि मोदी सरकार जब भी मुश्किल में होती है, तब मेरा नाम इस्तेमाल किया जाता है। बेबुनियाद इल्जाम लगाए जाते हैं। मैं कानून में विश्वास करता हूं। कानूनी तौर से जो कार्रवाई होगी, उसमें सब साफ हो जाएगा। मेरे खिलाफ मामला काफी समय से चलता आ रहा है, सबको पता है कि राजनीतिक मामला है, कोई बिजनेस का मामला नहीं है। जो भी डॉक्यूमेंट थे, वे दिए जा चुके, सब सवालों के जवाब दिए जा चुके।



## सिंघू बॉर्डर पर युवा किसान की मौत

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत के सिंघू बॉर्डर पर एक युवा किसान की मौत हो गई। पुलिस जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सिंघू बॉर्डर पर एक किसान की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक किसान की आयु 18 साल है और वह 22 फरवरी को आंदोलन में शामिल हुआ था।

## अंबानी के घर के बाहर मिली संदिग्ध कार, धमकी भरा पत्र बरामद

एजेंसी। मुंबई

**मुकेश** अंबानी के घर के बाहर बृहस्पतिवार रात को एक संदिग्ध कार मिली। इसे लेकर पुलिस को बड़ा सुराग हाथ लगा है। स्कॉर्पियो कार में 20 जिलेटिन छड़ें मिली थीं, जिसके बाद वहां पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस ने कहा कि अंबानी के घर के बाहर जो कार खड़ी की गई थी, वो मुंबई के विकरोली इलाके से कुछ दिन पहले चुराई गई थी। गाड़ी का नंबर क्षतिग्रस्त था, लेकिन कार के असली मालिक की पहचान कर ली है। बता दें, मुकेश अंबानी को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है।

मुंबई पुलिस पीआरओ का कहना है कि कार में जिलेटिन की कुछ छड़ें मिली हैं। जो जिलेटिन मिला है, वो सैन्य-ग्रेड जिलेटिन नहीं है बल्कि व्यावसायिक-ग्रेड है। व्यावसायिक ग्रेड जिलेटिन एक तरह से खुदाई करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने बताया कि कार में मुंबई इंडियंस लोगो के बैग में चिट्ठी मिली है, जिसमें ट्रेलर वाली बात का खुलासा किया गया है। मुंबई इंडियंस आईपीएल की क्रिकेट टीम है, जिसके मालिक मुकेश अंबानी हैं। इस कार में से एक चिट्ठी भी मिली है, जिसने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। चिट्ठी में लिखा है 'ये तो सिर्फ एक ट्रेलर है। नीता भाभी, मुकेश भैया, ये तो सिर्फ एक झलक है। अगली बार सामान पूरा होकर तुम्हारे पास आएगा और पूरा इंतजाम हो गया है।

## जीसेट-1 के प्रक्षेपण की तैयारियों में जुटा इसरो



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) पृथ्वी पर नजर रखने वाले उपग्रह जीसेट-1 के प्रक्षेपण की तैयारियों में जुटा है। इस मिशन को ऐसे समय शुरू किया जाएगा, जब 28 फरवरी को पीएसएलवी-सी 51 मिशन को भी अंजाम दिया जाना है।

जीसेट-1 को जीएसएलवी-एफ 10 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस उपग्रह को पिछले साल पांच मार्च को प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दिया गया था।

# गेहूं-सरसों-सूरजमुखी समेत 6 फसलों को एमएसपी पर खरीदेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ऐलान किया है कि आगामी सीजन में छह फसलों को सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदेगी और 48 घंटे के भीतर किसानों के खातों में रकम आ जाएगी। इन फसलों में गेहूं, सरसों, दलहन और सूरजमुखी के साथ-साथ चना और जौ की फसल को भी शामिल किया गया है। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा, जब जौ की फसल को भी एमएसपी पर खरीदा जाएगा।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राज्य सरकार फसल खरीद सीजन को लेकर पूरी तरह तैयार है। हरियाणा में आगामी सीजन में छह फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाएगी। इन फसलों में गेहूं, सरसों, दलहन और सूरजमुखी के साथ-साथ चना और जौ की फसल को भी शामिल किया गया है।

### जौ पहली बार शामिल

इतिहास में पहली बार होगा जब जौ की फसल को एमएसपी पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों की फसल खरीद के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी और इस बार 48 घंटे में किसानों के खातों में फसल की राशि डाली जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत हर किसान की फसल का एक-एक दाने को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करने का काम किया जाएगा, इसलिए किसानों से अपील है कि वे अपनी फसल का मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जरूर करवाएं, ताकि उनकी फसल एक-एक दाना खरीदा जा सके। उन्होंने कहा कि फसल भुगतान के लिए इस बार किसानों को आई फॉर्म कटने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जैसे ही आढ़ती किसानों का जे-फॉर्म काटेगा, उसके 48 घंटे में किसानों की फसल के भुगतान की राशि की अदायगी कर दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि पिछले सीजन में सरकार ने सदृढ़ व्यवस्थाओं के बीच एक-एक किसान की धान की फसल की खरीद करने का काम किया और खरीदी गई फसल का समय पर भुगतान किया गया। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में पहले भी काम किया है और आगे भी किसान हितैषी कार्य जारी रहेंगे।

### बजट में 36 बिरादरी का हित होगा : दुष्यंत चौटाला

**बजट** को लेकर बोलते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 बिरादरी के हित तथा युवाओं से लेकर बुजुर्गों के मान-सम्मान को ध्यान में रखकर बजट पेश होगा। इसके साथ-साथ बजट में प्रदेश के इंफ्रास्टक्चर को सुदृढ़ बनाने के लिए काम किया जाएगा। सरकार द्वारा विभागीय बैठकें कर सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे को मजबूत करने वाला मॉडल बजट पेश होगा, जिसमें सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 27 फरवरी 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## बचाव के नियमों का पालन करके ही हम दे सकते हैं कोरोना को मात : शशि बाला

*कोरोना की वजह से हुए लॉकडाउन के प्रभाव हमें देखने को मिल रहे है। कोरोना का सबसे ज्यादा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ा हैं। आगे भी स्कूल बंद रहा तो बच्चे कई साल पिछड़ सकते हैं। कोरोना वायरस की वजह से हम आम जीवन तो नहीं रोक सकते। वर्तमान स्थिति में हमें कोरोना के साथ जीते हुए अपने जरूरी काम भी करने होंगे। ऐसे में हमें वायरस से अपनी सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करना होगा। यह कहना है नव ज्योति पब्लिक स्कूल की प्रिंसीपल शशि बाला तोमर का। वे जरूरतमंद बच्चों की लगातार मदद भी करती रहती हैं।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और शशि बाला तोमर की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

**नाम** : शशि बाला तोमर
**जन्मदिन** : 29 मई 1957
**पिता** : पंजाब सिंह
**माता** : राममूर्ति
**पति** : यशपाल तोमर
**परिवार** : बेटे विवेक तोमर व डॉ. आशीष तोमर
**स्कूल** : 10 वीं - गोवर्नमेंट स्कूल, फिरोजपुर, पंजाब
**उच्चशिक्षा** : बीए, डबल एमए, बीएड
**रुचि** : शिक्षा का प्रसार

● **सवाल : शिक्षक का पेशा आपने किसकी प्रेरणा से अपनाया।**

**जवाब :** मुझे बच्चों से काफी लगाव था। वैसे भी शिक्षक के पेशे में सम्मान के साथ-साथ समाज की सेवा करने का मौका भी मिलता है। इसलिए मैंने शिक्षक बनने का फैसला लिया था।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** मेरा बड़ा बेटा विवेक बदरपुर स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ता था। मैंने शुरू में इस स्कूल में एक साल पढ़ाने का काम किया था।

● **सवाल : आपने अपने स्कूल की शुरुआत कब और कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1988 में दिल्ली के संगम विहार में किराए की जगह लेकर नव ज्योति पब्लिक स्कूल की शुरुआत की थी। पहले साल स्कूल में मात्र 50 बच्चे थे, लेकिन इस दौरान हम बच्चों पर खास ध्यान देते थे। जिसके कारण धीरे-धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती चली गई। वर्तमान में स्कूल में 700 से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं।

● **सवाल : आप स्कूल में आने वाले जरूरतमंद बच्चों की कैसे मदद करते हैं।**

**जवाब :** इस इलाके में सबसे कम फीस में हम गुणवता शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। गरीब तबके के बच्चों को फीस में छूट दी जाती है। साथ जरूरत पढ़ने पर हम बच्चों को नि:शुल्क भी पढ़ाते हैं।

● **सवाल : लॉकडाउन के दौरान आप जरूरतमंदों की कैसे मदद कर रहे थे।**

**जवाब :** कोरोनाकाल में हमने ऑनलाइन पढ़ने के बावजूद बच्चों की दो महीने की फीस छोड़ दी थी। हमने अभिभावकों पर फीस का दबाव कभी नहीं डाला। साथ ही स्टॉफ और आसपास के जरूरतमंदों की हर सम्भव मदद की।

● **सवाल : लॉकडाउन में फीस न आने के बावजूद स्टाफ को कैसे वेतन दे रहे थे।**

**जवाब :** हमने अपने टीचर्स और स्टाफ को पूरा वेतन लगातार दिया है। आर्थिक समस्या होने पर भी हमने किसी को काम से नहीं निकला।

● **सवाल : ऑनलाइन पढ़ने के दौरान बच्चों को किस तरह की गतिविधियां करा रहे थे।**

**जवाब :** ऑनलाइन पढ़ाने के दौरान हमने बच्चों का मानसिक तनाव दूर करने के लिए मॉडर्न साइंस पढ़ाने के साथ बच्चों के लिए ड्राइंग, गायन, नृत्य और अन्य कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए थे।

● **सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** हमें मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता नियमों का दृढ़ता के साथ पालन करते हुए अपने सभी जरूरी काम करने होंगे।

● **सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहती हैं।**

**जवाब :** ऐसे लोगों को अभी भी जागरूक करने की जरूरत है। हम बिना मास्क के किसी को भी स्कूल में प्रवेश नहीं देते। आने वालों को नियमों के प्रति जागरूक करते हैं।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने बिल्कुल ठीक समय पर लॉकडाउन किया था। यदि इसमें जरा भी देरी करते तो वायरस काफी बुरी तरह फैल सकता था।

**शहर का तापमान**

● अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
● न्यूनतम 17.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में रक्तदान शिविर : सुबह 10 बजे
- सेक्टर-11 स्थित डीपीएस स्कूल में मैच का शुभारंभ : दोपहर 3 बजे
- सीकरी स्थित नेशनल हाईवे 19 पर बने फ्लाई ओवर का उद्घाटन : सुबह 10 बजे
- मंत्री दिखाऐंगे 10 बसों को बल्लभगढ़ से हरी झंडी : सुबह 11 बजे

**निवेश गुरु**

**कई** निवेशकों की शिकायत होती है कि उन्हें म्यूचुअल फंड में निवेश करने के बाद नुकसान उठाना पड़ा है। अगर आपने भी म्यूचुअल फंड में निवेश किया है तो आपको भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपको नुकसान नहीं हो। महिंद्रा मैन्युलाइफ म्यूचुअल फंड के सीईओ आशुतोष विश्नोई ने कहा, आपको म्यूचुअल फंड में निवेश करने के वक्त तीन बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। आपके निवेश की अवधि क्या है, आप कितना जोखिम उठा सकते हैं और आपके निवेश का लक्ष्य क्या है। तीन बातों का ध्यान रखते हुए लालच से बचकर म्यूचुअल फंड में निवेश करेंगे तो आपको नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा।

**यूटीलिटी न्यूज**

### छात्र परिषद का गठन

**फरीदाबाद।** संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वर्ष 2020-21 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए पदाधिकारियों को उनके चयन पर बधाई दी। विद्यार्थी एवं उनके कल्याण अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्र परिषद से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डॉ. अनुराधा पिल्लई भी उपस्थित थे। छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वे विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता और बेहतरी के साथ-साथ विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना सहयोग देंगे।

**क्विक न्यूज**

### भीषण परिस्थितियों में भी नहीं मानी हार

**फरीदाबाद।** कोविड-19 के दौरान सत्र 2020-21 में सम्पूर्ण विश्व नई चुनौतियों से जूझ रहा था। ऑनलाइन शिक्षा भारतीय विद्यालयों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती थी, जिस पर हमने विजय पाई। इसी चुनौती से लड़ते हुए एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपनी ऑनलाइन शिक्षा के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को भी जारी रखा। विद्यालय के शिक्षक निरंतर छात्रों से जुड़े रहे, उनके निर्देशन में छात्रों ने भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक, प्रेरक गतिविधियों में भाग लिया। अपने विद्यालय से इतर, अन्य विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और विभिन्न पुरस्कार जीते।

# मेयर ने नगर निगम अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

## सीएम से टॉयलेट घोटाले की जांच विजिलेंस से कराने की मांग की

**राजेश दास।** फरीदाबाद

सिटी इश्यू



**नगर** निगम अधिकारियों पर आए दिन लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप और शहर में व्याप्त समस्याओं को देखते हुए आम जनता का विश्वास तो पहले ही उठ चुका है। अब तक आम जनता के साथ पार्षद ही निगम अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन अब शहर की प्रथम नागरिक एवं नगर निगम की मेयर सुमन बाला का भी अधिकारियों से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। जिसके कारण उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिख कर शहर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत आए अनुदान राशि का दुरुपयोग करने की जांच स्टेट विजिलेंस से कराने की मांग की है। इस घोटाले की जांच स्टेट विजिलेंस से कराने की मांग इसलिए भी की गई हैं, क्योंकि अब तक निगम अधिकारियों से कराई जाने वाली जांच के आज तक परिणाम नहीं आए। दर्जनों जांच लंबित पड़ी हुई हैं। यदि कोई जांच पूरी भी हो जाए तो उसके आधार पर संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। मेयर ने पत्र में निगम अधिकारियों पर स्पष्ट आरोप लगाया है कि टॉयलेट निर्माण के दौरान अधिकारियों ने लापरवाही बरतने के साथ-साथ जमकर घपलेबाजी की है। उन्होंने मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### अधिकारियों पर नहीं भरोसा

**नगर** निगम में निगमायुक्त के अलावा एक अतिरिक्त निगमायुक्त, तीन संयुक्त आयुक्त, दो चीफ इंजीनियर और दो एसई स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं, लेकिन आम जनता और पार्षदों के साथ-साथ अब मेयर सुमन बाला का भरोसा भी निगम अधिकारियों से उठ चुका है। क्योंकि इससे पहले भ्रष्टाचार के कई मामलों की जांच निगम अधिकारियों को सौंपी जा चुकी है, लेकिन इनमें से ज्यादातर जांच कभी सिरे नहीं चढ़ती। मामलों को दबाने के लिए जांच को लंबे समय तक लंबित रखा जाता है। इस दौरान या तो संबंधित अधिकारी रिटायर हो जाता है या फिर उसे पदोन्नति मिल जाती है। भ्रष्टाचार के ऐसे दर्जनों मामलों की जांच फाइलों के नीचे दबी हुई है। पिछले दिनों बिना काम के 50 करोड़ रुपये का भुगतान करने का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच तत्कालीन चीफ इंजीनियर ठाकुरलाल को सौंपी गई थी। उन्होंने जांच की तो मामला 200 करोड़ पर पहुंच गया। इस मामले में आगे कोई कार्रवाई होती, इससे पहले ही चीफ इंजीनियर ठाकुर लाल का यहां से तबादला कर दिया गया। उनके जाने के कुछ समय बाद तत्कालीन निगमायुक्त डॉ. यश गर्ग का भी तबादला हो गया।

### सरकारी धन का दुरुपयोग



**स्वच्छ** भारत मिशन के तहत शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भी सरकार ने योजना बनाई थी। उस दौरान लोगों को नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जाना था, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। शहर में कहीं नुक्कड़ नाटकों का आयोजन नहीं किया गया। जबकि अधिकारी इस काम के लिए एक एजेंसी को एक करोड़ रुपये का भुगतान करने के दावें कर रहे हैं। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त करने की योजना थी। जिसके तहत नगर निगम के सभी वार्डो में जेसीबी मशीनों की मदद से व्यापक स्तर पर सफाई का काम करवाना था। लेकिन निगम अधिकारियों ने इस योजना के तहत किसी वार्ड में विशेष सफाई अभियान नहीं चलाया। बिना सफाई का काम करवाए निगम अधिकारियों ने एक एजेंसी को एक करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। मेयर का आरोप है कि इस तरह से निगम अधिकारी सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

### बड़े पैमाने पर घोटाला

**नगर** निगम की मेयर सुमन बाला पिछले दिनों स्थानीय लोगों की शिकायत पर शहर में बनाए गए टॉयलेटों की जांच के लिए गई तो हैरान रह गई। निगम अधिकारियों ने टॉयलेटों का निर्माण तो करवा दिया। लेकिन इनमें सीवर और पानी के कनेक्शन नहीं थे। इस दौरान मौके पर मौजूद एसडीओ सुरेंद्र खट्टर ने उल्टा मेयर के साथ दुर्व्यवहार कर दिया था। हालांकि मेयर की शिकायत पर एसडीओ को निलंबित तो कर दिया गया है, लेकिन मेयर ने शहर में हुए टॉयलेट घोटाले जांच कराने का फैसला लिया है। मेयर ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में पब्लिक टॉयलेट बनवाने के लिए 12 करोड़ रुपये की गांट आई थी। जिससे शहर में टॉयलेटों का निर्माण करवाया गया है। इन टॉयलेटों के निर्माण घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया गया है। पानी और सीवर के कनेक्शन न होने से इनका उपयोग नहीं हो पाया है और यह बुरी तरह जर्जर हो चुके हैं। वहीं जितनी संख्या में टॉयलेट बनाने के दावें किए गए है, मौके पर काफी कम संख्या हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से घपला हुआ है।



# तनाव रहित परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को किया मोटिवेट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार फरीदाबाद में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाओं की बेहतर और तनाव रहित तैयारी के लिए सीबीएसई पैनलिस्ट और सुप्रसिद्ध मोटीवेटर और तमसो मा ज्योतिर्गमय संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट तरुण शर्मा द्वारा विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए।

प्री एग्जाम टिप्स मोटीवेशन प्रोग्राम के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि प्री बोर्ड परीक्षाओं में अब केवल दो ही कार्य दिवस बचे हुए है एक मार्च से प्री बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो रही हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने मोटीवेशन कार्यक्रम में बच्चों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे कोरोना के प्रति सतर्कता रखते हुए और शिक्षा विभाग द्वारा दी गई गाइड लाइंस का अनुपालना करते हुए सकारात्मक सोच के साथ अपने सिलेबस को बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर दोहराएं। इसी उद्देश्य को लेकर उत्प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोटीवेटर तरुण शर्मा ने छात्राओं से कहा कि वे अपने शब्दकोश से असंभव शब्द को निकाल दे क्योंकि असंभव कुछ भी नहीं है। किसी भी तरह के तनाव को अपने पर हावी न होने दें, किसी भी प्रकार की असफलता का डर तनाव की स्थिति ला देता है।

आप अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और लक्ष्य को हमेशा आखों से ओझल न होने दें हमेशा लक्ष्य को प्राप्त करने के गंभीर प्रयास करते रहें, आप की सफलता पर जो भी संदेह करें उस पर आप बिल्कुल भी ध्यान न दें और दृढ़ता से लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास और परिश्रम करते रहें। किसी भी समस्या के बारे में अपनी मम्मी, पापा और अध्यापकों व प्राचार्य को तुरन्त बता कर समाधान करें। किसी भी प्रॉब्लम को अपने आप पर हावी न होने दें। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने मोटीवेटर तरुण शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिश्रम और समर्पण से परीक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त करना कठिन कार्य नहीं है। प्राचार्य ने इस आयोजन के लिए जसनीत कौर सहित कविता, शिवानी, शिवम, निशा, नविता, मनीषा सहित सभी अध्यापकों का और छात्राओं का कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए आभार व्यक्त करते हुए परीक्षाओं की बेहतर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में 208 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**फरीदाबाद।** उतप्रवर्तक पंडित रतनआनंद मुनि जी महाराज के साधिन्य में एसएस जैन सभा प्रबंधक कमेटी, आचार्य रघुनाथ जी मेमोरियल ट्रस्ट में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन आनंद मुनि महाराज के 57वें संयम वर्ष में प्रवेश पर किया गया। जिसमें फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद व रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल ने सहयोग किया। जिसमें 208 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। रक्त रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद की टीम द्वारा एकत्र किया गया जो थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को आने वाले समय में नि:शुल्क दिया जायेगा। इस कैंप का उद्घाटन सुनील कुमार जैन द्वारा रिबन काट कर करवाया गया। कैंप के आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं बाबा स्वामी दयाल सेवा संघ, जिला ताइक्वांडों खेल संघ, दादरी व्यापार मंडल यूनिट 32, ग्वाला सेवा दल, अग्रवाल संघ, युवा जागृति संगठन, जय मां दुर्गा, सुदेश वर्मा, दीपक प्रशाद, मुकेश अग्रवाल, सतीश गोसाईं, मुकेश जैन, डॉ. प्रहलाद का सहयोग रहा। जिसके लिए फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा और संस्थापक महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने सभी का धन्यवाद किया।

### रावल अकादमी ने जीता आठ विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** प्रथम वान्या अंडर 11 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच शुक्रवार को खेला गया। यह मैच पाली स्थित वान्या क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। मैच रावल क्रिकेट अकादमी और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें वर्षा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया है। वर्षा अकादमी ने बैटिंग करते हुए 30 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। जिसमें निखिल ने 41 रन, हिमांशु ने 22 रन बनाए। रावल के गेंदबाज निहाल तिवारी, लक्ष्य डागर, कुशाग्रा पुरी ने एक-एक विकेट लिया। रावल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए और यह मैच आठ विकेट से जीत लिया। जिसमें विराट त्यागी ने सर्वाधिक 61 रन, उमंग ठाकुर ने 43 रन बनाए। वहीं वर्षा अकादमी के निखिल और दिवाकर ने एक-एक विकेट लिया। अंत में मैन आफ द मैच विराट त्यागी को दिया गया।

### स्कूल एसोसिएशन ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत



**फरीदाबाद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल प्रेजिडेंट रमेश डागर, सेक्रेटरी गौरव पराशर एवं प्रवक्ता दीपक यादव के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का बुके भेंट कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। रितु चौधरी पहले जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने के कारण उन्हें पदोन्नत कर जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी को शुभकामनाएं दीं। प्रेजिडेंट रमेश डागर, सेक्रेटरी गौरव पराशर एवं प्रवक्ता दीपक यादव ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी का आज स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ कई अन्य विषयों पर बातचीत भी हुई। एसोसिएशन को पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार रितु चौधरी जी ने जिला मौलिक अधिकारी के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं विभाग को दीं उसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में उनका यह कार्यकाल भी उल्लेखनीय और सफल होगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में पदाधिकारियों के अतिरिक्त शिक्षाविद् शिव कुमार, महेश मित्तल, कृष्ण पांचाल, अरुण बेनीवाल, गुलाब सिंह, आरके शर्मा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता में जिले ने जीते दो पदक



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी और जिला एथलेटिक्स संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नवदीप खेल परिसर नरवाना जींद में दो दिवसीय महिला और पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक संघ जीद के सचिव कुलदीप अहलावत ने कराया। राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय एथलेटिक महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा किया गया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पुरुष वर्ग में गौरव चौहान ने 7 मीटर 21 सैंटीमीटर की लम्बीकूद लगाकर लम्बीकूद इवेंट में स्वर्ण पदक विजेता बनकर जिले का मान बढ़ाया। महिला वर्ग 400 मीटर दौड़ में रजनी नागर ने 56 सेकेंड 68 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता के लिये फरीदाबाद जिले से अनु कुमारी भाटी को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया। जिला संघ सचिव ओमवीर सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ उपप्रधान अमर पांचाल, प्रतियोगिता निदेशक वीरेंद्र बिधुडी, कोच साजिद हुसैन, हरिसिंह शारीरिक अध्यापक और घनश्याम ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**शनि ग्रह पीड़ा से संबंधित - माइग्रेन से निजात पाने के लिए हरि Om बीजमंत्र संग आकाश मुद्रा अभ्यास!**



**माइग्रेन का कारण :** आयुर्वेदानुसार माइग्रेन की समस्या का मुख्य कारण, शरीर में आकाश तत्व की कमी के कारण उत्पन्न होने वाला असंन्तुलन है तो ज्योतिषानुसार - शनि ग्रह दोष से उत्पन्न पीड़ा!

**उपाय : माइग्रेन के कारक** - शनि ग्रह से संबंधित आकाश तत्त्व को संतुलित करने के लिए आकाश हस्त मुद्रा अभ्यास से - माइग्रेन से निजात पाई जा सकती है!

**आकाश मुद्रा निर्माण एवं समयावधि :** दोनों हाथों से आकाश तत्व एवं शनि ग्रह से सम्बंधित मध्यमा अंगुलियों को टिप्स को अग्नि तत्व से सम्बंधित अंगुष्ठों की ऊपरी टिप्स संग मिला कर रखने से - आकाश मुद्रा बनती है!

माइग्रेन के स्थायी उपचार हेतु, आकाश मुद्रा अभ्यास 20/25 मिनट, पूर्ण लाभ प्राप्ति तक सुबह शाम करना चाहिए!

**विशेष :** अध्यात्मयोग में, HARI OM मंत्र को एक SPECIFIC पीड़ाहरण मन्त्र माना गया है!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोटः** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

# रौब जमाने को खरीदा था देसी कट्टा, दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान की टीम ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में आरोपी सागर उर्फ हुड्डा को गुप्त सूत्रों की सहायता से गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा व एक कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने दोस्तों में रौब जमाने के लिए मथुरा से किसी अनजान व्यक्ति के पास से 3000 रुपये में कट्टा लेकर आया था। आरोपी को गुप्त सूत्रों की सहायता से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आरोपी सागर उर्फ हुड्डा पुत्र अनिल फरीदाबाद के आदर्श नगर का रहने वाला है जिसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# बैंक ने मृतक महिला की कर दी पॉलिसी, परिजन भटक रहे

कविता। फरीदाबाद

**एक** सरकारी बैंक की कार्यशैली की वजह से शहर के अनेक लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। एसी नगर में गत 20 जनवरी को मृत घोषित हुई एक महिला की बैंक की तरफ से 10 फरवरी को एक लाइफ इंश्योरेंश शुरू कर उनके खाते से पैसे निकाल लिया गया।

पॉलिसी शुरू करने के बाद परिजनों के मोबाइल पर 11 फरवरी को संदेश भी भेज दिया। जबकि परिजनों ने महिला के मृत होने की सूचना बैंक को इससे कई दिनों पहले ही देकर खाते को बंद करने के लिए आवेदन किया था। ऐसे में महिला के खाते से पॉलिसी के पैसे कटने का संदेश आने पर परिजन बैंक पहुंचे तो उन्हें वहां पिछले 15 दिनों से चक्कर कटवाये जा रहे हैं।




### ये है पूरा मामला

**एसी** नगर निवासी एमएफ खान ने बताया कि उनकी माता अजीजा खातून का निधन गत 20 जनवरी को हो गया था। जिसकी सूचना उन्होंने बैंक एक सप्ताह बाद दे दी थी। लेकिन उनकी मौत का प्रमाण पत्र नगर निगम से 29 जनवरी को मिला था।

उन्होंने बताया कि उनकी मां की मौत के बाद वह व्यस्त हो गए। जिस पर उनकी बहन ने मां की बैंक में जाकर जानकारी दी थी, लेकिन नीलम बाटा रोड स्थित एक सरकारी बैंक की तरफ से 11 फरवरी को एक संदेश भेजा गया कि मृतका अजीजा खातून की जीवन बीमा पॉलिसी कर दी गई है। जिसके लिए उनके बैंक एकाउंट से एक हजार रुपये कटे है। संदेश पढ़कर उनके होश उड़ गए कि उन्होंने तो किसी तरह की कोई पॉलिसी नहीं कराई। बैंक में पहुंचे तो वहां सभी ने एक-दूसरे पर टाल दिया।

### नहीं हो रही सुनवाई

**एमएफ** खान ने बताया कि बैंक में उन्होंने अपनी मृतक मां का प्रमाण पत्र और बैंक की कॉपी तक दिखाई, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि जब वह बैंक में पहुंचे तो वहां इस तरह के पीड़ित करीब एक दर्जन भर लोगों की भी यही शिकायत थी कि उनकी पॉलिसी कर दी है। जबकि इनमें से किसी भी व्यक्ति ने बैंक से पॉलिसी करने के लिए कहा ही नहीं है। ऐसे में यह लोग पॉलिसी रद्द करवाने के लिए लगातार बैंक के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला ही नहीं है।

# जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने को घर तक जाएंगे : ऋतु चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अभिभावक** और शिक्षकों के परम सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र को गति प्रदान की जा सकती है, क्योंकि समाज के सहयोग से ही शिक्षा के अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उनका मकसद है कि फरीदाबाद को शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश और देश में जाना जाए। यह बात नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जिस तरह लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का प्रयास हुआ है इसी तरह हम शिक्षा के क्षेत्र में लोगों का सहयोग लेकर शिक्षा को उस घर तक पहुंचाने का प्रयास करें जहां बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। इसी के लिए जागरूक करने का कार्य शिक्षकों, अभिभावकों और समाज को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक विकास के बाद भी बेटियों को पढ़ाने में रूढ़िवादिता आड़े आ रही है। जबकि हमें बेटियों पर गर्व है आज बेटियां पढ़-लिखकर समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे बेटियों को पढ़ने से न रोके, क्योंकि शिक्षित महिला परिवार के साथ-साथ समाज को संगठित और विकसित करने में बहुत बड़ा योगदान देती है। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि वे छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि के अनुसार खेल के क्षेत्र में, सांस्कृतिक क्षेत्र में निखारने का कार्य करे, क्योंकि अब इन क्षेत्रों में भी भविष्य को संवारने के रास्ते खुले हैं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे बच्चों को रुचि के अनुसार प्रोत्साहित करे। एक प्रश्न के उत्तर में ऋतु चौधरी ने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षाओं के द्वारा बच्चों को तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए उन्होंने जिला स्तर पर 7 मानिटरिंग कमेठियों का गठन किया है जो बच्चों को बोर्ड की परीक्षाओं में आने वाली परेशानियों से अवगत कराएंगे ताकि परीक्षाओं के समय पर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पेड़। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि जो बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे उन्हें अध्यापक अपने स्कूलों के आस-पास झुग्गी- झोपड़ी, ईंट भट्ठा स्थान, छोटी वर्कशापों में मजदूरी करने वाले लोगों के बच्चे को खोजने का कार्य करें और उन अभिभावकों को समझाकर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें, ताकि जिले को हम शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचा उठा सके। उन्होंने बताया कि शिक्षा के लिए हरियाणा सरकार ने अनेक योजनाएं ऐसी चला रखी है जिनसे बच्चों को सीधा लाभ मिलता है।

# आज ग्रेफ में 10 बसों को दिखाई जाएगी हरी झंडी

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे बल्लभगढ़ बस स्टैंड परिसर से फरीदाबाद मेट्रो पोलियन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा चलाई जाने वाली 10 बसों की हरी झंडी दिखाकर आमजनता की सुगम यातायात सुविधाओं के राना करेंगे।

फरीदाबाद मेट्रो पोलियन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा दी गई। एफएमडीए कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसों के अलग-अलग 10 रूट बनाए गए हैं। यह बसें आमजन की सुविधा के अनुरूप चलाई जाएंगी। ये बसें गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी की तर्ज पर ही चलाई ही फरीदाबाद में चलाई जा रही है। बसों के विधिवत शुभारंभ के अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक एवं चेयरमैन हरियाणा भण्डारण निगम नयनपाल रावत, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर और विधायक नीरज शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इनमें पहला रूट एनआईटी से बाटा मेट्रो स्टेशन वाया हार्डवेयर चौक, डबुआ कॉलोनी, मुला चौक, बीके चौक। दूसरा रूट बदरपुर बॉर्डर से बल्लभगढ़ बाईपास रोड वाया सेक्टर-37, पल्ला चौक, सेक्टर-30, खेड़ी पुलिस स्टेशन, सेक्टर-14, सेक्टर-15, सेक्टर-12, सेक्टर-7, सेक्टर-8, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 होते हुए चलेगी।

# राहुल तेवतिया ने किया जिले का नाम रोशन: लखन सिंगला



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### सिंगला ने राहुल के पिता को दी बधाई, पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने भी दूरभाष पर दी बधाई

**उभरते** ऑल राउंडर क्रिकेटर राहुल तेवतिया का इंगलैड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है। अपने चहेते युवा क्रिकेटर को बधाई देने के लिए तेवतिया के निवास पर लोगों का तांता लगा हुआ है।

शुक्रवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला अपने साथियों सहित उनके सीही गांव स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर उनके पिता एडवोकेट केपी तेवतिया को बुके भेंट कर बधाई दी। इस दौरान सिंगला ने राहुल के पिता केपी तेवतिया की हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी दूरभाष पर बात करवाई और हुड्डा ने भी राहुल तेवतिया के टीम इंडिया में हुए सलेक्शन पर उन्हें बधाई दी और राहुल के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर लखन कुमार सिंगला ने केपी तेवतिया का मुंह मीठा कराते हुए कहा कि राहुल तेवतिया के टीम इंडिया का सदस्य बनने से पूरे फरीदाबाद का नाम देश में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत के दम पर इंगलैड के खिलाफ होने वाले टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होकर राहुल ने फरीदाबाद के क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है और उन्हें उम्मीद है कि यह युवा ऑलराउंडर बल्ले और अपनी घातक गेंदबाजी से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में बेहतर खेल नीति का ही परिणाम रहा कि नए-नए खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिला और उन्होंने जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया।

# स्लम बस्ती के बच्चों के साथ मनाया बाल सुरक्षा सप्ताह



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** एवम अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के मार्गदर्शन में परिषद द्वारा बाल सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसका समापन 26 फरवरी को नहर पार भारत कॉलोनी के स्लम क्षेत्र के बच्चों के साथ मनाया।

समारोह के मुख्य अथिति जितेन्द्र कुमार उप मंडल अधिकारी फरीदाबाद रहे। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेन्द्र मलिक ने बताया कि यह कार्यक्रम राहुल कॉलोनी, सुतेही गांव में स्थित भटो, दशहरा ग्राउंड एनआईटी, बाटा पुल व भारत कॉलोनी आदि शहर के स्लम इलाकों में जरूरत मंद लगभग 1000 बच्चों को सुरक्षा, सतर्कता और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने के लिए जिला बाल कल्याण परिषद की और से जागरुकता अभियान एक सप्ताह के लिए चलाया। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि बाल सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व स्वच्छता पर जागरूक करना मुख्य मकसद है और उन्होंने जिला बाल परिषद द्वारा किये कार्य की सहराना की और कहा कि वास्तव में यहां इन बच्चों को जगरूक करना अति आवश्यक है।

# तीन लावारिस बच्चों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** बस स्टैंड पुलिस चौकी की टीम ने लावारिस हालत में मिले तीन बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाकर उनकी खुशियां वापस लौटाने में अहम भूमिका निभाई है। गश्त के दौरान एएसआई भूपिंदर व उनकी टीम को बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास तीन बच्चे लावारिस हालत में मिले। तीनों बच्चों में एक लड़की और दो लड़के थे। लड़की की उम्र करीब 10 साल और दोनों लड़कों की उम्र 3-4 वर्ष थी। बच्चे मन के चंचल होते हैं और उन्हें सही-गलत की समझ नहीं होती।

बच्चे लालच में आकर किसी गलत व्यक्ति के हाथ न लग जाएं इसलिए उन्होंने बच्चों से उनके परिजनों के बारे में पूछताछ की परंतु बच्चे कुछ भी बताने में असमर्थ थे। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा आसपास के लोगों से बच्चों और उनके परिजनों के बारे में पूछताछ की गई परंतु आसपास के लोगों में किसी को भी बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम बच्चों को अपने साथ पुलिस चौकी में ले आई और इसकी सूचना चौकी प्रभारी को दी। चौकी प्रभारी ने बच्चों को प्यार से अपने पास बैठाया और उन्हें फल खिलाए ताकि बच्चे उनके साथ घुल-मिल जाएं और उनके परिजनों के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त हो सके। काफी समय बच्चों के बातचीत करने के बाद 10 वर्षीय लड़की ने अपने परिजनों का फोन नंबर चौकी प्रभारी को दिया जिस पर संपर्क करके बच्चों के परिजनों को उनके बच्चों के बारे में सूचना दी गई। तिगांव निवासी बच्चों के पिता अपने बच्चों को लेने पुलिस चौकी आए और बताया कि वह अपने काम पर चला गया था और उसकी पत्नी दवाई लेने के लिए सीकरी चली गई थी। इसके साथ ही बच्चों की दादी भी बच्चों को 10-10 रुपए देकर आधार कार्ड लेने घर से बाहर चली गई। परिजनों के बाहर जाते ही बच्चे भी अपनी नानी के घर जाने के लिए ऑटो में बैठ कर निकल गए जिसे पुलिस टीम ने उनकी सुरक्षा हेतु अपने पास रख लिया।

# सिपाही ने गुम हुआ मोबाइल लौटा दिखाई ईमानदारी



**फरीदाबाद।** परिस्थितियां चाहे कैसे भी हो परंतु जब इंसान इमानदारी का रास्ता चुन लेता है तो लालच रूपी बड़ी से बड़ी चुनौतियां उसके सामने घुटने टेक देती हैं। ईमानदारी का ऐसा ही परिचय दिया है पुलिस चौकी सेक्टर 15 में कार्यरत सिपाही कुलदीप ने। बृहस्पतिवार की शाम जब सिपाही कुलदीप अपनी चौकी के बाहर सड़क पर गश्त कर रहे थे तो उन्हें रास्ते में सड़क पर गिरा हुआ एक मोबाइल दिखाई दिया। सिपाही ने फोन उठाया और देखा तो मोबाइल स्विच ऑफ हो चुका था। पुलिसकर्मी ने आसपास के लोगों से इसके मालिक के बारे में पूछताछ की परंतु किसी को उसके मालिक के बारे में पता नहीं था। पुलिसकर्मी ने मोबाइल फोन ऑन परंतु मोबाइल ऑन नहीं हो सका तो सिपाही ने उसकी सिम दूसरे मोबाइल में डाल दी ताकि कोई उस पर संपर्क करने की कोशिश करें तो उन्हें मोबाइल के बारे में बताया जा सके।

# टॉयकाथॉन में जेसी बोस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम ने केन्द्र सरकार द्वारा टॉयकाथॉन -2021 में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली है। विद्यार्थियों के दो अभिनव विचारों को प्रतियोगिता में अंतिम चरण के लिए शार्टलिस्ट किया गया है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी है और ग्रैंड फिनाले के लिए टीम को शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रतिभावान विद्यार्थियों को हरसंभव प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कंप्यूटर इंजीनियरिंग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष प्रो अतुल मिश्रा, इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष प्रो. लखविंदर सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सपना गंभीर और संयोजक डॉ. पारुल तोमर भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत टॉयकाथॉन -2021 को भारतीय सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाओं और लोकाचार पर आधारित टॉय एंड गेम्स की अवधारणा पर डिजाइन किया गया है। यह एक अंतर-मंत्रालयीय पहल है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, महिला और बाल विकास मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समर्थन से शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आयोजित की जा रही है।

विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के छह छात्रों की टीम वंडर जोन जिसमें टीम लीडर खुशी गुप्ता के अलावा महक यादव, अनन्या, अभिनव कुमार, हार्दिक मेहता और केशव शामिल हैं, ने टॉयकाथॉन -2021 में भारतीय संस्कृति और शिक्षा से संबंधित खिलौनों पर अपने इनोवेटिव आइडिया दिये थे। टीम के इनोवेटिव आइडिया दो खिलौनों को लेकर है, जिसमें एक 11 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बोर्ड गेम तथा दूसरा 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित एक गेम है। खेलों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, भारत के ज्ञान और लोकाचार को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और विकसित किया जायेगा। अब, टीम ग्रैंड फिनाले के लिए व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए अपने विचारों पर काम करेगी।

# कोरोना : 8 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46473

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे है। शुक्रवार को 8 मरीज सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 46473 पर पहुं गया। 8 पॉजिटिव मरीजों में दो ग्रीन फिल्ड कालोनी से, दो सेक्टर-14 से, तीन सेक्टर-86 से और एनएचपीसी कालोनी से एक मरीज शामिल रहा।

वहीं दूसरी तरफ राहत की बात यह रही कि जिले में 11 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया। शुक्रवार को जिले में 1538 सैम्पल लिए गए। वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को 812 को वैक्सीन लगाई गई। जिसमें प्रथम डोज 131 को और दूसरी डोज 681 लोगों को लगाई गई।



### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांचें | : 538494 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46473 |
| अब तक नेगेटिव | : 490979 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1042 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| वैंटीलेटर पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 416 |
| अब तक ठीक | : 45992 |
| जिले में एक्टीव केस | : 65 |

## संक्षिप्त समाचार

### उपाध्यक्ष बनने पर लखमीचंद ने गुर्जर का जताया आभार



**फरीदाबाद।** गांव महमद पुर विधानसभा पृथला निवासी पंडित एल आर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन लखमीचंद भारद्वाज भाजपा जिला फरीदाबाद के उपाध्यक्ष बनने पर फरीदाबाद सेक्टर 28 स्थित सांसद सेवा केंद्र पर पहुंच कर क्रेंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का धन्यवाद किया। इस मोके पर नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखमी चंद भारद्वाज ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिलाकर आभार वयक्त किया। शुक्रवार को जिला उपाध्यक्ष लखमी चंद भारद्वाज ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर से अपने दर्जनों समर्थकों के साथ मुलाकात की केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद करते हुए लखमी चंद भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा और विश्वास कर जिम्मेदरी दी है उस पर में खरा उतरूंगा और पूरी मेहनत और लगन के साथ निष्ठापूर्वक निर्वहन करुंगा। कृष्ण पाल गुर्जर ने जिला उपाध्यक्ष लखमी चंद भारद्वाज को मिठाई खिलाकर भाजपा जिला फरीदाबाद का जिला उपाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आप पूरी ईमानदारी से पार्टी के लिए कार्य करेंगे। कृष्ण पाल गुर्जर के इस धन्यवाद कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लखमी चंद भारद्वाज के साथ महेन्दर भारद्वाज, दीपचंद भारद्वाज, गौरव भारद्वाज, ईश्वर पन्हेड़ा, जेपी रावत, अजय तंवर, आशीष शुक्ला, उमेश, नीरज गुप्ता मोहना, अमित रावत के अलावा दर्जनों समर्थ सांसद कार्यालय पर पहुंचे।

### कोविड विस्थापितों के लिए लोन शिविर आज

**फरीदाबाद।** एलडीएम डॉ. अल्भ्य मिश्रा ने बताया कि जिला उपायुक्त एवं आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद यशपाल के मार्गदर्शन में प्रथम कैंप का आयोजन नगर निगम कार्यालय में 27 फरवरी को सुबह 10 से किया जायेगा। जिसमें नगर परियोजना अधिकारी तथा जिला के समस्त बैंकों के लोन अधिकारी भाग लेंगे। इन कैंपों में आवेदकों की लोन से संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करवा कर आगामी तीन दिवस के अंदर ऋण वितरण करेंगे। एलडीएम डॉ. अल्भ्य मिश्रा ने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड-19 में विस्थापित रेहड़ी पटरी वालों के पुन: व्यापार करने के लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का आरम्भ किया गया है। जिसके अंतर्गत रेहड़ी पटरी/फड़ी वालों को दस हजार रुपये की धनराशि का लोन बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है। यह लोन 7 प्रतिशत की ब्याज की छूट (इंटरेस्ट सब्वेंशन) तथा डिजिटल माध्यम को बढ़ावा देने के लिए 100 प्रति माह का विशेष अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उपायुक्त यशपाल के दिशा निर्देशों पर बैंकों को निर्देश दिए कि है कि अगले तीन शनिवार 27 फरवरी, छह मार्च ओर 13 मार्च को जिला में रेहड़ी पटरी वालों के लोन को स्वीकृत तथा वितरण के लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना मे आवेदित रेहड़ी, फड़ी वालों से अनुरोध है कि अपने रेहड़ी प्रमाणपत्र, एलओ, केवाईसी डॉक्यूमेंट, दो फोटो और पासबुक की फोटोकॉपी के साथ कैंपों में उपस्थित होकर अपनी ऋण संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करवा लें।

### नशे की लत ने बनाया चोर



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी उपनिरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने चोरी के जुर्म में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाहरुख और मासूम हुसैन का नाम शामिल है। आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं और गांजा का नशा करते हैं। नशे की लत के चलते यह चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं और अपने नशे की आपूर्ति करते हैं। आरोपियों के कब्जे से 4000 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। आरोपी शाहरुख पुत्र मौसम खान व आरोपी मासूम हुसैन पुत्र तैयब हुसैन दोनों दिल्ली के जैतपुर के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### मासिक बैठक दो मार्च को



**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने बताया कि जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक दो मार्च को हुडा कन्वेंशन हॉल, सेक्टर-12 में आयोजित की जाएगी। मीटिंग दोपहर 12 बजे शुरू होगी। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे।

### संत कबीर आश्रम में गुरु रविदास जयंती आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने बताया कि जिला स्तरीय गुरु रविदास जयंती समारोह शनिवार 27 फरवरी को सुबह 11.30 बजे संत कबीर आश्रम (संत रविदास मंदिर) बाईपास रोड, नजदीक खेड़ी पुल चौकी, फरीदाबाद में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में पर्यटन विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 12 टीमों ने हिस्सा लिया। देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश के अलग -अलग कॉलेजों से प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज की। इस प्रश्नोत्तरी से जुड़े लगभग सभी कार्यों को विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ही संपन्न किया गया, जैसे कि मंच संचालन, एंकरिंग, समय - निर्धारण, गणना फलक संभालना, प्रश्न पूछना आदि। कार्यक्रम में प्रश्नकर्ता क्विज मास्टर डॉ नीरज सिंह के साथ साथ विभाग के विद्यार्थी भी रहे। प्रश्नोत्तरी में भूगोल तथा पर्यटन विषय से सामान्य प्रश्न पूछे गए। डीएवी महाविद्यालय के प्रांगण में आए प्रतिभागियों ने अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए प्रश्नोत्तरी के आखिरी दौर तक रोमांच बरकरार रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विजय कुमार ने शिरकत की, जो नगर निगम फरीदाबाद में आंचलिक कराधान अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। इस प्रश्नोत्तरी में देशबंधु कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के विद्यार्थियों अभिषेक चौधरी व मोहम्मद सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से प्रिया और मोहित ने द्वितीय तथा इसी क्रम में डीएवी के विद्यार्थियों विशाल कुमार व रवि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभागिता का प्रमाण-पत्र भी दिया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सविता भगत जी ने बाहर से आए प्रतिभागियों व सहयोगी प्राध्यापकों का तहेदिल से धन्यवाद किया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की सफलता पर पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों व आयोजनकर्ताओं को बधाईयां दी व भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया।

Good Morning!

# गुरुग्राम पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 27 फरवरी 2021

• सोहना • ओल्ड • गुरुग्राम • पटौदी • आईएमटी-मानेसर • फर्रूखनगर • भिवाड़ी

ई-पेपर www.pioneerhindi.com



## रोहित की हत्या से घर का चिराग हमेशा के लिए बूझा

**सोहना।** मैनेजर रोहित शर्मा की हत्यारोपी भीमसिंह द्वारा चलाई गई एक गोली ने मां के इकलौते बेटे, पत्नी की माथे का सिन्दूर और ढाई वर्ष की बेटी के ऊपर से पिता का साया छीन लिया। रोहित शर्मा ही पिता की मृत्यु के बाद अपने परिवार का बोझ उठा रहा था।

निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई हाईवे मार्ग पर निर्माण कार्य कर रही एपको इंफ्राटेक कंपनी के साइट मैनेजर रोहित शर्मा की मौत से परिवार का चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित शर्मा मूलरुप से पंजाब के जालंधर निवासी अपने पिता की मौत के बाद से परिवार के लालन-पालन के बोझ को अपने कंधों पर उठाकर चल रहा था।

### बंदूक की गोली से चिराग बूझा

**मैनेजर** रोहित शर्मा के हत्यारोपी भीमसिंह द्वारा दूसरी बार हुए झगड़े के दौरान मारी गई गोली ने घर का चिराग हमेशा के लिए बूझा दिया। भीमसिंह द्वारा रोहित शर्मा के सीने पर मारी गई गोली ने वृद्ध मां का इकलौता चिराग हमेशा के लिए बूझा दिया। घर से सैकड़ों दूर आकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले रोहित शर्मा का बेसब्री से 15 से 30 दिन के बीच में आने का इंतजार करने वाली पत्नी की आंखें अब राह देखती हुई पत्थरा जाएंगी।

## भगत पूर्णमल मंदिर में लगा एक दिवसीय अर्द्धवार्षिक मेला

## 800 वर्षों से भगत पूर्णमल मंदिर है आस्था का केंद्र : सिंगला

### कासन गांव के ऐतिहासिक मंदिर में विधायक ने मत्था टेका

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के गांव कासन में भगत पूर्णमल मंदिर में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते ग्रामीण।

**कासन** गांव के भगत पूर्णमल मंदिर में अर्द्धवार्षिक एक दिवसीय मेला लगा। शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने भगत पूर्णमल मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। साथ ही प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान उनका गांव के सरपंच सत्यदेव शर्मा व अन्य मौजिज लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी रामकिशन गुप्ता, रामअवतार गर्ग बिट्टू, अमित गोयल, योगिता धीर, नरेश बंसल आदि मौजूद रहे। यहां लगने वाले वाषिक मेले में लाखों श्रद्धालु दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं। मंदिर के इतिहास पर चर्चा करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि मंदिर की भव्यता सैंकड़ों वर्षों के बाद आज भी ज्यों की त्यों है। श्रद्धालुओं की तादाद भी यहां हर साल बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का इतिहास 12वीं सदी से जुड़ा है। इतिहास में अंकित है कि बाबा चौरंगीनाथ नौवीं सदी के दौरान इस इलाके में रहा करते थे। उनके बारे में कई चमत्कारिक घटनाएं यहां की लोककथाओं में शामिल हैं।

गांव के सरपंच सत्यदेव शर्मा के मुताबिक इस मेले में आसपास के गांवों से हजारों की तादाद में लोग जमा होते हैं। दूर-दूर के गांवों से आने वाले लोगों की संख्या भी बहुत है। कुछ मेले का आनंद लेने आते हैं तो कुछ मंदिर में आध्यात्मिकता और सुकून का अहसास करते हैं। पहाड़ी की मुश्किल चढ़ाई चढ़कर यहां भक्त पहुंचते हैं।

मंदिर में जिनकी गहरी आस्था है, वे यहां जरूर पहुंचते हैं। यहां मन्नत मांगने वालों की हर मुराद पूरी होती है। श्रद्धा स्वरूप श्रद्धालु यहां मंदिर के अंदर लाल धागा बांधते हैं। फिर एक सफेद कपड़ा टांगते हैं। यहां के पानी और हवा में भी बहुत कुछ मिलता है। यहां त्वचा संबंधी कई बीमारियां भी ठीक होती हैं।

## होडल स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ



होडल सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ करते चेयरमैन नायर।

**कैलाश मंगला। होडल**

### हरियाणा भूमि विकास आयोग के चेयरमैन जगदीश नायर ने काटा फीता

**हरियाणा** भूमि विकास आयोग के चेयरमैन जगदीश नायर और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ब्रह्मदीप ने शुक्रवार को होडल स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर लगभग दस लाख रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डा. चरण गोपाल ने की। कार्यक्रम के शहर के अन्य लोग व स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ मौजूद था।

शुक्रवार को क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की असुविधा को देखते हुए होडल स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ चेयरमैन जगदीश नायर व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ब्रह्मदीप के द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम के इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों व गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अब तक पलवल व अन्य प्राइवेट जगहों पर जाना पड़ता था, लेकिन अब होडल सरकारी अस्पताल में ही गर्भवती महिलाएं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गरीब व गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें सरकारी अस्पताल में नि: शुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि होडल सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ अल्ट्रासोनोलोजिस्ट एवं दो महिला रोग विशेषज्ञ भी नियुक्त किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर डा. प्रशांत पाटिल, डा. रूपा तालुकदार, डा. मोनिका, डा. रवि शास्त्री, डा. अरुण सिंह, मिर्नाल किशोर, रमेश चंद गर्ग, राजकुमार तायल, अधिवक्ता नेहरु प्रधान के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ये कमेरा और लुटेरा वर्ग के बीच लड़ाई

### संयुक्त किसान मोर्चा के वक्ताओं ने युवा किसान दिवस मनाकर कहा

### संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम का अनिश्चितकालीन धरना 61वां दिन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में तीन अध्यादेश के विरोध में धरने पर बैठे लोग।

**तीन** अध्यादेश के खिलाफ यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम ने शुक्रवार को युवा किसान दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसान आंदोलन कमेरा और लुटेरा वर्ग के बीच की लड़ाई है। इस अवसर पर युवाओं ने कमान संभाली तथा युवा किसान अमित पंवार ने मंच का संचालन किया।

मोर्चा के अध्यक्ष संतोख सिंह एडवोकेट के मुताबिक धरने पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी शिरकत की। युवाओं ने अपने हाथ में काले कानून विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर धरना दिया। सरकार के विरोध में नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि देश का युवा वर्ग किसान आंदोलन से जुड़ चुका है। युवा वर्ग के किसान आंदोलन से जुड़ने से आंदोलन को मज़बूती प्रदान हुई है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर युवा जतिन शर्मा, मनोज झाड़सा, मनीष मक्कड़, डॉक्टर सारिका वर्मा, अरुण शर्मा एडवोकेट तथा विजय यादव ने धरने को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किसान आंदोलन विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो तीन काले कानून बनाए हैं, वो पूंजीपतियों के लाभ के लिए बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इन कानूनों से किसान मजदूर व गरीब आदमी का शोषण होगा। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार तीनों काले कानूनों को वापस नहीं ले लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठने में विशाल एडवोकेट, राहुल किलहोड़ एडवोकेट, अक्षय चौधरी एडवोकेट, अभिषेक चौधरी एडवोकेट, आकाश चौधरी, भूपिंदर किलहोड़, दिलीप कुमार,सचिन कुमार, मनोज झा, जयकिशन, कामरेड सतबीर सिंह, ऊषा सरोहा, सतीश गुर्जर, रेखा यादव, योगेन्द्र सिंह, संजय सैन, एसएल प्रजापति, डॉक्टर धर्मबीर राठी, योगेश्वर दहिया, ईश्वर सिंह पातली, बीरेंद्र सिंह कटारिया, भारती देवी, विद्या देवी, आदि मौजूद रहे।

## बहाल हुई सस्पेंड सरपंच के खिलाफ फिर से भेजी शिकायत

**फर्रूखनगर।** खंड के गांव जोड़ी खुर्द की सरपंच सपना देवी को भले ही आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में मिट्टी का भरत, इंटर लॉकिंग निर्माण में बरती गई कोताही मामले में जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग ने 19 फरवरी 2021 को तुरंत प्रभाव से भले ही सरपंच पद पर पुन: बहाल कर दिया हो, लेकिन शिकायतकर्ता सरपंच का उनका पीछा छोड़ने को अभी तैयार नहीं है।

सरपंच के खिलाफ की गई जांच में अधिकारियों द्वारा छोड़े गए बिंदुओं पर सरकार का फिर से ध्यान आकर्षण दिलाने व मामले की फिर से जांच कराने के लिए 26 फरवरी को सीएम विंडो में शिकायत दी है।

सीएम विंडों में दी शिकायत योगेंद्र पुत्र मनबीर सिंह ने बताया कि गांव जोड़ी खुर्द की सरपंच व ग्राम सचिव ने ठेकेदारों के साथ मिलकर जीएसटी के फर्जी बिल बनाकर सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्यों के लिए दी गई विकास राशि के रुपए निकाल लिए। यह कार्य गांव के मनबीर के घर से शिव मंदिर तक कार्य कराया गया। इस कार्य को कराने के लिए जो बिल काटे गए हैं, उन बिलों में दो बिल जीएसटी लागू होने से पहले ही जीएसटी काटकर दिए गए हैं। पंचायत द्वारा उन बिलों का भुगतान भी कर दिया गया है।

### सीएम विंडो में शिकायत देकर अन्य कई बिंदुओं पर जांच की मांग की

## पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते की थी पति ने हत्या



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में पत्नी की हत्यारोपी।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**अपनी** पत्नी की मुंह व नाक दबाकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा डीएलएफ फेस-4 की पुलिस टीम ने उसे काबू किया है। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल करते हुए कहा कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। इसलिए उसकी हत्या की। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है।

जानकारी के अनुसार 14 फरवरी 2021 को सेक्टर-17/18 थाना गुरुग्राम की पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि सरहोल गांव में किराएदार सतीश कुमार सिंह ने अपनी पत्नी रुबी की मारपीट करके हत्या कर दी है। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो मौके पर एक युवती चारपाई पर मृत अवस्था में मिली। जांच के लिए पुलिस की तकनीकी टीमों ने वहां से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल पर मौजूद विवाहित के भाई अक्षय सिंह पुत्र गीरन्द सिंह निवासी गांव चन्द्रपुर थाना कुररा जिला मैनपुरी, उत्तर-प्रदेश हाल किराएदार कृष्णा गली, शास्त्री नगर, दिल्ली ने शिकायत देकर कहा कि उसे 14 फरवरी को सूचना मिली थी कि उसके जीजा सतीश कुमार सिंह ने उसकी बहन की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। उसकी बहन रुबी की शादी सतीश कुमार के साथ 7-8 साल पहले हिन्दू रीति-रिवाज के साथ मैनपुरी में हुई थी। वह अपने दो बच्चों व अपने पति के साथ गांव सरहोल में किराए पर रह रही थी। वह जब अपनी बहन के घर पहुंचा तो पता चला कि उसकी बहन के साथ काफी मारपीट की गई थी। उसका जीजा वहां से फरार हो गया था। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 प्रभारी निरीक्षण नवीन कुमार ने सतर्कता के साथ आरोपी की गिरफ्तार के प्रयास शुरू किए।

### मुंह, नाक दबाकर की थी हत्या, आरोपी हत्या कर चला गया था यूपी में

### एक शाम शायरी के नाम कार्यक्रम 28 को

**गुरुग्राम।** सुरुचि परिवार के तत्वावधान में 28 फरवरी रविवार की शाम तीन बजे सीसीए स्कूल में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर विजय तिवारी के नाम एक शाम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उनके साथ हर दिल अजीज शायर शरफ बहराईची भी शामिल होंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल एवं महासचिव मदन साहनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुये बताया कि नकारात्मक खबरों के वर्तमान माहौल में कुछ लम्हें सुकून के जुटाकर महफिल को खूबसूरत बनाने का एक प्रयास सुरुचि परिवार कर रहा है। मुख्य अतिथि के रूप विधायक सुधीर सिंगला पहुंचेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नवीन गोयल करेंगे। जिलाध्यक्ष भाजपा गार्गी कक्कड़ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।

## युवाओं को पढ़ाई के साथ पढ़ाएं समाजसेवा का भी पाठ : डा. गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम रेडक्रॉस सोसायटी में सदस्यता ग्रहण करती युवती।

**इंडियन** रेडक्रॉस सोसाइटी विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की गतिविधियों के साथ शुरु से ही जोड़ने का काम कर रहा है। जिससे की युवा अपनी पढ़ाई के साथ-साथ मानव कल्याण के कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभा सकें। ये जानकारी देते हुए जिला उपायुक्त एवं रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष यश गर्ग ने बताया कि जिले में विद्यार्थियों को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ जोड़ने का कार्य शुरु किया गया है, जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक देश भर में शिक्षा ग्रहण करने वाले 50 से अधिक विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है और 500 से अधिक लोगों ने रेडक्रॉस सोसाइटी का फार्म भरकर जमा करवाया है। जिन्हें रेडक्रॉस सोसाइटी का आजीवन सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में ऋत्विका खत्री ने रेडक्रॉस को सोसाइटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। वह मात्र 13 वर्ष की है। इसी के साथ साथ अनेक युवाओं रेडक्रॉस के साथ जुड़ने के लिए अपनी हामी भरी है।

उपायुक्त ने अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को रेडक्रॉस के साथ जरूर जोड़ें, जिससे कि वो शुरू से ही जरूरत मंद लोगों की सेवा का संकल्प ले सकें। उन्होंने कहा कि जो लोग रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ जोड़ना चाहते हैं, वह रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव श्याम सुंदर के मोबाइल नंबर-9416464748 पर बात कर सकते हैं।

### रेडक्रास से जोड़कर समाजसेवा का दिया जा रहा है संदेश

## संक्षिप्त समाचार

### मेगा स्वच्छता उत्सव का आयोजन 28 को

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम ने स्वच्छता गतिविधियों और स्वच्छता में नगारिकों की सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार 28 फरवरी को शाम चार बजे सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली पार्क ग्राऊंड में मेगा स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) धीरज कुमार ने बताया कि इस मेगा स्वच्छता उत्सव में सभी वार्डों के निगम पार्षदों द्वारा उनके वार्ड में की जाने वाली स्वच्छता गतिविधियां विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से दर्शाई जाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल भी स्वच्छता उत्सव में होंगे, जो होम कंपोस्टिंग एवं स्वच्छता के विभिन्न विषयों पर आमजन को जानकारी उपलब्ध करवाएंगे। लेजरवैली पार्क ग्राऊंड में विभिन्न 60 स्टॉल लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को अलग-अलग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का इस्तेमाल बन्द करने तथा होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही यहां कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे।

### बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**होडल।** नेशनल हाइवे गौडोता चौक के निकट बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाइक चालक बाइक को घटनास्थल पर छोडकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेढा पट्टी निवासी 35 वर्षीय मनोज पैदल अपने घर के लिए लौट रहा था। तभी गलत साइड से स्पीड में आ रही बाइक ने मनोज को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मनोज के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने मृतक मनोज के भाई मोहित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### जल जागरूकता को साइकिल रैली कल

**फरीदाबाद।** पानी की महत्वता को समझते हुए बच्चों और आमजन को जागरूक करने के लिए 28 फरवरी को सुबह 07: 00 बजे टाउन पार्क, सेक्टर-31 से एक साइकिल रैली का आयोजन जिला प्रशासन नगर निगम और दक्ष फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त यशपाल द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साइकिल रैली टाउन पार्क, सैक्टर-31, से शुरू होकर सेक्टर-31 मार्केट, सेक्टर-28 मार्केट और सेक्टर-29 मार्केट से होते हुए टाउन पार्क पर खत्म होगी। रैली में भाग लेने के लिए पहले अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा जिसका लिंक जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर उपलब्ध है।

## शहीद भगतसिंह फब्बारा चौक का होगा सौंदर्यीकरण

**एन. रोहिल्ला। सोहना**

**नगर** परिषद ने शहर के बीचोंबीच स्थित शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक के सौन्दर्यीकरण में मदद करने के लिए सलाहाकार की नियुक्ति का टेंडर देने की प्रक्रिया शुरु की है। परिषद शहीद भगतसिंह फब्बारा चौक को जाम व अतिक्रमण मुक्त बनाएगी। जिसके सौन्दर्य पर परिषद द्वारा लाखों रुपये खर्च करने की योजना तैयार की है।

नगर परिषद ने हर्ट ऑफ सिटी कहे जाने वाले शहीद भगतसिंह फब्बारा चौक का सौन्दर्यीकरण करने की योजना तैयार की है। इस योजना पर नगर परिषद लाखों रुपये खर्च करेगी। इससे शहीद भगतसिंह फब्बारा चौक का सौन्दर्यीकरण यादगार बन सके। चौक को भव्य रुप देने के लिए सलाहाकार की नियुक्ति की जाएगी। सलाहाकार नियुक्ति के लिए परिषद ने टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

### नगर परिषद ने लाखों रुपये खर्च करने की योजना की तैयार

### शहर के प्रमुख स्थानों में दूसरा स्थान

सोहना को जिला, प्रदेश और देश में प्रसिद्ध शहरों में स्थान दिलाने में शहीद भगतसिंह फब्बारा चौक का शिव कुंड गर्म पानी का चश्मा के बाद दूसरा स्थान आता है। जिसे हर्ट ऑफ सिटी भी कहा जाता है।

### जाम और अतिक्रमण से मुक्त होगा चौक

**इस शहीद** भगतसिंह फब्बारे चौक पर लगे फब्बारों से एक बार फिर से रंगबिरंगे पानी के फब्बारे कूदते हुए नजर आएंगे। इसके साथ फब्बारा चौक को जाम से तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने की प्राथमिकता होगी। ताकि यहां से वाहन एक मिनट के लिए भी खड़े न हो सके।

## लड्डू गोपाल के जन्मदिन पर 28 को मनेगा समारोह

**होडल।** आगामी 28 फरवरी रविवार को पुरानी जीटी रोड स्थित गोविन्दम पैलेस में स्वामी रामदास फलहारी बाबा के सानिध्य में लड्डू गोपाल का जन्मदिन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।

ये जानकारी समारोह आयोजक अधिवक्ता नेहरू प्रधान ने दी। नेहरू प्रधान ने बताया कि लड्डू गोपाल के जन्मदिन पर सुबह दस बजे से बृज के सुप्रसिद्ध भजन गायक पारस लाडला द्वारा भजनों का भी रसपान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पलवल जिले के साथ-साथ क्षेत्र के आसपास गांवों के हजारों की संख्या में ग्रामीण हिस्सा लेंगे।

## एमएमटीसी-पीएएमपी ने लिमिटेड एडिशन डिज्नी एवं मार्वल सिल्वर क्वाइंस कलेक्टिबल्स लॉन्च किए

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**



**सबसे** विशेष एवं कालातीत उत्पादों का निर्माण करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत के पहले एवं एकमात्र लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए), गोल्ड व सिल्वर के लिए अनुमोदित गुड डिलीवरी रिफाइनरी, एमएमटीसी-पीएएमपी ने शुक्रवार को भारत में डिज़्नी एवं मार्वल किरदारों के प्रिंट वाले पहले चांदी के सिक्के प्रस्तुत किए। डिज़्नी के किरदार हर व्यक्ति के बचपन से जुड़े हैं। वो हर पीढ़ी के लिए कालातीत हैं। मार्वल के आईकोनिक सुपर हीरो, जैसे आयरन मैन, स्पाईडर मैन और कैप्टन अमेरिका मिलेनियल्स और जनरेशन जैड के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। अत्याधुनिक स्विस टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर बिल्कुल परफेक्शन के साथ तैयार किए गए इस संग्रह का हर सिक्का डिज़्नी एवं मार्वल किरदारों की मौलिकता को समाहित करता है। प्रीमियम पैकेजिंग में उपलब्ध यह लिमिटेड एडिशन कलेक्टिबल, अनबॉक्सिंग का भी उत्तम अनुभव प्रदान करेगा।

एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, विकास सिंह ने कहा, 'एमएमटीसी-पीएएमपी हमारे विस्तृत ग्राहक वर्ग की जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वाधिक शुद्धता (999.9) के विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पाद प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें डिज़्नी प्रेमियों के लिए लेटेस्ट लिमिटेड-एडिशन कलेक्टिबल सीरीज़ लॉन्च करने की खुशी है, जिसमें एमएमटीसी पीएएमपी की प्रख्यात कारीगरी के साथ डिज़्नी के जादू का खूबसूरती से समावेश किया गया है। विकास ने आगे कहा, "हम 2021 में भी लिमिटेड एडिशन कलेक्टिबल्स की श्रृंखला प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न गठबंधन करते रहेंगे। लिमिटेड एडिशन डिज़्नी एवं मार्वल सिल्वर कलेक्टिबल क्वाइंस 999.9 शुद्धता के हैं और एमएमटीसी-पीएएमपी के सभी रिटेल सेंटर्स, रिटेल पार्टनर आउटलेट्स एवं अमेज़न जैसी ई-कॉमर्स साईट्स पर उपलब्ध हैं।

## शव सड़क पर रख हाइवे जाम करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**होडल।** थाना पुलिस ने महिला की मौत से गुस्साए गांव भुलवाना के ग्रामीणों द्वारा नेशनल हाइवे जाम करने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला आठ नामजद सहित लगभग 250 महिला-पुरूषों के खिलाफ दर्ज किया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

ज्ञात रहे कि गांव भुलवाना निवासी सुरेश चंद की पुत्री रश्मि की गांव अहरवां स्थित ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतक रश्मि के परिजन जब रश्मि के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को लेकर गांव भुलवाना में पहुंचे वैसे ही गुस्साए ग्रामीणों ने गांव भुलवाना के बाहर शव को नेशनल हाइवे के बीचोंबीच रखकर यातायात जाम कर दिया था। गुस्साए ग्रामीण यहां पुलिस से बार-बार रश्मि के हत्यारों की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने मृतक रश्मि के हत्यारों को चौबीस घंटे में पकड़ने का आश्वासन देकर यातायात जाम को खुलवा दिया था। पुलिस ने अब नेशनल हाइवे जाम करने वाले गांव भुलवाना निवासी 250 महिला-पुरूषों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


मामले में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठी ने बताया कि हाइवे जाम करने के मामले में गांव भुलवाना निवासी मास्टर विजयपाल, जीतू, टिलवा, सतेंद्र, मा. बलबीर, दीपक, ढोलू, राजमल सहित 250 महिला-पुरूष के खिलाफ दो घंटे हाइवे जाम करने, सरकार के आदेशों की अवहेलना, सरकारी लट्ठा उखाडने के अलावा अन्य विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## द सिंधिया स्कूल में 93 फीसदी स्टूसडेंट्स वापस लौटे

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**कोरोना** महामारी के कारण लंबे समय तक बंद रहा द सिंधिया स्कूल हाल ही में कक्षा 9, 10, 11, 12 के स्टूडेंट्स के लिए दोबारा खोल दिया गया है। स्कूल खुलने के बाद कैंपस में वापस आकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

अब तक इन कक्षाओं के 93फीसदी छात्र स्कूल परिसर में वापस आ गए हैं। यह दर्शाता है कि स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को स्कूल और इसके स्टाफ पर छात्रों की सुरक्षा को लेकर पूरा भरोसा है। सिंधिया स्कूल ने स्टूडेंट्स, फैकल्टी और अन्य स्टाफ को स्कूल में दोबारा एंट्री के लिए सोच-विचार कर एक अच्छा



प्लान बनाया है। उन्हें 'बबल' के अंदर सुरक्षित रखा जा रहा है। परिसर में वापस लौटने वाले छात्रों को एक सुरक्षित और अच्छा वातावरण दिया गया। इस बारे में अपनी बात रखते हुए द सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. माधव देव सारस्वत ने कहा, हम बच्चों का दोबारा परिसर में स्वागत करते हुए खुश हैं। हम स्टूडेंट्स और उनके पैरेंट्स के आभारी हैं, जिन्होंने स्कूल पर अपना भरोसा जताया है। स्कूल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के सख्त प्रोटोकॉल बनाए गए हैं। यह भी पता किया जाता है कि परिसर के अंदर किस वक्त कौन आया और उनके आने की क्या वजह है। हमारा स्कूल घर से दूर एक घर है। स्टूडेंट्स को 24 घंटे शैक्षिक, सामाजिक और भावनात्मक सहयोग के लिए आवासीय शिक्षकों तक पहुंचने की सुविधा दी गई है।

### स्कूल ने परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए हैं सख्त प्रोटोकॉल

## जन्म प्रमाण पत्र में नाम 31 दिसंबर 2024 तक चढ़वाएं

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के तहत बताया कि प्रदेश सरकार ने जन्म प्रमाण पत्र में नाम चढ़वाने की समय सीमा अब 31 दिसंबर 2024 तक कर दी है।

अभी तक जन्म प्रमाण पत्र के लिए लोगों को चंडीगढ़ तक जाना पड़ता था। प्रदेश सरकार की ओर से ये नई सुविधा नगर पालिका में ही मिलेगी। अभिभावकों को सिर्फ जरूरी कागजात उपलब्ध करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह सेवा प्रदान की गई है।

**स्कूलों में दाखिले के लिए जरूरी :** उपायुक्त ने बताया कि किसी भी सरकारी, प्राइवेट अस्पताल अथवा घर पर पैदा होने वाले बच्चों का नगर पालिका या नगर परिषद से जन्म प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है, क्योंकि बिना जन्म प्रमाण पत्र के स्कूल में दाखिले नहीं होते हैं। अस्पतालों में पैदा होने वाले बच्चों का रिकार्ड खुद व खुद नगर पालिका व नगर परिषद के रिकार्ड में आ जाता है लेकिन उसमें सिर्फ अस्पताल का नाम, जन्मदिन, मां और पिता का नाम ही लिखा जाता है।

## अपने बुजुर्गों की पगड़ी को नीचे नहीं झुकने देंगे

### सुनहेड़ा-जुरेहड़ा बॉर्डर पर सम्मानित हुए युवाओं ने कहा

### मंच से युवाओं ने खूब जोश और जज्बे का दिया परिचय

पायनियर समाचार सेवा। मेवात


सुनहेड़ा बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसान।

**संयुक्त** किसान मोर्चो के आह्वान पर शुक्रवार को 26 फरवरी को सुनहेड़ा-जुरेहड़ा बॉर्डर पर किसान आंदोलन के तीन महीने पूरे होने पर युवाओं के योगदान को सम्मानपूर्वक युवा किसान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसके तहत मंच भी युवाओं ने संचालित किया ओर सभा की पूरी जिम्मेदारी भी उन्ही के कंधों पर रही। मंच से युवाओं ने खूब जोश और जज्बे का परिचय दिया।

अपने वक्तव्य में कहा कि अब ये लड़ाई किसान के सम्मान की लड़ाई है और हम अपने बुजुर्गों की पगड़ी को नीचे नहीं झुकने देंगे। उन्होंने कहा कि अब ये आंदोलन हमारे वजूद बचाने का आंदोलन हो गया है। इसलिए देश का युवक अपने पुरखों की जमीन और जमीर को बचाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर अपने बड़ों के साथ खड़ा है। जो हम युवकों को सम्मान दिया है। जो उम्मीद हमसे लगाई है, जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी जान पर खेलकर भी उस जिम्मेदारी को पूरा करेंगे।

मंच का संचालन मुबारिक अटेरना, तौफीक हीगणपुर, बुरहान सलम्बा ने किया। सभा को मोलाना अजहर, नसीम अहमद, इमरान रहेडा, मौलाना कुद्दुस आदि युवाओं ने संबोधित किया। मोलाना अरशद साहब मिलखेड़ला, समय सिंह एडवोकेट और सैकड़ों युवा साथी किसान मोर्चे पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने आठ गांवों का दौरा कर सुनी समस्याएं



**तावडू।** सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुंवर संजय सिंह ने शुक्रवार को तावडू उपमंडल के 8 गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द उनका समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक संजय सिंह ने तावडू के गांव रंगाला से घटाल को जोड़ने वाली सड़क व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा गांव निहालगढ़ से मोहम्मदपुर अहिर को जोड़ने वाली दो सड़कों के जीर्णोद्धार का शिलान्यास भी किया। इसके अलावा उन्होंने उटोन, राठीवास, रंगाला खोरी खुर्द, खोरीकलां और चुंधिका गांव का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर विधायक का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तावडू क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के विकास में उनकी तरफ से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। वर्ष 2021 के अंत तक तावडू शहर सहित गांव में भी कई सौगातें दी जाएंगी। इस मौके पर उनके साथ सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन सुरेश प्रधान, ब्लाक समिति चेयरमैन नरेश यादव, कमल सिंह मास्टर ,धर्मेंद्र भारद्वाज, विधायक के निजी सचिव दीपक गौड़ सहित संख्या में पंच, सरपंच, भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी कर भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराई, रिपोर्ट दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव शिकारपुर की एक महिला ने उसकी जगह किसी अन्य महिला को पेश कर फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। हसीना पत्नी मुनीर खान निवासी शिकारपुर तावडू शहर थाने में शिकायत दी कि उसके नाम मोजा रहाडी तहसील तावडू में लगभग 17 कनाल 6 मरला जमीन है। महिला का कहना है कि 22 फरवरी को जब वह पटवारी के पास अपनी भूमि से संबंधित नकल लेने गई तो पटवारी ने उन्हें बताया कि आपने जमीन बेच दी है। यह सुनते ही उसके होश उड़ गए उसने तहसील में पहुंचकर जांच की तो पता चला कि किसी अन्य महिला को खड़ा कर तहसील स्टाफ के साथ साथ बाज होकर उसकी जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई है। आरोपियों ने उसके पति के बैंक खाते में 43 लाख 30 हजार 750 रुपये डलवा दिए। पीड़िता ने क्रेता, नंबरदार और तहसील स्टाफ सहित सात लोगों के खिलाफ शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में तावडू तहसीलदार शालिनी लाठर ने बताया कि महिला की शिकायत पर भूमि के इंतकाल पर रोक लगा दी गई है। असल भूमि मालिक की आईडी कहां से लाए इस बारे में कोई भी गड़बड़ी मिलने पर रजिस्ट्री रद्द की जाएगी। तावडू शहर थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर गंभीरता से जांच जारी है दोषी पाए जाने पर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


### फरार बदमाश को पकड़ कर जेल भेजा

**फिरोजपुर पुर झिरका।** बन्दूक की नोंक पर लूट करने वाले वर्ष 2009 से पुलिस से फरार चल रहे एक बदमाश को झिरका पुलिस ने गुरुवार को पकड़ कर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर स्थानीय कोर्ट में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत भोंडसी भेजा गया है। फिरोजपुर झिरका के जांच अधिकारी सीता राम ने बताया कि अरसद पुत्र कपूर शाह निवासी शिकरावा थाना पिंगवा ने वर्ष 2009 में बंदूक की नोंक पर झिरका थान्तर्गत लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओ के अंतर्गत फिरोजपुर झिरका थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। सीताराम ने बताया कि उक्त बदमाश पिछले 11 सालों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार चल रहा था। सीताराम ने बताया कि बदमाश को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को फिरोजपुर झिरका से दबोचा गया था। सीताराम के अनुसार स्थानीय कोर्ट के आदेश पर पकड़े बदमाश अरसद के खिलाफ 174 की कार्यवाई कर गिरफ्तार करने के पश्चात शुक्रवार की स्थानीय अदालत में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भोंडसी भेजा गया है।

### पूरी फीस मांगने से अभिभावक आर्थिक परेशानी में पहुंचे

**नूंह।** प्रदेश के सबसे पिछड़े जिला नूंह(मेवात) में निजी स्कूलों में छात्रों के अभिभावकों के सामने अब नई समस्या आ गई है। उनसे बच्चों की सालभर की फीस मांगी जा रही है और तब जाकर उनके बच्चों को आगामी पढ़ाई व परीक्षा में बैठाया जाएगा। जबकि कोरोना काल की मार झेल रहे अभिभावकों पर एक दम पूरे साल की फीस देनी बड़ी मार कर रही है। अभिभावकों की माने तो मार्च 2020 में स्कूलों के गेट पर ताला जड़ गया, बच्चें घरों में ही रहे, कुछ महीने बाद ऑन लाइन पढ़ाई कुछ घण्टों के लिए शुरू कर दी, जिसमें कुछ ही बच्चें पढ़ाई करते थे लेकिन स्कूलों को फीस पूरी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह बच्चों ने पूरे साल अधूरी पढ़ाई की है तो फीस भी आधी लेनी चाहिए। इस बारे में डीईईओ अनुप जांखड़ ने शुक्रवार सायं कहा कि स्कूल प्रबंधन सरकार व कोर्ट की हिदायतनुसार के अनुसार ही निर्धारित फीस ले सकते हैं और साथ ही कहा कि यदि कोई इससे अधिक फीस लेता है तो शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### परिवार पहचान पत्र का दो लाख परिवारों का डाटा हुआ अपडेट



**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. मुनीष नागपाल ने बताया कि नागरिकों को विभिन्न योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पारदर्शिता व सरलता से उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। भविष्य में आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए जिला में परिवार पहचान पत्र बनाने के साथ-साथ अपडेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अबतक लगभग दो लाख 19 हजार परिवारों का डाटा अपडेट किया जा चुका है। फिरोजपुर-झिरका में 34 हजार 284, इड़री में 20 हजार 424, नगीना में 22 हजार 210, नूंह में 37 हजार 489, पिनगवां में 28107 पुन्हाना 42 हजार 414 परिवारों का डाटा अपडेट किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द ही परिवार पहचान पत्र अपडेशन का कार्य शतप्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ही पात्र नागरिकों को योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिलेगा, इसलिए नागरिक अपना परिवार पहचान पत्र जरुर बनवाएं। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर परिवार पहचान पत्र नि: शुल्क बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर परिवार पहचान पत्र बनाने के कार्य की समीक्षा की जा रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं भी निगरानी रखे हुए हैं। साथ में वे इस कार्य की प्रगति फीडबैक भी लेते रहते हैं। इसके अलावा सरकारी अधिकारी व कर्मचारी स्वयं का परिवार पहचान पत्र बनाने के साथ-साथ आमजन को परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## रूठे पुराने साथियों को मनाएं सभी पदाधिकारी : चौटाला

### हरियाणा के राजनीतिक गलियारों में चर्चा में आई ओमप्रकाश और जफर की मुलाकात

### पूर्व मुख्यमंत्री चौटाला के अचानक आलम के निवास पर शादी से पूर्व पहुंचना आया चर्चा में

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका


एजाज और जफर आलम के निवास पर मौजूद पूर्व ओमप्रकाश चौटाला।

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला शुक्रवार को फिरोजपुर झिरका शादी समारोह के निजी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने वर को आशीर्वाद दिया। एक घण्टे के कार्यक्रम में ओमप्रकाश चौटाला पुराने कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिले। उनकी सेहत की जानकारी प्राप्त कर मेवात की 36 बिरादरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश चौटाला अपने पुराने साथी पूर्व गृह मंत्री स्वर्गीय चौधरी सरदार खां के छोटे बेटे जफर आलम काटपुरी के निवास स्थान फिरोजपुर झिरका पर जफर आलम के बेटे की शादी के पूर्व ही बेटे को आशीर्वाद देने पहुंचे थे।

ओमप्रकाश चौटाला के आने की सूचना मिलते ही पुराने सैकड़ों कार्यकर्ता जफर आलम के निवास स्थान पर एकत्रित हो गए। चौटाला ने कहा कि जो हमारे पुराने साथी हम से दूर हो गए हैं। उनको भी मनाओ, चौटाला ने सभी कार्यकर्ताओं की सेहत के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस पूर्व गृह मंत्री चौधरी सरदार खा का परिवार हमारे परिवार का हिस्सा है। उनके सुख-दुख में शामिल होना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस बार मेवात में अल्लाह की मेहरबानी से सरसों व गेहूं की बम्पर पैदावार है। यह यहां के मेहनतकश लोगों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल का सपना था कि मेवात का विकास अन्य जिलों के समान कर देश के मानचित्र पर अलग पहचान बनाना है। उस अधूरे सपने को साकार करने के प्रयास में हम जूटे हुए है। इनेलो की सरकार बनी तो इस सपने को साकार किया जाएगा।

अचानक चौटाला के पूर्व गृह मंत्री चौधरी सरदार खा के छोटे बेटे जफर आलम के निवास पर शादी समारोह में पहुंचने का राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। लोगों का कहना है कि जल्दी ही जफर आलम इनेलो का दामन पकड़ कर राजनीति का सफर शुरू करने के मुंड में है। चौधरी सरदार खा की फिरोजपुर व नगीना खण्ड में लोगों के बीच पकड़ काफी मजबूत है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने राजनीतिक बात करने से मना कर दिया लेकिन चौटाला का यह दौरा मेवात की राजनीति में बहुत कुछ संकेत देने वाला साबित होने वाला है।

इस मौके पर भाजपा नेता चौधरी एजाज मोहम्मद, जफर आलम, पूर्व सरपंच उमर-अब्दुल्ला पाडला, यूनुस नावली, जानू-बदरपुर, पूर्व चेयरमैन फखरू अखनका, अख्तर चंदेनी, पूर्व में इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ चुके अय्यूब एडवोकेट, हाजी सुभान खां आदि अनेक इनैलो से जुड़े कार्यकर्ता व बुजुर्ग ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसान आंदोलन से सरकार की जड़ों को जनता ने हिलाया : ओमप्रकाश

दीपक कुमार। नूंह

**नूंह** स्थित नई अनाजमंडी में शुक्रवार को इनेलो पार्टी के कार्यालय पर इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने अपने पुराने अंदाज में कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के राज में आज हर वर्ग के लोग सरकार के परेशान हो चुके हैं सरकार के पास कोई रणनीति नहीं है जिससे हर वर्ग के लोगों के सरकार के खिलाफ रोष है।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला फिरोजपुर झिरका शहर के सुलेला मोड़ स्थित जफर असलम के निवास पर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे। अपने निजी कार्यक्रम के तहत वो यहां करीब तीन बजे पहुंचे, घंटे भर के अपने कार्यक्रम के दौरान वो यहां कार्यकर्ताओं से भी रूबरू हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान आंदोलन में 36 बिरादरी के लोगों ने सरकार की जड़ हिलाने का काम किया है। जात बिरादरी के नाम पर वोट हासिल करने वाले नेताओं को जनता पहचान चुकी है। ऐसे नेताओं को आगामी चुनाव में जनता सबक सिखा देगी। इस अवसर पर एजाज अहमद, जफर असलम, सुबान खां पटवारी, पूर्व सरपंच उमर पाड़ला, अय्यूब एडवोकेट, फकरुदीन चेयरमैन, अब्दुल्ला पाड़ला, यूनुस नावली, जान मोहम्मद बदरपुर, अब्बास सरपंच, यूनुस अखनाका, अख्तर चंदेनी, नसीम पाड़ला, हाजी फते मोहम्मद सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता से जुड़े कार्यों को अफसर प्राथमिकता से पूरा करवाएं : धीरेंद्र

### सफाई से लेकर सोखता गड्ढों के निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य मनरेगा योजना से करवाएं: डीसी

दीपक कुमार। नूंह



**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का उद्देश्य देश को स्वच्छ व साफ बनाना है। स्वच्छता के इस मिशन को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिस भी विभाग को स्वच्छता कार्यों से संबंधी जो लक्ष्य दिया गया है, उसे वह प्राथमिकता से पूरा करवाएं।

उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण जिला में चल रहा है। जिस प्रकार से मिशन के पहले चरण में जिला ने निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया था, उसी प्रकार दूसरे चरण में भी जिला के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल से काम करें। स्वच्छता का मुद्दा सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा है, इसलिए इससे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें।

उपायुक्त ने कहा साफ-सफाई को लेकर सोच को सकारात्मक बनाएं और इसी के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। उपायुक्त ने कहा कि स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालयों की व्यवस्था को सुदृढ करें। जरूरत के अनुसार नये शौचालय बनाएं जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में साफ-सफाई व्यवस्था कार्यों को प्राथमिकता से करवाया जाए। बच्चों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया जाए और बच्चों के माध्यम से ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूकता संदेश दिया जाए। गांव के विकास कार्यों में बुद्धिजीवी नागरिकों का सहयोग लें और गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें, क्योंकि सकारात्मक व बेहतर कार्य करने से न केवल आत्मिक संतुष्टि मिलती है, बल्कि आपकी प्रतिष्ठा भी बढती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न विभागों को इसके साथ जोड़ा गया है। इसमें मनरेगा योजना की अहम भूमिका हो सकती है।

## तावडू के कस्तूरबा विद्यालय में भी हो पुलिस पीसीआर गश्त

**तावडू।** नगर के बाईपास पर मेवात मॉडल स्कूल परिसर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य ने हॉस्टल की सुरक्षा के लिए पीसीआर की मांग की गई है। विद्यालय की प्रिंसिपल वंदना गुप्ता ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तावडू में फिलहाल लगभग 60 छात्राएं हैं। एक चौकीदार वहां पर नियुक्त किया हुआ है। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को चौकीदार ने उन्हें सूचित किया कि हॉस्टल बाउंड्री के तार की फेंसिंग दो तीन जगह से कटी हुई है। विद्यालय पहुंचने पर उन्होंने इसकी जांच की तो पाया कि वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध लोग नजर आ रहे हैं। प्रिंसिपल ने बताया कि यह छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक है। प्रिंसिपल ने तावडू थाना प्रभारी को पत्राचार कर विद्यालय हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक पीसीआर द्वारा गस्त बढ़ाने की मांग की है।

## पुलिस ने पकड़ा शातिर चैन स्नेचर, जेल भेजा

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**बीते** चार-पांच दिन पहले एक शातिर चोर फिरोजपुर झरका में चोरी व लूटपाट के मामलों को अंजाम देने के लिए शहर के घूम रहा था। जिसमें मिथलेश सिंघल पत्नी अशोक सिंघल को अपना नाम डॉ. राज बता कर उसे बातों ही बातों में बरगलाकर उसे हिप्नोटाइज कर गले से चैन उतार कर फरार हो गया। वहीं पीड़िता ने शिकायत सिटी चौकी में दी तो पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शातिर चैन चोर को पकड़कर सफलता हासिल की।

सिटी इंचार्ज यशपाल ने बताया कि हमें मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चोरी हुई चैन को बेचने के लिए शहर भरतपुर राजस्थान में जा रहा है। अब वह फिरोजपुर झिरका बस स्टैंड पर मौजूद है। सूचना पर अमल करते हुए तुरंत पुलिस टीम ने बस स्टैंड पर जाकर चोर को दबिश देकर धर दबोचा। आरोपी से चोरी की गई सोने की चैन पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो आरोपी की पहचान राज सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी थाना खेरथल जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई। आरोपी के ऊपर चोरी का मामला दर्ज कर उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।


### सोने की चैन मिलने पर जाहिर की खुशी

**मिथिलेश** सिंघल पत्नी अशोक सिंघल को सोने की चैन वापस मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने पुलिस टीम को तहे दिल से धन्यवाद दिया और पुलिस टीम के इस काम को काबिल-ए-तारीफ बताया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**सुबह सूरज निकलता रोज़ ही यूँ शाम ढलती है**
**ज़रा सी भी नहीं ये ज़िन्दगी सूरत बदलती है**
**करोड़ों घर जहाँ चूल्हे किये हैं तँत्र ने ठँडे**
**करोड़ों पेट ऐसे हैं कि जिनमें आग जलती है**

## हजारों ग्रामीण छात्राओं को मिलेगा पांच करोड़ से बना खूबसूरत भवन

### जिला परियोजना समन्वयक ने किया टीम के साथ पिनगवां गर्ल स्कूल का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। मेवात


रोल मॉडल कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन करते डीपीसी।

**जिला** शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को पिनगवां में रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित किया। पिनगवां विद्यालय के रोल मॉडल कार्यक्रमों में गांव की बेटी अध्यापिका शोभा को रोल माडल चुना गया।

सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक डा. अब्दुल रहमान खान ने अपनी टीम के साथ पिनगवां गर्ल स्कूल का निरीक्षण किया। वही अध्यापकों ने मुख्य अतिथि को फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। रोल मॉडल अध्यापिका शोभा का भी फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

जानकारी देते हुए बताया कि इससे लड़कियों में शिक्षा को लेकर जागरूकता पैदा होती है। सफल महिलाओं को देखकर लड़कियों में भी आगे बढ़ने का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लड़कियों ने खुद को साबित किया है किसी भी क्षेत्र में अब लड़कियां पीछे नहीं हैं। डीपीसी ने बताया कि लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए रोल मॉडल योजना चलाई जा रही है। रोल मॉडल के रूप में सफल महिलाओं व युवतियों को लिया जाता है। महिलाएं स्कूल की छात्राओं को शिक्षा के महत्व व अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराती हैं। ताकि कोई भी लड़की अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़ सके।

## उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए समय से काम कराने के निर्देश

**पलवल।** उपायुक्त नरेश नरवाल ने कहा कि खेल विभाग प्रत्येक महीने जिलास्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करे, ताकि जिला के प्रतिभावान खिलाडियों को आगे बढने के अवसर मिलें। इसी प्रकार मनरेगा योजना के तहत जिला के सभी स्कूलों में भी खेल मैदान तैयार करवाएं जाएं। प्रतिदिन इन खेल मैदानों में खिलाड़ी भी पहुंचने सुनिश्चित किए जाएं, ताकि युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े।


उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढने के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## राहुल की टिप्पणी
### कांग्रेस की बढ़ी मुश्किल

**केवल** राहुल जानते होंगे कि केरल में की गई उनकी टिप्पणी अकस्मात कही बात थी या सुविचारित कार्रवाई। लेकिन इससे कांग्रेस और राहुल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल में केरल में एक रैली में राहुल ने कहा था, 'पिछले 15 साल मैं संसद में उत्तर भारत का सदस्य रहा जिससे मैं अलग किस्म की राजनीति का आदी हो गया था। मेरे लिए केरल आना ताजा हवा की तरह था क्योंकि अचानक मुझे लगा कि यहां लोग मुद्दों में न केवल सतही, बल्कि गहरी दिलचस्पी लेते हैं।' यह बात मतदाताओं के विवेक पर छोड़ना ठीक रहेगा कि इससे आगामी चुनावों में 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' को लाभ होगा या हानि, पर राहुल के नवीनतम बयान से भाजपा को कांग्रेस पर हमले का नया हथियार मिल गया है। ईमानदारी से कहा जाए तो राहुल विभाजनकारी राजनीति के बयान नहीं देते हैं, वे सीधी-सीधी बात करते हैं और इससे वे संकट में फंस जाते हैं। अन्य राजनीतिक पार्टियों के सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी सेलों के कारण उनके बयान अक्सर मजाक का विषय बन जाते हैं। वे लगातार सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि राहुल में नेता 'बनने' की कोई क्षमता नहीं है और वे भावी प्रधानमंत्री नहीं हो सकते हैं। लेकिन यदि यह बयान सोच-विचार कर दिया गया हो तो उनको अपने सलाहकार बदलने पर विचार का समय आ गया है। यदि शब्दों के चयन में थोड़ी सावधानी बरती जाती तो उन्होंने जो कहा, उसे बिना विवाद पैदा किए कहा जा सकता था।

सतही तौर से देखने पर ऐसे बयानों में कुछ भी अनुपयुक्त नहीं है, जब तक उनमें निहित अर्थ न तलाशे जाएं। लेकिन ऐसी विकृतियां राजनीति में सामान्य हैं और यदि राहुल इनसे अनजान हैं तो यह उनकी गलती है। कहावत है कि 'राजनीति का अर्थ अवसरों का प्रयोग है'। इससे वरिष्ठ भाजपा नेताओं को यह कहने का अवसर मिल गया कि राहुल केरल चुनाव में लाभ पाने के लिए विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे देश में राहुल की टिप्पणी पर ज्यादा शोर शराबा उचित नहीं है जहां नेता रोज नीचे गिरते हैं और फिर दावा करते हैं कि उनके कहने का यह अर्थ नहीं था। आजम खान के 'खाकी अंडरवियर' या एक वरिष्ठ नेता के इस बयान की याद दिलाने से हमारा सिर शर्म से झुक जाता है कि 'लड़के कभी-कभी गलतियां कर देते हैं। बलात्कारियों को फांसी देना गलत है।' लालू यादव की यह टिप्पणी भी थी कि 'बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसी चिकनी बना दिया जाएगा।' राहुल ने अब बंगाल में वाम-कांग्रेस संयुक्त रैली रद्द कर दी है क्योंकि शायद वे केरल पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। इसका कारण यह है कि टीएमसी व भाजपा में सीधी लड़ाई वाले पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की संभावनायें ज्यादा कमजोर होने के कारण वे दक्षिणी राज्यों पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। राहुल के संकट में फंसने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उचित सलाह दी है। कपिल सिब्बल ने कहा है कि 'मतदाताओं के विवेक का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि वे ही जानते हैं कि किसे और क्यों वोट दिया जाना चाहिए।' आश्चर्य है कि ऐसे समझदार, संतुलित और परिपक्व नेताओं की उपस्थिति के बावजूद राहुल उनकी सलाह नहीं लेते हैं और अपने बयानों के कारण संकट में फंस जाते हैं। हो सकता है कि इसका कारण कांग्रेस में व्याप्त आंतरिक विभाजन हो। इसके बारे में कांग्रेस को ही निर्णय करना होगा।



# पश्चिम बंगाल या दूसरा बांग्लादेश

राज्यों में चुनाव के पहले लोगों की सोच में बड़ा परिवर्तन आता है। सर्वाधिक सेक्युलर लोगों को भी डर है कि बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन सकता है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**ड्यूक** विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले तुर्क-अमेरिकी अर्थशास्त्री तिमूर कुरियन के अनुसार, इस्लाम का व्यवहार बिजनेस प्रगति में बाधा डालता है और आर्थिक प्रगति या विकास में सहायक नहीं होता है। सूदखोरी पर प्रतिबंध इसका एक उदाहरण है। इससे पता चलता है कि इस्लामी समाज आर्थिक रूप से उत्पादक क्यों नहीं बने। इसी कारण संसाधनों की तलाश में वे दूसरे देशों की जमीनें जीतने के आदी हो गए। बांग्लादेश के सामने एक और संकट था। शताब्दियों से भद्रलोक बंगाली बिजनेस-संचालक के बजाय विशाल जमीनों के मालिक थे। बांग्लादेशी संस्कृति का विकास बंगाली भद्रलोक से हुआ है। इस्लाम राजनीति समेत जीवन के लिए समग्र दिशानिर्देश देता है और कुरान उसका अंतिम संदर्भ बिंदु है। कोई भी मुस्लिम शासक इस रास्ते से अलग नहीं हट सकता है। आदर्श रूप से जम्हूरियत या लोकतंत्र समाधान है, जबकि राजतंत्र, स्वेच्छाचारी शासन या कुलीनतंत्र ऐसे विकल्प हैं जो लोकतंत्र के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ते हैं। हालांकि, शेख हसीना वाजिद चुनाव लड़ती हैं। वे चार कार्यकाल प्राप्त करने में सफल रही हैं तथा तुलनात्मक रूप से सेक्युलर व बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए भारत के प्रति एहसानमंद हैं। उनकी पूर्ववर्ती बेगम खालिदा जिया ऐसी नहीं थीं। खालिदा के पति जियाउर रहमान लगभग पाकिस्तान-समर्थक तथा पैगंबर मुहम्मद के वारिस मुस्लिम अशराफ थे। लेकिन शेख हसीना के राजनीति से अलग होने या सत्ता छोड़ने पर क्या होगा? क्या देश की विदेश नीति में खासकर भारत को देखते हुए परिवर्तन होगा?

बंगाल के हिंदू भद्रलोक द्वारा हिंदू राजनीतिक विचारधारा की स्थापना आश्चर्यजनक है। राजनारायण बोस ने 'हिंदुत्व' शब्द को जन्म दिया था या उन्होंने कम से कम पहली बार 1863 में इसका प्रयोग किया था। वे योगी अरविंद घोष के बाबा थे। हिंदू अनुशीलन समिमि की स्थापना केवल बंगाल में हुई और वह वहीं काम करती थी। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर उसके प्रमुख स्तंभ थे। 1905 में बंगाल के विभाजन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से योगी अरविंद ने किया था और टैगोर ने इसका सक्रिय समर्थन किया था। बंगाली पुनर्जागरण एक हिंदू परिघटना थी। राजा जार्ज पंचम द्वारा बंगाल का विभाजन समाप्त कर 1911 में दिल्ली दरबार करने से हिंदू दृष्टिकोण नरम पड़ा तथा हिंदू-मुस्लिम सद्भावना केन्द्र में आ गई। यह बंगाल में तथाकथित सेक्युलरवाद की शुरुआत थी। बंगाली भद्रलोक ने मुसलमानों के प्रति अपने व्यवहार पर खेद प्रकट करना शुरू किया। उन्होंने मुस्लिम ग्रामीणों को शादियों में आमंत्रित किया, हालांकि उसे भोजन के लिए अलग बैठाया और खाने के बाद अपनी थाली साफ करने को कहा। यह केवल एक उदाहरण है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के उभार के साथ हिंदु-मुस्लिम सद्भाव मित्रता की ओर बढ़ा। कृषक पार्टी के मध्यमार्गी नेता फजलुर रहमान बंगाल के प्रमुख बने और यह सेक्युलर प्रवृत्ति जारी रही। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी के बड़े भाई शरद बोस, फजलुर रहमान व सर अब्दुल रहीम एक तीसरे आयाम की संभावनायें खोज रहे थे जिसमें हिंदुस्तान व पाकिस्तान के साथ अविभाजित बंगाल भी था। स्वतंत्रता के बाद नेहरूवादी सोच तथा वोटबैंक के कारण मुस्लिमों के तुष्टीकरण ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया।

> **पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।**

विभाजन ने अनेक हिंदुओं को उखाड़ दिया, जबकि बंगाल में मुसलमानों के सामने कोई असली समस्या फौरन व बाद में भी नहीं आई। स्थिति यहां तक बिगड़ी कि आरएसएस, हिंदू महासभा या जनसंघ के साथ जुड़ाव को कमतर माना गया। कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन होने के बाद हिंदू राजनीतिक आंदोलन कोई लोकप्रिय नेता नहीं तैयार कर सका। जनसंघ नेता हरिपद भारती का बहुत सम्मान था, पर जनता में उनके प्रति व्यापक आकर्षण नहीं था। इससे सेक्युलर राजनीति जारी रही तथा वोटों के कारण बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को बढ़ावा मिला।

लेकिन आखिरकार बंगाली हिंदू के दिमाग से इस्लामवादी भूत उतर गया। स्पष्ट रूप से एक क्रान्तिकारी परिवर्तन हो रहा है जिसकी प्रतिक्रिया सीमापार बांग्लादेश में भी दिख सकती है। विधानसभा चुनाव निकट आने के साथ पश्चिम बंगाल में लोगों की सोच में असाधारण परिवर्तन आ रहा है। दशकों बाद यह सचमुच परिवर्तनकारी है। पश्चिम बंगाल ने भद्रलोक ने उसके अपने शब्दों में 'हिंदी हृदयप्रदेश पार्टी' के प्रभुत्व का विरोध किया था, अपने स्पष्ट सेक्युलर दृष्टिकोण पर गर्व किया था तथा धार्मिक पहचान पर बंगाली पहचान हावी थी। लेकिन धार्मिक अल्पसंख्यकों पर ज्यादा ध्यान न देने के कारण सर्वाधिक उग्र जिहादीवादी तत्वों ने निश्चित रूप से बंगाली सोच बदली है। आज अधिकांश सेक्युलर सोच वाले लोगों को भी भय है कि उनका राज्य एक और बांग्लादेश बन सकता है। पश्चिम बंगाल में बदलती राजनीतिक सोच का पहला संकेत 2019 के लोकसभा चुनाव में दिखा जब भाजपा ने 42 संसदीय सीटों में से 18 पर विजय पाई। तेजी से बदलता यह परिदृश्य 2021 विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल की राजनीतिक यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है जिसका प्रभाव राज्य के बाहर भी होगा।

पश्चिम बंगाल इस समय खबरों में छाया हुआ है जिसका कारण खासकर विधानसभा चुनाव है। भारतवर्ष इस समय एक कटु संघर्ष देख रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा के प्रतिबद्ध आक्रमण के खिलाफ अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पश्चिम बंगाल का चुनाव अब नाटकीय रूप से ममता के खिलाफ स्पष्ट असंतोष की लहर में बदल गया है। सामान्य रूप से मंत्री तथा कद्दावर नेता चुनाव के पहले पार्टी छोड़ कर विपक्ष में नहीं शामिल होते हैं, जैसा कि बंगाल में हो रहा है। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण परिवर्तन बंगाली सोच में आया है। बंगाली जनता अपनी स्वेच्छा से 'भारत' के साथ ज्यादा मजबूती से जुड़ना चाहती है।

# कोविड-19 से उद्यमियों को मिले सबक

> **शांत होना महत्वपूर्ण है, तर्कसंगत रूप से सोचें और निर्णय लें जो आपके कार्य वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।**

**प्रीतिका सिंह**
(लेखिका एक अस्पताल की



**वर्ष** 2020 और इस पर हावी होने वाले कोरोनावायरस का प्रकोप हर किसी को पीछे खींच दिया, चाहे वह काम हो या जीवन। हालांकि, सामाजिक के मुकाबले छूत का आर्थिक प्रभाव अधिक महसूस किया गया। महामारी के वित्तीय निहितार्थ हर किसी को एक उलझन, उलझन और सोच में थे, क्या मैं इससे पार पाऊंगा? क्या मैं बचूंगा? इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यवसायों, काम, व्यक्तिगत मामलों पर घर में एक टोल लिया और सभी को प्रश्न किया और उनकी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार किया और फिर उन्हें अस्तित्व की स्थिति में डाल दिया। प्रकोप से मिले प्रमुख सबक में से एक, विशेष रूप से उद्यमियों के प्रमुख संगठनों के लिए था, अपने मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करें। यही एक प्राथमिकता है। यदि आपके मन में शांति है, तो बाकी सब कुछ गिरने के बावजूद, आपके चारों ओर गिरते हुए, आधी लड़ाई जीत ली जाती है। शांत होना, तर्कसंगत रूप से सोचना और निर्णय लेना जो आपके स्वास्थ्य और आपके कार्य के वातावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

देश में महामारी की चपेट में आने से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र चरमरा गया। अस्पताल के अन्य स्टाफ के रूप में डॉक्टरों और नर्सों को ओवरवर्क किया गया था। लोग दहशत की स्थिति में थे। हालांकि, यदि आप प्रवाह की निरंतर स्थिति में हैं, तो कुछ पर काबू नहीं है। किसी संगठन का मार्गदर्शन करने वाले नेताओं के लिए यह विशेष रूप से सच है। उन्हें वास्तविकता के साथ पकड़ में आना होगा कि महामारी लंबे समय तक रहेगी और काम करने और आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका कर्मचारियों के साथ पारदर्शी होना है, उन्हें बाहर सुनना, उनके इनपुटों को महत्व देना और उनकी देखभाल करना है।



हमारे जीवन में जो सबसे बड़ा बदलाव आया, वह था सामाजिक दूरी बनाए रखने की जरूरत, जिसने घर से काम की संस्कृति (डब्ल्यूएफएच) को जन्म दिया। कोरोनोवायरस रोगियों के साथ अस्पताल ओवरफ्लो हो रहे थे और चिकित्सा पेशेवर रोगियों के अलावा लोगों के साथ लगातार संपर्क में थे। अधिकांश चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रशासनिक कर्मचारियों में कटौती करना और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए डब्ल्यूएफएच को अनुमति देना महत्वपूर्ण था। इस कदम ने डॉक्टरों और नर्सों को मुफ्त में आंदोलन दिया, त्वरित निर्णय लेने में सक्षम हुए और इसके परिणामस्वरूप बारी-बारी से बदलाव हुए। एक अस्पताल के सीईओ के रूप में, लोगों को दो भूमिकाओं के अनुकूल और अतिरिक्त कार्यभार को अधिक कुशलता से और तेज़ी से देखना आश्चर्यजनक था। इसने एहसास दिलाया कि महामारी से सबसे बड़ी सीख थी घर से काम करना। इसने हमारे मानव के रूप में कार्य करने के तरीके को बदल दिया और उस समय और प्रयास को महत्व दिया जो किसी और को लगाता है। इसने दक्षता भी बढ़ाई और कर्मचारियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखा।

नेताओं के लिए भी एक सबक था। यदि आप एक संगठन के प्रमुख होने पर कठोर लेकिन परोपकारी निर्णय लेते हैं, तो लोग आपको अधिक महत्व देते हैं, आपका सम्मान करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कंपनी सफल हो। जनशक्ति और लागत में कटौती करना कभी समाधान नहीं है। कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है, न केवल अच्छा वेतन और, कर्मचारी शीर्ष नेतृत्व के दृष्टिकोण के आधार पर एक कंपनी चलाते हैं। एक और सबक जो छूत ने हमें सिखाया था वह यह था कि महिलाएं, जो हमेशा समाज में एक स्थिर और शांत कारक रही हैं, एक आपात स्थिति से निपटने में समान रूप से माहिर हैं। इस महामारी के दौरान, महिला कोविद योद्धा, सीमावर्ती कार्यकर्ता, कार्यालय जाने वाले, गृहिणी और सरकारी कर्मचारी इस अवसर पर पहुंचे और कुछ मामलों में सामने से अग्रणी थे। अंत में, प्रौद्योगिकी मानव जाति के बचाव में आ गई है क्योंकि हमें अपने काम करने के तरीके को बदलने, दस्तावेजों को संभालने, प्रक्रिया की जानकारी, बैठकों, सेमिनारों और यहां तक कि स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मजबूर किया गया है।

इसके साथ यह भी महसूस करना होगा कि भले ही हम अभी इस स्थिति में हैं, यह बदल जाएगा और चीजें वापस सामान्य हो जाएंगी। लेकिन अभी के लिए, हमें इस तथाकथित नए सामान्य सीखने और उसके अनुकूल होने की आवश्यकता है। उद्यमियों, विशेषकर महिला नेताओं को इससे सीखना और बढ़ना है।

## आप की बात

### मुख्यमंत्री की बात

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों के आचरण की आलोचना करते हुये सख्त प्रेरक टिप्पणियां किया। विधान सभा मे हंगामा, जोर जोर से चिल्लाकर और सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वालो की तारीफ कोई नही करेगा।मुख्यमंत्री ने ऐसे नेताओं को नसीहत देते हुए कहा। जो जिस भाषा मे समझेगा। उसे उसी भाषा मे जवाब दिया जाएगा।लोकतंत्र में अच्छी चीजों को स्वीकारा जाता है और बुरी चीजो को नकारा जाता है। बुरी चीजो को परिपाटी मानकर और भी उसे कैसे बुरा बनाया जाए।यह लोकतंत्र के लिये अशुभ संकेत है। संसद हो या विधानसभाओ में विपक्ष द्वारा जो आचरण किया जाता है।देश के हित मे नही है और न देश के लोकतंत्र के लिये उचित है। हमारे देश के राजनेता केवल सरकार के हर कार्य की आलोचना ,हंगामा और विरोध करके सत्ता प्राप्त करने का सपना देखते है। जबकि जागरुक जनता नेताओ को चुनावों में सबक सिखा देती है। फिरभी सड़क और सदन में हंगामा होता है। देश को 6वर्षो में वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

– **कुलदीप मोहन**, जरगांव उन्नाव

### सोशल मीडिया पर अंकुश

**वर्तमान** दौर में हमारी युवा पीढ़ी, और छोटे बच्चे सोशल मीडिया से इतनी बुरी तरह से प्रभावित है कि उन्हें यह भी नही भान होता कि मोबाइल , वाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, आदि के अलावा भी पारिवारिक, सामाजिक जीवन है। शायद ही कोई घर हो जहां बच्चे अधिकांश समय वाट्सअप फेसबुक में समय नही बिताते हों। समाचारों के आधार पर सोशल मीडिया, ओटीटी, न्यूज पोर्टल्स के लिए केंद्र ने गाइड लाइन जारी की। आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कम से कम 5 वर्ष की जेल होगी। अक्सर सोशल मीडिया पर लोग ऐसी सामग्री डाल देते है जो हमारी संस्कृति सभ्यताओं के खिलाफ और इंसानियत के खिलाफ होकर शर्मनाक होती है। जिसका समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। और युवावर्ग में भटकाव भी आता है। सोशल मीडिया पर अब अनुशासन मानना बेहद जरूरी होगा। केंद्र सरकार की गाइडलाइंन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायत मिलने पर 24 घण्टे में हटाना होगा। समाज के लोगों को भी सोचना होगा कि देश की एकता अखंडता, सामाजिक व्यवस्था, यौन शोषण , बाल शोषण अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों को डालने से पहले सोचे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### तैयारी में जुटें विद्यार्थी

**हर** वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बोर्ड के विद्यार्थी तैयारी के रथ पर सवार होकर, अपने मंजिल की ओर निकल रहे हैं। पिछले वर्ष महामारी के कारण पैदा हुए बुरे हालात, अब लगभग सही दिशा में बढ़ गए हैं। हमेशा से अभिभावक बच्चों के भविष्य के लिए तत्पर और चिंतित रहे हैं, जिससे कि विद्यार्थियों का सपना पूरा हो सके। दसवीं के विद्यार्थी के लिए जहां ये पहलीबार बोर्ड परीक्षा में शिरकत करना होगा तो वहीं बारहवीं के छात्रों के लिए, आईआईटी और नीट जैसे परीक्षाओं को भी क्लियर करना आसान नहीं होगा।हालांकि मौका अच्छा है सभी विद्यार्थियों के लिए, वे अपना हरसंभव प्रयास करें और अपनी तैयारी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाएं। अब तो सीबीएसई बोर्ड ने भी परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं, उम्मीद है आईसीएसई एवं राज्य बोर्ड भी जल्द ही घोषित कर देंगे। अब सभी छात्रों को ये मानकर परीक्षा की तैयारी में पुरजोर जुट जाना चाहिए कि परिणाम घोषित होने पर, ये महसूस न हो शायद थोड़ा और मेहनत कर दिए होते तो और अच्छा होता।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पीएम** मोदी के नेतृत्व में असम और उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विकास का एक नया दौर प्रारम्भ हुआ है। सरकार ने इस क्षेत्र को भारत का वृद्धि वाहक बनाने का काम शुरू कर दिया है।

– **अमित शाह**
गृहमंत्री



**यदि** अखिलेश यादव ने सबकुछ किया था तो फिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया? समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनावों में क्यों मात खा गई?

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**पिछले** तीन महीनों में घरेलू गैस के दाम 200 रुपए बढ़े जबकि पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपए पहुंच रहे हैं। मोदी सरकार अरबपतियों के लिए काम कर रही है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

# भाजपा राज में किसानों का खर्चा दोगुना और आमदनी हो गई आधी: दीपेंद्र हुड्डा

## युवा किसान दिवस के मौके पर कितलाना टोल पर किसान धरने के समर्थन में फिर पहुंचे सांसद

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**कृषि** कानूनों के विरोध में कितलाना टोल प्लाज़ा पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर आज शुक्रवार को फिर पहुंचे सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वायदा करके वोट बटोरा था, सत्ता में आते ही खर्चा दोगुना कर दिया और आमदनी आधी कर दी। सरकार ने खाद के कट्टे का वेट घटा दिया, रेट बढ़ा दिया। खाद का जो कट्टा 800 रुपये का था वो बढ़कर 1400 का हो गया और वजन भी 5 किलो कम कर दिया गया है। इसी तरह डीजल-पेट्रोल के दाम रोज़ तेज़ी से बढ़ रहे हैं। 70 साल में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा भाजपा राज में बिक रहा है। पेट्रोल-ड़ीजल पर इतना ज्यादा टैक्स कभी नहीं लिया गया जितना ये सरकार वसूल रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान खाद, बीज और ट्रैक्टर आदि कृषि उपकरणों पर किसी तरह का कोई टैक्स नहीं लगता था।

लेकिन, आज हर चीज पर टैक्स पर टैक्स वसूला जा रहा है। इसके विपरीत किसान का जो धान कांग्रेस राज में 5000 प्रति क्विंटल की भाव से बिकता था वो आज 2500 से भी कम यानी आधी कीमत में भी नहीं बिक रहा। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आन्दोलन में बड़ी संख्या में किसानों की जान कुर्बान होने के बावजूद सरकार ने सहानुभूति तक व्यक्त नहीं की। इससे स्पष्ट है कि इंसानियत के पैमाने पर किसानों की नैतिक जीत और सरकार की नैतिक हार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में दी गई जान की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जायेगी, आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखेंगी और गर्व करेंगी। सांसद ने कहा कि आज युवा किसान दिवस मनाया जा रहा है और किसान आन्दोलन में युवा अन्नदाता की भागीदारी अहम है। तीन महीने से भी ज्यादा समय से शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलनरत किसानों के हौसले को सलाम करते हुए कहा कि आजादी के बाद देश में इतना बड़ा आंदोलन नहीं हुआ। सांसद ने बताया कि पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार ने हरियाणा में कर्ज न चुका पाने वाले किसान की गिरफ्तारी और जमीन की नीलामी वाले काले कानूनों को समाप्त किया।

## महिला श्रमिकों की मांगें जायज

# विधानसभा तक लड़ूंगा लड़ाई

### महिला श्रमिकों को समर्थन देने पहुंचे विधायक चिरंजीव राव ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



बावल औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी के बाहर धरने पर बैठी महिला श्रमिकों को समर्थन देते विधायक चिरंजीव राव।

**महिला** श्रमिकों की मांगें जायज हैं। कंपनी प्रबंधन ने महिलाओं की जायज मांगें सुनने की बजाय बिना किसी कारण के उन्हें नौकरी से निलंबित कर दिया है। उनका समर्थन महिला श्रमिकों के साथ है। वह उनकी लड़ाई को विधानसभा तक लेकर जाएंगे। ये विचार कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने बावल औद्योगिक क्षेत्र स्थित केहिन फाई कंपनी में चल रहे महिला श्रमिकों के आंदोलन को समर्थन देते हुए कहीं।

पिछले कई दिनों से कंपनी के बाहर धरने पर बैठी महिला श्रमिकों के बीच पहंचे रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि कंपनी प्रबंधन ने महिला श्रमिकों को नौकरी से निलंबित कर गलत काम किया है। उससे भी बड़ा गलत यह है कि एक साल से लंबित महिला श्रमिकों के मांग पत्र पर मैनेजमेंट कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उल्टा 100 महिला श्रमिकों को बिना किसी कारण के नौकरी से सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी मैनेजमेंट बेवजह दबाव बनाकर महिला श्रमिकों के आंदोलन को खत्म कराना चाहती है। बड़ी बात यह है कि सरकार व प्रशासन भी उनकी सुध नहीं ले रही है। जबकि वे दिन-रात कंपनी के सामने धरने पर बैठी हुई हैं। ऐसे में उनकी सामाजिक सुरक्षा का सवाल भी महत्वपूर्ण है। श्री राव ने सस्पेंडेड महिला श्रमिकों को तुरंत बहाल करने तथा उनकी मांग को पूरा करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आंदोलन को ओर मजबूत किया जाएगा। भविष्य में महिला श्रमिकों के परिवारजन भी इस आंदोलन में भाग लेना शुरू करेंगे।

## जिले के हर घर में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति शुद्ध 55 लीटर की जलापूर्ति

**कुरुक्षेत्र।** जल जीवन मिशन के तहत कुरुक्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में 55 लीटर शुद्ध पानी प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए कुरुक्षेत्र की 304 ग्राम पंचायतों के 1 लाख 37 हजार 278 घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया गया है।

इस कार्य को करने के लिए भारत सरकार की तरफ से जो 2024 तक का लक्ष्य दिया गया था और हरियाणा सरकार ने 2022 तक इस लक्ष्य को पूरा करने के आदेश दिए थे, लेकिन कुरुक्षेत्र जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दिन-रात कार्य करके इस लक्ष्य को 2020-21 तक पूरा करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ये उदगार उपायुक्त मुकुल कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला पानी और सीवरेज मिशन की चौथी बैठक में व्यक्त किए है। इससे पहले जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अरविंद रोहिला ने जिला पानी और सीवरेज मिशन के एजेंडों को हाउस में प्रस्तुत किया। साथ-साथ अन्य एजेंडों पर विभाग की प्रगति रिपोर्ट को पावर प्रिजेंटेशन प्रस्तुत किया।

## क्या अभय चौटाला एक गंभीर राजनेता हैं : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



### पूछा, किसान हितैषी होने का दम भरने वाले आखिर क्यों नहीं करते सरकार से वार्ता

**उप** मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कैथल में अपने चाचा अभय चौटाला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विधानसभा से इस्तीफा देने वाले अभय चौटाला क्या गंभीर राजनेता हैं? अगर वे गंभीर राजनेता होते तो पहले ही ऐसा कर चुके होते। वहीं दूसरी तरफ किसानों के पक्ष में बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह प्रयास रहा है कि कृषि कानून बिलों पर चर्चा हो। हम और हमारी सरकार आज भी उम्मीद रखती है कि जो 40 अलग-अलग नेता थे वे केंद्र से वार्ता करें। वार्ता से ही नतीजा निकलेगा।

जहां हरियाणा की बात है,आज ही हरियाणा में खरीद के ऊपर आने वाली गेहूं, सरसों की खरीद को लेकर बैठक हुई है। जिसमें निर्णय लिया गया है कि हरियाणा के किसानों की छह अलग-अलग फसलें खरीदी जाएंगी। इसमें हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार जौ की फसल को भी 1600 से ऊपर एमएसपी दिया जाएगा। जोकि सरकार का एक ऐतिहासिक कदम है। सारे किसानों से आग्रह है कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खुला है, उसमें अपने आप को रजिस्टर्ड करवाएं। जैसे-जैसे मंडी अलॉट हों, उस अनुसार खरीद होगी। पहले जिस तरह से आई फार्म के कटने के बाद किसान की फसल का पैसा एक सप्ताह में रिलीज होता था। इस बार आई फार्म का इंतजार करने की जरुरत नहीं होगी, आढ़ती के जे फार्म कटते ही 48 घंटे में किसानों के खाते में भुगतान किया जाएगा।

## संत रविदास थे अच्छे समाज सुधारक : चरणदास

**भिवानी।** सन्त गुरु रविदास 15वीं शताब्दी के भक्ति आन्दोलन के एक महान गुरु व समाजसुधारक रहे हैं। वे जाति पाती के भेदभाव को नहीं मानते थे। उन्होंने भेदभाव को कम करने के लिए कई सामजिक प्रयास किए थे।

वह एक महान संत, दार्शनिक, कवि ,और समाज सुधारक थे। ये विचार हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 26 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय संत रविदास जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर बोलते हुए बाल योगी महंत चरण दास महाराज ने कहे। चरण दास महाराज ने स्वामी रविदास महाराज के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान एक है।

## परमात्मा से मिलने का सर्वोत्तम साधन श्रीमद् भागवत: जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**पूर्व** महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन ने कहा कि प्रभु को प्राप्त करने का सर्वोत्तम साधन श्रीमद् भागवत है। यह माध्यम न केवल हमें आत्मिक संतुष्टि प्रदान करता है, अपितु प्रभु सिमरन से उनके नजदीक पहुंचने में मदद करता है। शुक्रवार को देवडू रोड स्थित शिव कालोनी में श्री भागवत महापुराण मूल पाठ के शुभारंभ एवं कलश शोभा यात्रा में भागीदारी करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सत्य ही परमात्मा है और सत्य के सहारे ही नर नारायण के समीप पहुंचा जा सकता है। असत्य बोलने से जीव के पुण्य क्षण होते है। उन्होंने कहा कि यदि हमारा आचार विचार शुद्ध होगा तो कभी भी कलियुग हममें प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वह युवा वर्ग को धार्मिक विचारधारा से जोड़ें, ताकि उन्हें अपने जीवन मे आगे बढने और चुनौतियों का मुकाबला करने का संबल प्राप्त हो।

# पांच-पांच किलोमीटर के आदर्श सड़कमार्ग बनवाएं विभाग

### सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए गांवों में लगवाएं शिविर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।



रोड सेफ्टी की मासिक बैठक लेते एसडीएम विजय सिंह।


एसडीएम विजय सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण करने वाले सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में पांच-पांच किलोमीटर के आदर्श सडकमार्गो की स्थापना करवाएं। ऐसे आदर्श सड़कमार्गों का निर्माण उपमंडल स्तर पर भी किया जाए। यह सड़कमार्ग दुर्घटनारहित होने चाहिए।

जिला में सड़क दुर्घटनाओं व नियमों की पूर्ण अनुपालना तथा अन्य सड़क यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को लघु सचिवालय में रोड सेफ्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम विजय सिंह कर रहे थे। उन्होंने रोड सेफ्टी ऑडिट करवाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम विजय सिंह ने सरकारी व निजी क्षेत्र की एंबुलेंसों की जीपीएस से कनैक्टिविटी के निर्देश दिए, जिसका संयुक्त रूप से एक स्थान पर नियंत्रण हो। ताकि एंबुलेंसों पर पूर्ण निगरानी रखी जा सके।

## जीएसटी के कुछ बेहद घातक प्रावधान बनाए गए: सुरेंद्र गोयल

### सरकार ने किसानों के साथ व्यापारी वर्ग को भी नई परेशानी की सौगात दी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



सुरेंद्र गोयल

**आप** व्यापारी संगठन उतरी जोन के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ उत्तरी जोन के संगठन मंत्री सुरेंद्र गोयल ने सरकार की जीएसटी नीति का विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों के साथ व्यापारी वर्ग को भी नई परेशानी की सौगात दी है।

जीएसटी के कुछ बेहद घातक प्रावधान बनाए गए है। सेक्शन 83 के तहत आयकर की धारा 281 बी और सीजीएसटी की धारा 83 (1) में कहा गया है कि फर्जी बिल, गैर-मौजूद विक्रेता, सर्कुलर ट्रेडिंग आदि के कारण कर चोरी के मामलों में, कर अधिकारी को अब बैंक खाते तथा संपत्ति को जब्त करने का अधिकार होगा। इसके अलावा कर अधिकारी अस्थायी रूप से कंपनी निदेशकों, भागीदारों, कंपनी सचिव, कर्मचारियों, प्रबंधकों, सीए, सीएस, अकाउंटेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट, टैक्स कंसलटेंट, टैक्स एडवोकेट या किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति और बैंक खातों को भी जब्त कर सकता है जिनकी सहभागिता से कोई फर्जी लेनदेन किया गया हो। यह प्रावधान फर्जी बिलों या गैर कानूनी काम कर रहे लोगों को समाप्त करने के लिए स्वागत योग्य है जिसका हम समर्थन करते हैं लेकिन इस कानून का इस्तेमाल उन करोड़ों व्यापारियों के खिलाफ भी किया जा सकता है जो ईमानदारी से अपना व्यापार कर रहे हैं और कानून का पालन भी कर रहे हैं।

# मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

### कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।



लघु सचिवालय समक्ष धरने पर बैठे सर्व कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश ने की व संचालन जिला सचिव रविंद्र तौमर ने किया।

जिला प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की बात हो, नौकरी से निकाले गए सभी विभागों के कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लेने की बात हो, पीटीआई, ड्राइंग टीचर, स्पोर्ट्स कोटा के कर्मचारी हों या फिर संस्कृत पीजीटी के चयनित शिक्षक को ज्वॉइनिंग करवाने की बात हो। एलटीसी बहाल करने की बात हो, डीए लागू करने की बात हो, प्रीमेच्योर रिटायरमेंट की अधिसूचना रद्द करने की बात हो, कैशलेस मेडिकल लागू करने की बात हो, पुरानी पेंशन बहाल करने की बात हो, तीन कृषि काले कानूनों को रद्द करने की बात हो, निजीकरण पर रोक लगाने की बात हो, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, रोडवेज, शिक्षा जैसे सार्वजनिक विभागों को मजबूत करने की बात हो ज्ञापन सौंपा गया।

## हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

**सोनीपत।** मंदिर श्रीठाकुर द्वारा कल्याण नगर में माघ माह की प्रतिपदा 29 जनवरी से प्रतिदिन शुरु हुए हवन यज्ञ व माघ महात्म्य की कथा का शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूर्ण आहुति डाल कर पुण्य लाभ कमाया।

मंदिर समिति के प्रधान पवन तनेजा ने शहर में शांति, आपसी सौहार्द व सद्भावना की मनोकामना के साथ माघ माह के हवन में आहुति दी। पंडित भगवती प्रसाद शर्मा व ताडक़ेश्वर शर्मा ने कथा का अंतिम अध्याय पढ़कर श्रद्धालुओं को धर्म के प्रति आस्था जगाए रखने के लिए प्रेरित किया। पवन तनेजा ने कहा कि माघ माह में नित्य हवन करने व कथा का श्रवण करने से गंगा स्नान का फल मिलता है। इस मौके पर महिला द्रोपदी थरेजा, वीना तनेजा, राज मुंजाल, संतोष सुखीजा, हर्षा चावला, वन्ती बत्रा, रेनू नागपाल, नीरू चावला, ऊषा भगत, वीना आहूजा, किरण चावला, महेश्वरी, कौशल्या कालड़ा, कृष्णा छाबड़ा, कमलेश बब्बर, लाजरानी चावला आदि मौजूद रहे।

प्रेरणा



खबर से खबरदार रहना,
झूठ से होशियार रहना,
किसी और से रहो ना रहो,
मगर खुद से वफादार रहना।

## बाउंस बैक स्क्रिप्टिंग में फाइनेंशियल प्लानिंग की भूमिका के बारे में बताता है एचडीएफसी लाइफ का लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन

गुरुग्राम/अंबाला।

**भारत** के प्रमुख जीवन बीमाकर्ताओं (लाइफ इंश्योरर्स) में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने हाल ही में अपना लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, बाउंस बैक लॉन्च किया है। किसी व्यक्ति के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए फाइनेंस महत्वपूर्ण योगदान देकर चीजों को आसान बनाता है और सफलता की ओर अग्रसर होता है।

लॉन्च पर बात करते हुए, एचडीएफसी लाइफ के सीनियर ईवीपी (सेल्स) और सीएमओ, पंकज गुप्ता कहते हैं, महामारी ने हम सभी को कठोरता से परखा है, जिससे देश-दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना गया है। इसके चलते व्यक्तिगत आत्मविश्वास में कमी आई है। वित्तीय असुरक्षा की भावना में बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय असफलताओं से स्वयं का बचाव करने के लिए जीवन बीमा का महत्व मानव इतिहास की इस अवधि के दौरान प्रबल रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समय ने हमें सिखाया है कि परिवार का महत्व और हमारे परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की कितनी आवश्यकता है। हमारा लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन मानवीय भावनाओं को उजागर करता है और वित्तीय तैयारी चुनौतियों को दूर करने में मदद करती है।

इसके अलावा, दक्षिण एशिया लियो बर्नेट के सीईओ तथा चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, राजदीपक दास कहते हैं, पिछले साल ने सभी को एहसास कराया कि असफलताएं अप्रत्याशित रूप से कभी-भी आपके सामने आ सकती हैं। लेकिन ये कठिन समय, बेहतर भविष्य की धुरी का अवसर भी प्रस्तुत करते हैं। हालांकि, इन परिवर्तनों को अपनाने का एकमात्र तरीका वित्तीय सुरक्षा और बेहतर नियोजन है।

# विनोद कुकवेयर ने लॉन्च की उत्पादों की कास्ट आयरन रेंज

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

### भारत में लिगेसी कास्ट आयरन उत्पादों की कीमत 2,300 रुपये से शुरू

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे पुराने कुकवेयर ब्रांड्स में से एक, विनोद कुकवेयर ने भारतीय परंपराओं को बरकरार रखते हुए भारत में लिगेसी कास्ट आयरन उत्पादों की अपनी डिजाइनर रेंज लॉन्च की है। इस रेंज के उत्पादों में शामिल हैं- फ्राइपैन, कढ़ाई, ग्रिल पैन और तवा। इन्हें हर किचन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये विभिन्न आकारों में पेश किया गया है।

विनोद कुकवेयर के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा, मैं हमेशा यह सोचा करता था कि पुराने जमाने में खाने का स्वाद इतना अच्छा कैसे होता था। बहरहाल, इस राज से अब पर्दा हट गया है। असली नैचुरल कुकवेयर के साथ अब समय है पुरानी परंपराओं को आगे बढ़ाने और कुछ स्वादिष्ट व्यंजनों एवं एक स्थायित्वपूर्ण जीवन का आनंद उठाने का। विनोद कुकवेयर में, हमें आधुनिकता के साथ परंपराओं को फिर से लाकर बेहद खुशी हो रही है।

यदि कास्ट आयरन कुकवेयर की सही तरीके से देखभाल और रखरखाव किया जाये, तो यह पूरी जिंदगी आपका साथ निभायेंगे और आप इसे आने वाली पी?ियों को भी दे सकते हैं। यह वर्सेटाइल कुकवेयर अपनी मिनिमलिस्ट डिजाइन के साथ और भी स्टाइलिश बन गया है। इन मल्टी-फंक्शनल उत्पादों का इस्तेमाल सॉटिंग, पैन फ्राइंग, सीयरिंग, बेकिंग, ब्रेजिंग और रोस्टिंग के लिये किया जा सकता है। ये उत्पाद इलेक्ट्रिक एवं गैस सहित सभी गर्म स्रोतों के लिये उपयुक्त हैं। इन कुकवेयर का तला काफी मोटा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बेहतरीन टेम्परेचर रेसिस्टेंस के साथ हर तरफ एकसमान आंच पहुंचे और कोई हॉट स्पॉट्स नहीं हो। ये टॉक्सिक फ्री, केमिकल फ्री और इनेमल फ्री हैं, जिससे इसमें बना खाना हेल्दी होता है। अपने मजबूत और नैचुरल कास्ट आयरन निर्माण की बदौलत, खाना पकाते समय भोजन में डायटरी आयरन मिल जाता है। इस स्वभाविक रूप से नॉन-स्टिक कुकवेयर में पैन की पूरी लाइफ के के लिये कुकिंग ऑयल को मिलाया गया है।

कास्ट आयरन कुकवेयर के साथ खाना पकाने के वर्षों पुराने तरीकों एवं इसके फायदों को बताने के लिये ब्रांड ने नामचीन हस्तियों, मास्टर शेफ्स और यूट्यूब होम शेफ्स के साथ अपना कैम्पेन पास द ट्रेडिशन शुरू किया है। इनमें समीरा रेड्डी, मास्टरशेफ पंकज भदौरिया, मेघनाज फूड मैजिक, मधुलिकाज किचन और कुक विद पारुल शामिल हैं। इस कैम्पेन के जरिये, ब्रांड का लक्ष्य किचन में कास्ट आयरन उत्पादों की विरासत को फिर से नई पीढ़ी के लोगों तक पहुंचाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा सद्भावना यात्रा के सदस्यों ने किया भ्रमण



**कुरुक्षेत्र।** त्रिपुरा राज्य के स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष में देश के अनेक भागों से होकर त्रिपुरा के युवा विकास केन्द्र के स्वयं सेवकों की सद्भावना यात्रा शुक्रवार को कुरुक्षेत्र पहुंची। इस सद्भावना यात्रा के कुरुक्षेत्र पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुभव मेहता ने इस दल का स्वागत किया। सीईओ अनुभव मेहता ने दल के सदस्यों को कुरुक्षेत्र के इतिहास एवं उसकी संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से परिचित करवाया। कुरुक्षेत्र की महान सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के योगदान के विषय में भी जानकारी प्रदान की है। इसके पश्चात दल के सदस्यों ने ब्रह्मसरोवर तथा श्रीकृष्ण संग्रहालय का भी भ्रमण किया। सद्भावना यात्रा के ग्रुप लीडर देवाशीश मजूमदार ने बताया कि त्रिपुरा राज्य की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर जनवरी 2022 में त्रिपुरा में कुरुक्षेत्र की प्रदर्शनी को भी प्रमुख स्थान दिया जाएगा क्योंकि कुरुक्षेत्र की भूमि भारतीय संस्कृति की जन्मस्थली है और यहां से गीता का ज्ञान समस्त विश्व में फैला। सद्भावना यात्रा का यह दल कुरुक्षेत्र की मिट्टी भी अपने साथ त्रिपुरा लेकर गया है। इस दल के सदस्यों में पिंकू दास, के यादव राजू, सुभांकर साहा, इन्द्रजीत सरकार, स्वप्न दास, सुकान्त सरकार, बिजोय रॉय, समीर भट्टाचार्य, राजेश दास, प्रियतम चकमा आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### मां भद्रकाली ने श्रीराम मंदिर निर्माण को दी समर्पण निधि

**थानेसर।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर की ओर से श्रीराम जन्मभूमि पर हो रहे राम मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार की राशि का चेक प्रेम नारायण अवस्थी व सुरेश जोशी को सौंप कर सहयोग राशि दी गई। ये जानकारी देते हुए मंदिर के पीठाधीश पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि हम सबको इस भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग करना चाहिए क्योंकि श्रीराम मंदिर देश का स्वाभिमान व हिंदुओं का गौरव है। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने भारतवासियों से इस भव्य निर्माण में सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है कि कोरोना जैसी महामारी फैलने के दौरान सतपाल शर्मा के न्यायाधीश पुत्रों देवांशु शर्मा व स्नेहिल शर्मा द्वारा 51-51 हजार रुपये व मन्दिर की और से व 1 लाख रुपये समाज सेवा के लिए अनुदान किया गया था।

### ग्रामीणों को पहचान पत्र बनवाने बारे में किया जागरूक

**थानेसर।** भगवान परशु राम कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने अपने वार्ड/गांव में परिवार पहचान पत्र के बारे में एक दिवसीय सर्वे किया। इस सर्वे में स्वयंसेवकों ने आम नागरिकों को परिवार पहचान पत्र बनाने तथा परिवार पहचान पत्र के लाभों के बारे में बताया तथा साथ ही साथ जागरूक भी किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में परिवार पहचान पत्र की शुरुवात इसलिए की जिससे प्रदेश के जरूरत मंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा परिवार पहचान-पत्र पूरे परिवार को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करेगा। परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए, परिवार के मुखिया को अपने परिवार के पूरे विवरण के साथ एक फॉर्म भरना होगा। उसे अटल सेवा केंद्र या अंत्योदय सेवा केंद्र में जमा करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा किये गए सर्वे के लिए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार कौशिक, प्रो. वासव दत्ता तथा स्वयंसेवकों की उनके द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर कॉलेज की एनएसएस इकाई सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. सतीश शर्मा तथा डॉ. नीरज वशिष्ट मौजूद रहे।

### प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली शोभायात्रा



**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि गुरु रविदासजी महाराज की 644वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के प्रधान रणपत माथुर व उप प्रधान जरनैल सिंह रंगा की अगुवाई में शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए सेक्टर-5 में पहुंची। जहां पर श्रीराम भक्त लाग्यान पूर्व आईएएस व प्रधान डॉ बीआर अंबेडकर भवन एवं छात्रावास कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में सेक्टर 5 के वासियों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत बड़ी धूमधाम व उल्लास के साथ किया। महिला शक्ति ने शोभा यात्रा पर फूल बरसाए और सेक्टर वासियों द्वारा सभा के पदाधिकारियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सेक्टरवासियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 644वे प्रकाश पर्व की सभी शहर वासियों को लख-लख बधाइयां दी। इस अवसर पर प्रधान रणपत माथुर, उप प्रधान एडवोकेट जरनैल सिंह रंगा, सचिव तारा चन्द, सयुंक्त सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, कार्यकारणी सदस्य जसमेर सिंह, सुरजीत पठानिया, गुरप्रीत कोबरा, अशोक चौहान, धर्मबीर लांग्यान, सतपाल सेक्टर 5 की वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान तेजवीर सिंह दुगारी, सचिव राजाराम, पूर्व सचिव नरसिंह, महावीर दहिया, हजरस के राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा, रमेश चन्द बिब्यान, श्यामलाल, हरि सिंह, जगदीश सोहेल, डॉ सुरेंद्र ढांडा, डा. राम पाल पोरिया, संतराम भानखड़, डिप्टी डायरेक्टर रामसिंह बिब्यान, रणजीत सिंह टिडंल, तारा चन्द, नफे सिह पूर्व बीडीओ, डा. रण पाल, प्रो. राम निवास, पूर्व प्रधान दलबीर सिंह,नीलम फुले, कमलेश रानी सहित संगत मौजूद रही।

# हरियाणा पुलिस महानिदेशक पद पर नई नियुक्ति होने के आसार बढ़े

## गृह सचिव ने गृहमंत्री अनिल विज को भेजा आईपीएस अफसरों का पैनल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के पुलिस महानिदेशक पद से मनोज यादव की विदाई अब तय मानी जा रही है। गृह विभाग ने इस पद पर नए आईपीएस अफसर की नियुक्ति के लिए सात सीनियर आइपीएस अफसरों का पैनल तैयार कर गृह मंत्री अनिल विज को भेज दिया है।


गृह मंत्री ने पुलिस महानिदेशक पद पर मनोज यादव की नियुक्ति से सम्बन्धित वह पत्र भी खोज लिया है, जिसमें केंद्र सरकार ने मनोज यादव की दो साल के लिए नियुक्ति का जिक्र किया है। हरियाणा सरकार ने भी पुलिस महानिदेशक पद पर मनोज यादव की नियुक्ति के आदेश में दो साल की अवधि स्पष्ट रूप से बताई थी। मनोज यादव का पुलिस महानिदेशक पद पर दो साल का कार्यकाल पिछली 20 फरवरी को पूरा हो गया। लेकिन राज्य सरकार ने उनका कार्यकाल अगले आदेश तक जारी रहने का आदेश जारी कर दिया था। गृहमंत्री अनिल विज ने यादव का कार्यकाल बढाने का विरोध किया था। विज ने गृह सचिव राजीव अरोड़ा को पत्र भेजकर पुलिस महानिदेशक पद पर नई नियुक्ति के लिए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का पैनल तैयार करने का निर्देश दिया था। अब पैनल में तीन वरिष्ठ आइपीएस अधिकारियों पीके अग्रवाल, आरसी मिश्रा और मोहम्मद अकील में स्पर्द्धा है। पैनल तैयार करने के लिए गृह सचिव अरोड़ा को भेजे पत्र में विज ने कहा था कि इस कार्य में होने वाली देरी के लिए गृह सचिव जिम्मेदार होंगे। विज और मनोज यादव के बीच खटास बनी हुई थी। मनोज यादव को पिछले दिनों केंद्र सरकार ने इंपैनल किया हुआ है। यादव दोबारा केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जा सकते हैं। गृह सचिव की ओर से सात आईपीएस अफसरों का पैनल गृह मंत्री को भेजा गया है। पुलिस महानिदेशक पद की दौड़ में 1984 बैच के एसएस देसवाल, 1986 बैच के केके सिंधु, 1988 बैच के पीके अग्रवाल, 1989 बैच के मोहम्मद अकील, इसी बैच के डा. आरसी मिश्रा, एडीजीपी शत्रुजीत कपूर, देशराज सिंह, आलोक राय और एसके जैन के नाम शामिल हैं। देसवाल और सिंधु का रिटायरमेंट 31 अगस्त को है। इस पर पुलिस महानिदेशक पद के प्रमुख दावेदारों में पीके अग्रवाल, मोहम्मद अकील और डा. आरसी मिश्रा के बीच स्पर्द्धा है। लोक सेवा आयोग पैनल में से तीन अधिकारियों के नाम सरकार को भेजेगा। इनमें से सरकार नया पुलिस महानिदेशक चुनेगी।

## हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र पर कांग्रेस ने सरकार को घेरने की बदली रणनीति

# अब पहले ही दिन अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

### हुड्डा ने चार को बुलाई विधायक दल की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** विधानसभा के बजट सत्र को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायक दल की बैठक बुला ली है। यह बैठक चंडीगढ़ में चार मार्च को होगी। कांग्रेस विधायक सत्र के दौरान एक दर्जन से अधिक मुद्दों पर सरकार को सदन में घेरेंगे।

कांग्रेस ने अपने इस कार्यक्रम में बदलाव विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा गुरूवार को चंडीगढ़ में बयान जारी किए जाने के बाद किया है। पूर्व सीएम व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बजट सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों के अलावा अविश्वास प्रस्ताव कसे अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में विधायकों की भी ड्यूटी लगेगी कि सत्र में किस विधायक द्वारा कौन सा मुद्दा उठाया जाना है। कांग्रेस ने पहले आठ मार्च को अविश्वास प्रस्ताव लाने का ऐलान किया था,लेकिन अब बजट सत्र के पहले ही दिन यानी 5 मार्च को यह सदन में पेश होगा।

बजट सत्र की शुरूआत राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य के अभिभाषण से होगी। अभिभाषण के बाद करीब आधे घंटे के लिए कार्यवाही स्थगित होगी। इसके बाद सीएम मनोहर लाल खट्टर सदन में शोक प्रस्ताव रखेंगे। शोक प्रस्ताव के बाद जैसे ही सरकार हाउस का बिजनेस शुरू करेगी, कांग्रेस द्वारा उसी समय अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रही कांग्रेस ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग पर यह अविश्वास प्रस्ताव लाने का ऐलान किया है।

चार मार्च को हुड्डा के सरकारी निवास पर विधायक दल की बैठक होगी। इस संबंध में आज सभी विधायकों को सूचित कर दिया गया है। बैठक में सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है। इसी तरह से कांग्रेस ने फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी के लिए भी प्राइवेट मेम्बर बिल दिया गया है। हुड्डा का कहना है कि देशभर के किसान आंदोलन कर रहे हैं। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व राजस्थान के किसान दिल्ली बार्डर पर डटे हैं। सरकार तुरंत उनकी मांगों को स्वीकार करे।

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने हुड्डा द्वारा लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह प्रस्ताव लाएं हम उनका स्वागत करेंगे। इससे पहले पहले हुड्डा अपनी पार्टी और विधायकों का विश्वास जरूर हासिल करें।

# प्रतिभावन महिलाओं को सम्मानित करेगी सरकार

### महिला दिवस आठ मार्च को होगा अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा है कि प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सुनियोजित ढंग से मनाया जाना चाहिए तभी हम समाज में इस दिवस के महत्व का संदेश पहुंचा सकते हैं।

ढांडा शुक्रवार को यहां अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में लक्ष्य-प्राप्त करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का चयन करने के लिए बुलाई गई राज्य स्तरीय चयन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में बताया गया कि बालिकाओं को खेल, सांस्कृतिक कार्य, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं साहित्य, बहादुरी, शिक्षा एवं सर्वश्रेष्ठ बाल देखभाल संस्थान जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। पुरस्कार स्वरूप 11-11 हजार रुपये नकद व प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। विभिन्न संस्थानों में 4 से 6 आयु वर्ग, 6 से 10वर्ष, 10 से 14 तथा 14 से 18 आयु वर्ग की विशेष प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं, जिनमें मौके पर चित्रकारी, नृत्य तथा संगीत प्रतियोगिताएं शामिल हैं, हर श्रेणी में तीन-तीन पुरस्कार भी दिए जाते हैं। इनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 5100 रुपये, 2100 रुपये व 1100 रुपये के पुरस्कार दिए जाते हैं। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि सभी कार्यक्रम अधिकारियों को जिला, खंड एवं ग्राम स्तर पर महिला सशक्तिकरण संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। बैठक में बताया गया कि जगन्नाथ बाल आश्रम रोहतक ने झारखंड की रहने वाली चांदनी को उसके मूल राज्य झारखंड में पहुंचाने का कार्य किया है जो कि सर्वश्रेष्ठ बाल देखभाल संस्थान श्रेणी में एक सराहनीय कार्य है।

# अर्जुन चौटाला ने दिया ग्रामीणों को किसान महापंचायत का न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा।



सिरसा में लोगों को संबोधित करते इनेलो नेता अर्जुन चौटाला।

**युवा** इनेलो नेता अर्जुन चौटाला ने शुक्रवार को रानियां विधानसभा के करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों को आगामी 3 मार्च को ऐलनाबाद में होने वाली किसान महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का न्यौता दिया।

अपने जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन अर्जुन चौटाला ने गांव रामपुर थेड़ी, रणजीतपुर थेड़ी, जीवननगर, संतनगर, हरिपुरा, दमदमा, धर्मपुरा, हारणी, मत्तुवाला, बाहिया, डुडियांवाली, बणी व नथोर आदि में ग्रामीणों को किसान महापंचायत का न्यौता देने के साथ-साथ उन्हें केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए तीनों कृषि कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के ये तीनों कानून किसानों व कृषि को पूरी तरह से बर्बाद करने वाले और बड़े पूंजीपति घरानों के हाथों गुलाम बनाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में करीब 4200 विधायक हैं मगर इनमें से किसी ने भी अभय सिंह चौटाला द्वारा किसान हित के लिए विधायक पद से इस्तीफा देने जैसा कदम नहीं उठाया।

# संत रविदास जयंती पर सबद गायन व हरियाणवी गायिकी आज

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।

**सांस्कृतिक** सदन में सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय भिवानी महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम में राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रांतीय अध्यक्ष कर्नल गजराज सिंह के सानिध्य में मुख्यदंपत्ति डाक्टर हरिओम कौशिक व अनिल संघई मय रहे। उदय सिंह तंवर, चिरंजीलाल सांवरिया, जगत नारायण भारद्वाज, बबीता तंवर, अतुल अग्रवाल, निरंजन सिंह परमार, यतिन्द्र नाथ दंपति भी रहे।

यज्ञ को मंत्रोचारण के साथ पुरोहित पंडित प्रमोद शास्त्री ने करवाया। त्रिदिवसीय महोत्सव का शुभारंभ अनिल संघई ने श्रीफल तोड़कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने भिवानी नगर के संस्थापक महाराजा नीमपाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें याद किया। मंच प्रवक्ता डाक्टर कल्पना ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी को संत रविदास जयंती के संदर्भ में हरियाणा साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में सायं साढे 3 बजे सबद गायन एवं हरियाणवी गायिकी की विविध विधाओं की प्रस्तुति की जाएगी। कैथल से अमन नागर, रोहतक से गुलाब सिंह खंडवाल व रामफल चहल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

**पलवल।** पलवल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ,जीआरपीएफ और जिला पुलिस की तरफ से मॉक ड्रिल किया गया।

प्लेटफार्म नंबर 1 पर ईएमयू ट्रेन में बम होने की सूचना दी गई और पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। नार्दन रेलवे की एरिया मैनेजर भावना जैन ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल चलाया गया है। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति से किस प्रकार से निपटा जाए इसके लिए समय समय पर अभ्यास करना जरूरी है। मॉक ड्रिल के दौरान यात्रियों को सूचना दी गई कि वे अपनी जगह पर खडे रहे और भागने का प्रयास नहीं करें। गाडी में बम होने की स्थिति में सावधानी बरतना जरूरी है।

### बीएसएनएल कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**सिरसा।** बीएसएनएल पेंशनर्स ने ऑल इंडिया बीएसएनएलडीओटी पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को टेलीफोन केंद्र के सामने धरने का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के सर्कल कोषाध्यक्ष राजकुमार मेहता ने की।

राजकुमार मेहता ने कहा कि कर्मियों को सेवानिवृत्त होने के बाद कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और सरकार भी अड़ियल रवैया अपनाए हुए है जिसके चलते कर्मियों को बार-बार प्रदर्शन की राह पर चलना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य मांग चिकित्सा बिलों व चिकित्सा भत्ते के भुगतान, पेंशन रिवीजन, डीए को लेकर चर्चा की गई जोकि पिछले दो वर्षों से लंबित है। इस प्रदर्शन में अशोक गुप्ता, धर्मचंद, अशोक भी मौजूद थे।

# भिवानी नगर के संस्थापक नीमसिंह को छत्र लगा कर किया याद

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



भिवानी नगर कि स्थापना दिवस पर दिनोद गेट एवं महाराजा नीमपाल सिंह चौक पर नगर के संस्थापक महाराज नीमपाल सिंह के नाम का छत्र लगा उन्हें याद किया। दिनोद गेट का नाम महाराजा नीमपाल सिंह चौक करने व छत्तर लगाने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ, नगर परिषद के चेयरमैन रणसिंह यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य सर्व समाज के सहयोग से ही संपन्न हुआ है। तंवर ने कहा कि नगर के संस्थापक के नाम पर चौक का नामाकरण करने से आने वाली पीढ़ियों को हमारे नगर के इतिहास की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हर महापुरूष के नाम पर कोई न कोई संस्था अवश्य बनाई जान चाहिए जिससे बच्चों को हमारा इतिहास याद रहे। उन्होंने नगर परिषद में विधायक घनश्याम सर्राफ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर परिषद के चेयरमैन रणसिंह यादव की उपस्थिति में शहर के 12 दरवाजों के सौंदर्यकरण का प्रस्ताव पास करने पर उनका आभार व खुशी जताई।

# सीएम साहब, अंडरपास का एस्टीमेट भी बना, फसल कटाई से पहले कर दो मंजूर

### सांसद, मंत्री, विधायक व विपक्ष भी कर चुका है अंडरपास की मांग

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी।

**फसल** कटाई का समय नजदीक है। किसानों को अंडरपास की खास जरूरत है। अंडरपास बनाने के लिए 24 करोड़ 72 लाख रुपये का एस्टीमेट भी बन चुका है। स्थानीय सांसद, मंत्री व विधायक भी अंडरपास बनाने पर सहमत है, इसलिए हरियाणा सरकार को अंडरपास बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए इसके बजट को स्वीकृति देने में देरी नहीं करनी चाहिए।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश ने जारी एक बयान में कहा कि पाली रेलवे फाटक पर रेल अंडरपास बनाने की मांग को लेकर 4-5 गांवों के लोग विगत 37 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। धरने पर बैठे ग्रामीणों की मांग है कि फसल कटाई से पहले रेल अंडरपास बनाने के बजट को हरियाणा की भाजपा सरकार स्वीकृति दे, ताकि लोग धरना खत्म कर सकें। विद्रोही ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए इसे जायज बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद व विधायक तथा पीडब्ल्यूडी विभाग पाली रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग को जायज मानते हैं, इसलिए रेल अंडरपास बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए इसके बजट को हरियाणा हरियाणा सरकार को देरी नहीं करनी चाहिए। विद्रोही ने कहा कि पाली रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, हरियाणा के मंत्री डॉ. बनवारीलाल व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य वीरकुमार यादव के माध्यम से रेलवे के संबन्धित जनरल मैनेजर व डीआरएम से बात की थी और सभी का रूख सकारात्मक रहा है। राव इन्द्रजीत सिंह ने तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नशा न करने और गांधीवादी आंदोलन की शपथ दिलाई



**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर युवा कल्याण संगठन द्वारा कस्बा तोशाम में युवा किसानों को नशा न करने की तथा गांधीवादी तरीके से किसान आंदोलन जारी रखने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर युवा किसानों को शपथ दिलाते युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर उनके संगठन द्वारा आज यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें युवाओं को नशा न करने की तथा गांधीवादी तरीके से आंदोलन चलाने की शपथ दिलाई गई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव आसाखेड़ा के समीप तेज रफ्तार पिकअप सवार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर गंभीर चोटें लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के गांव ढाबां निवासी मेघाराम ने बताया कि बीती 24 फरवरी को वह अपने भाई के साले दलबीर के साथ गांव आसाखेड़ा आया हुआ था। रात को दोनों बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गांव आसाखेड़ा से निकलते ही तेज रफ्तार पिकअप चालक ने उनके बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे दोनों बाइक सहित उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसके भाई के साले दलबार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### संत रविदास के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**सिरसा।** भक्तियुगीन धारा के महान संत गुरु रविदास के 644वां जन्मोत्सव पर शुक्रवार को नगर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा को सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बुधराम व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके दहिया भी उनके साथ उपस्थित थे। संत शिरोमणि गुरू रविदास सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की। गुरू रविदास की शिक्षाओं पर आधारित अनेक झांकियां इस शोभायात्रा में शामिल की गई। बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते श्रद्धालु घंटाघर चौक, भगत सिंह चौक, रोड़ी बाजार, जनता भवन रोड, अनाज मंडी, शिव चौक, सूरतगढ़िया बाजार आदि से होते हुए वापस मंदिर में पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह तोरण और स्वागत द्वार लगाए गए थे। गतका पार्टी ने अपने करतबों से लोगों को चकित किया। गुरू रविदास की पालकी की शोभा देखते ही बन रही थी। फूलों से सजी पालकी में गुरूजी की मूर्ति रखी थी और लोगों को प्रसाद वितरित किया जा रहा था। 27 फरवरी को मंदिर परिसर में ही मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपना भारत मोर्चा के संयोजक एवं पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर मुख्यातिथि होंगे।

### परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन को एक और अवसर

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेण्डरी तथा सीनियर सैकेण्डरी पूर्ण विषय (फ्रेश कैटेगरी), सी.टी.पी. एवं रि-अपीयर परीक्षा अप्रैल-2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन-फार्म भरने की तिथि विलम्ब शुल्क 2000 रुपये सहित 10 मार्च, 2021 निर्धारित कर दी गई है। ये जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो जगबीर सिंह बताया कि मुक्त विद्यालय की सैकेण्डरी तथा सीनियर सैकेण्डरी पूर्ण विषय (फ्रेश कैटेगरी), सीटीपी एवं रि-अपीयर परीक्षा अप्रैल-2021 के परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि विलम्ब शुल्क सहित 6 फरवरी रखी गई थी। वह अब 10 मार्च, 2021 तक 2000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर करना सुनिश्चित करें।

### कैशबैक का झांसा देकर ठगे दो लाख 35 हजार रुपये

**पलवल।** मोबाइल फोन पर कैशबैक आने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खातों से 2.35 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मोबाइल नंबरों के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि असावटी गांव निवासी धर्मवीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पास एक फोन आया और कहा कि आपके फोन पर कैशबैक आया है। बेलकिन पटन दबाओगे तो पैसे आपके खाते में चले जाएंगे। पीड़ित ने जैसे ही बटन दबाया तो उसके खाते से 1300 रुपए कट गए, उसने कहा कि आने की बजाए पैसे तो खाते से कट गए है। जिसपर फोन करने वाले ने कहा कि आपके खाते में कुछ रुकावट आ रही है, दूसरा खाता नंबर दो। पीड़ित ने अपने पिता का खाता नंबर दे दिया। जिसके बाद उसके ओटीपी नंबर पूछ तो पीड़ित ने बता दिया और उस खाते से भी 9990 रुपये कट गए तो वह बोला वापस आ जाएंगे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में गई तीन लोगों की जान

**पलवल।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर बाईकों की टकरों से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर बाइकों व अज्ञात चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान ने बताया कि जिला अलीगढ़ (यूपी) के भगताढ़ी निवासी महेश ने बताया कि 24 फरवरी को वह और उसका जीजा असावटा गांव निवासी बलबीर पैदल-पैदल छन्जुनगर की तरफ से असावटा गांव की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान केजीपी की तरफ से एक बाइक आई जिससे वह तो बाल-बाल बच गया, लेकिन बाइक ने उसके जीजा बलवीर को सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया, दुर्घटना में लगी चोटों के कारण बलवीर की मौत हो गई। वहीं, होडल निवासी मोहित ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका भाई मनोज उर्फ अनमोल अपने निजी कार्य से फरीदाबाद गए थे। फरीदाबाद से लौटते समय रात के करीब 11 बजे जब वे होडल गोंढ़ोता चौक के निकट पैदल सर्विस रोड़ को क्रॉस कर रहे थे तभी पलवल की तरफ से आई एक बाइक सवार ने मनोज को सीधी टक्कर मार दी।

# आंदोलनरत किसानों ने उपमुख्यमंत्री को दिखाए काले झंडे, पुतला फूंका

## शिक्षा मंत्री का दौरा भी हुआ रद्द, सिंघु बॉर्डर पर शहीद युवा किसान को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा



सिरसा में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करते किसान।

**केंद्र** सरकार द्वारा बनाए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर आंदोलनकारी किसानों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसी कड़ी में किसानों द्वारा शुक्रवार को भूमणशाह चौक पर किसानों ने डिप्टी सीएम का पुतला फूंका।

इसके साथ-साथ पुलिस लाइन में डिप्टी सीएम के हैलीकॉप्टर में चढ़ते समय काले झंडे लहराए। वहीं शिक्षा मंत्री के कार्यक्रम को भी किसानों के विरोध के चलते रद्द कर दिया गया। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर किसानों के विरोध को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

सर्वप्रथम दिल्ली में सिंघु बॉर्डर पर एक युवा किसान के सुबह शहीद होने पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में कहीं भी भाजपा नेताओं के कार्यक्रम होंगे, उनका विरोध किया जाएगा। राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में कोई किसान नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि डिप्टी सीएम के सिरसा दौरे पर कार्यक्रम को लेकर किसानों ने शुक्रवार को भूमणशाह चौक पर उनका पुतला फूंका और पुलिस लाइन में उनके हैलीकॉप्टर को जाते समय काले झंडे दिखाकर विरोध जताया। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने किसानों को बरगलाकर वोट हथिया लिए और अब दोनों सत्तासीन भाजपा के साथ मिल गए। वे बार-बार यह ही मांग कर रहे हैं कि दोनों नेता इस्तीफा देकर किसानों के समर्थन में आएं, लेकिन दोनों नेताओं को किसान नहीं, बल्कि कुर्सी अधिक प्यारी है। भारूखेड़ा ने कहा कि काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है, बार-बार नहीं। जनता ऐसे नेताओं की हकीकत जान चुकी है और उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है। समय बदल चुका है और अब वोट बैंक की राजनीति करने वालों के दिन लद चुके हैं। इस मौके पर सतपाल सिंह सिरसा, सुखविंद्र सिंह धर्मपुरा, गुरमंगत सिंह वेदवाला, सुरजीत सिंह बेगू, गुरदीप सिंह मल्लेवाला, जशनदीप मलड़ी, छोटा सिंह नागोकी, लक्खा सिंह अलीकां, सुखदीप सिंह वेदवाला सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

### हरियाणा पुलिस ने कुंडली से 12 जनवरी को किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**हरियाणा** पुलिस द्वारा किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार की गई पंजाब की श्रमिक कार्यकर्ता नौदीप कौर को शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। वह बीती 12 जनवरी से हरियाणा की करनाल जेल में बंद है।

नौदीप ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमित जमानत की मांग की है। याचिका में आरोप है कि राज्य पुलिस ने उसको फर्जी केस में फंसाया है, इसलिए उसे नियमित जमानत दी जाए। पंजाब के मुक्तसर साहिब के तहत गांव ग्यानंदर की रहने वाली नौदीप कौर को सोनीपत पुलिस ने 12 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उन पर कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में हत्या का प्रयास और अवैध वसूली के आरोप हैं। नौदीप कौर हरियाणा के कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया में उन मजदूरों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन कर रही थीं जिनके वेतन लंबित थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए। उन पर हत्या की कोशिश के लिए के तहत मामला दर्ज किए गया।

आरोप है कि नौदीप कौर ने पुलिस वालों पर लाठियों से हमला किया। इन दिनों वह करनाल जेल में बंद है। यह मामला तब गंभीर हो गया था, जब यह खबरें आईं थी कि नौदीप कौर का शोषण किया जा रहा है। इसके बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौदीप को न्याय दिलाने को लेकर मुहिम शुरू हुई है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि उनके पास फुटेज हैं जिसमें कौर पुलिस के खिलाफ लोगों को भड़का रही थीं।

# योजना पर अमल के लिए टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को हटाना जरूरी : भारत

**नई दिल्ली। बीजिंग**

सरहद पर शांति और स्थिरता को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए भारत ने चीन से कहा है कि सैनिकों की पूर्ण वापसी की योजना पर अमल को लेकर जरूरी है कि टकराव वाले सभी इलाकों से सैनिकों को हटाया जाए। दोनों देशों ने समय-समय पर अपने दृष्टिकोण साझा करने के लिए हॉटलाइन संपर्क तंत्र भी स्थापित करने पर सहमति जताई है। पिछले सप्ताह भारत और चीन की सेना ने पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से सैनिकों और साजो-

**भारत और चीन की सेना ने पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से सैनिकों को पीछे हटाया था**

सामान को पीछे हटाने की प्रक्रिया संपन्न की। विदेश मंत्री एस जयशंकर की उनके चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बृहस्पतिवार को 75 मिनट तक टेलीफोन पर हुई बातचीत के संबंध में जारी करते हुए विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि चीन से कहा गया है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर



पिछले साल से गंभीर असर पड़ा है। मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री ने कहा कि सीमा संबंधी प्रश्न को सुलझाने में समय लग सकता है, लेकिन हिंसा होने, और शांति तथा सौहार्द बिगड़ने से संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्री लगातार संपर्क में रहने और एक हॉटलाइन स्थापित करने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हालात और भारत-चीन के बीच समग्र संबंधों को लेकर चर्चा की। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय द्वारा देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक वांग ने कहा कि चीन और भारत को आपसी भरोसे के सही मार्ग का कड़ाई से पालन करना चाहिए और दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग होना चाहिए। स्टेट काउंसलर का भी पद संभाल रहे वांग ने कहा कि दोनों देशों को द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर रखने के लिए सीमा मुद्दों को उचित तरीके से निपटाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक जयशंकर ने मॉस्को में सितंबर 2020 में अपनी बैठक का हवाला दिया जहां भारतीय पक्ष ने यथास्थिति को बदलने के चीनी पक्ष के एकतरफा प्रयास और उकसावे वाले बर्ताव पर चिंता प्रकट की थी। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल मॉस्को में बैठक के दौरान उनके बीच सहमति बनी थी कि सीमाई क्षेत्रों में तनाव की स्थिति दोनों देशों के हित में नहीं है और फैसला हुआ था कि दोनों पक्षों वार्ता जारी रखेंगे, सैनिकों को पीछे हटाएंगे और तनाव घटाने के लिए कदम उठाएंगे।

# राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाएगा : मोदी

**एजेंसी। चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला रही है तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) इन क्षेत्रों में बहुत पारदर्शिता लेकर आएगा।

प्रधानमंत्री ने चिकित्सा क्षेत्र के विद्यार्थियों से प्रसन्नचित्त रहने और हास्य रस को बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि इससे मरीजों को खुश रखने के साथ-साथ उनका मनोबल बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। यहां स्थित एमजीआर चिकित्सा विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में न केवल नई राह बनाई है, बल्कि इस राह पर दूसरे देशों की भी मदद की है। उन्होंने कहा कि भारत के स्वास्थ्य ढांचे को आज पूरे विश्व में नए नजरिए, नए सम्मान और नई विश्वसनीयता के साथ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा, हम पूरे चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एनएमसी के गठन से इस क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी और यह नए चिकित्सा कॉलेजों की स्थापना को तर्कसंगत बनाएगा। एनएमसी विधेयक वर्ष 2019 में संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ था और पिछले साल ही यह अस्तित्व में आया। इस आयोग के गठन का उद्देश्य भारतीय चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और गुणवत्तापूर्ण तथा उत्तरदाई व्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा, इससे इस क्षेत्र में मानव संसाधन की उपलब्धता और उसकी गुणवत्ता में सुधार आएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के वर्तमान कालखंड में भारत के स्वास्थ्य ढांचे को दुनिया भर में नए नजरिए, नए सम्मान और नई विश्वसनीयता के साथ देखा जा रहा है और ऐसे में चिकित्सकों की जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा, आप सब ऐसे समय में स्नातक की उपाधि हासिल कर रहे हैं जब भारतीय चिकित्सा जगत के पेशेवरों, वैज्ञानिकों और फार्मा जगत के पेशेवरों को सम्मान के नजरिए से देखा जा रहा है। कुल मिलाकर भारत के पूरे स्वास्थ्य ढांचे को नए नजरिए, नए सम्मान और नई विश्वसनीयता के साथ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि देश के युवा चिकित्सकों के कंधों पर जिम्मेदारी का बोझ भी बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान एमबीबीएस सीटों में 30 हजार से अधिक की वृद्धि हुई, जो 2014 की संख्या से 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। इसी प्रकार एमबीबीएस की स्नातकोत्तर सीटों की संख्या में 24 हजार की वृद्धि हुई जो 2014 की संख्या से लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में सिर्फ छह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान थे जबकि पिछले छह वर्षों में केंद्र सरकार ने देश भर में 15 और एम्स को मंजूरी दी है।




## अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ ही व्यवसायों के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने की जरूरत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यवसायों को ऋण प्रवाह बढ़ाने पर शुक्रवार को जोर दिया। मोदी ने वित्तीय क्षेत्र से संबंधित बजट प्रस्तावों पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय उत्पादों को फिनटेक और स्टार्टअप की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। मोदी ने कहा कि भले ही सरकार निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है, लेकिन बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में सरकार की उपस्थिति भी जरूरी है। मोदी ने कहा, जैसे-जैसे हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, और तेजी से बढ़ रही है, ऋण प्रवाह भी उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है। आपको देखना होगा कि ऋण नए उद्यमियों, नए क्षेत्रों तक कैसे पहुंचता है। अब आपको स्टार्टअप और फिनटेक के लिए नए और बेहतर वित्तीय उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## दीक्षांत समारोह में 21,000 से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की

**मोदी** ने कहा कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में 11 नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है और ये नए महाविद्यालय उन जिलों में खोले जाएंगे जहां फिलहाल कोई चिकित्सा महाविद्यालय नहीं है। इस दौरान तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित भी उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में 21,000 से अधिक छात्रों को डिग्री और डिप्लोमा उपाधियां प्रदान की गई। एमजीआर विश्वविद्यालय तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन के नाम पर रखा गया है। यह पहला मौका था जब देश के प्रधानमंत्री ने इस विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।



## भारत व्यापार बंद : ओडिशा में दुकानें बंद, सड़कों पर नहीं दिखे वाहन

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

कॉन्फेडेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा शुक्रवार को 12 घंटे के देशव्यापी बंद के प्रति एकजुटता दिखाते हुए ओडिशा में कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और सड़कों पर वाहन नहीं उतरे।

कैट ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ई-वाणिज्य से संबंधित मुद्दों को लेकर सुबह छह बजे से शाम छह बजे के बीच भारत बंद का आह्वान किया है। ओडिशा व्यवसायी महासंघ के नेता सुधाकर पांडा ने बताया कि दवा और दूध जैसी आवश्यक सेवाओं को बंद के दायरे से बाहर रखा गया है। गृह विभाग के विशेष सचिव संतोष बाला ने जिलाधिकारियों को एक पत्र लिखकर सुनिश्चित करने को कहा है कि बंद के कारण आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। राज्य में करीब 20 लाख दुकानें और कारोबारी प्रतिष्ठा बंद रहे और दोपहर तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। महासंघ से जुड़े नेताओं ने कहा कि भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, संबलपुर, बालासोर और ब्रह्मपुर समेत कई स्थानों पर बंद का असर दिखा। कारोबारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी में यूनिट-एक और यूनिट दो, बापूजी नगर और कल्पना जैसे बडे बाजार सुबह से ही बंद हैं।

## बैंक में जाली नोट जमा कराते पकड़ा युवक

संत कबीरनगर (उप्र)। जिले की दुधारा थाना क्षेत्र पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में जाली नोट जमा कराते एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी चंद्रभान ने शुक्रवार को बताया कि अब्दुल हकीम नामक व्यक्ति गुरुवार को बैंक में 80 हजार रुपये जमा कराने पहुंचा, लेकिन कैशियर को नोटों को लेकर शक हुआ और उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने हकीम को हिरासत में ले लिया और नोटों को जांच के लिए पड़ोसी जिले बस्ती में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में भेजा गया, जहां नोटों के नकली होने की पुष्टि की गई। बरामद नोट 500-500 रुपये मूल्य के हैं।

## रेल टेल कॉरपोरेशन का शेयर 16 प्रतिशत प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का शेयर शुक्रवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 16 प्रतिशत प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध हुआ। इसका इश्यू मूल्य 94 रुपए प्रति शेयर रखा गया था।

शेयर बाजारों में कारोबार की शुरुआत हालांकि, बिकवाली में शुरु हुई, लेकिन रेलटेल के शेयर ने 109 रुपये पर शुरुआत की। यह इसके इश्यू मूल्य से 15.95 प्रतिशत ऊपर है। वहीं बीएसई में कंपनी का शेयर 104.60 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। यहां यह 11.27 प्रतिशत प्रीमियम में रहा। इसके साथ ही कंपनी का बाजार पूंजीकरण 3,846.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। दूरसंचार क्षेत्र की इस कंपनी का शुरुआती सार्वजनिक निर्गम 42 गुणा अधिक अभिदान पाने में सफल रहा था।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल से हाथापाई


## पांच कांग्रेस विधायक निलंबित

**एजेंसिया शिमला।**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को अपने अभिभाषण के बाद सदन से लौट रहे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ कांग्रेस के कुछ विधायकों ने कथित तौर पर हाथापाई की।

इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने कांग्रेस के पांच विधायकों को निलंबित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बताया कि सत्र के बाद





जब राज्यपाल अपने वाहन के पास जा रहे, तब सदन में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस विधायक हर्ष वर्धन चौहान, सुंदर सिंह ठाकुर, सत्यपाल रायजादा और विनय कुमार ने उनके साथ हाथापाई की। इसके बाद सुरेश भारद्वाज ने कांग्रेस के पांच विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव सदन में पेश किया जिस पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इससे पहले, विधानसभा सत्र शुरू होते ही पूर्वाह्न 11 बजे सदन में विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री की अगुवाई में कांग्रेस के सदस्य अपनी सीट से खड़े हो गए और नोरबाजी करने लगे। हंगामे के बीच, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की केवल आखिरी पंक्ति पढ़ी और कहा कि बाकी का भाषण पढ़ा हुआ माना जाए।

# फेसबुक ने ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रकाशकों के साथ किया भुगतान समझौता

**एजेंसी। कैनबरा।**

फेसबुक ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रकाशकों के साथ प्रारंभिक समझौता होने की घोषणा की। इससे ठीक एक दिन पहले देश की संसद ने वह कानून पारित कर दिया कि डिजिटल कंपनियों को खबरें दिखाने के एवज में भुगतान करना होगा।

फेसबुक ने कहा कि तीन स्वतंत्र समाचार संस्थानों प्राइवेट मीडिया, स्वाट्ज मीडिया और सोलस्टिक मीडिया के साथ आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। फेसबुक ने एक बयान में कहा कि व्यावसायिक समझौते के संदर्भ में अगले 60 दिनों में पूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। बयान में कहा गया, ये समझौते श्रेष्ठ पत्रकारिता की नई इबारत पेश करेंगे। इनमें से कुछ पहले की विषयवस्तु के लिए भुगतान भी शामिल हैं। स्वाट्ज मीडिया की मुख्य कार्यकारी रेबेका कोस्टेलो ने कहा कि यह समझौता उनकी कंपनी को स्वतंत्र पत्रकारिता को जारी रखने में मदद करेगी।




## मंत्री पर बम हमला मामले में सीआईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने मुर्शिदाबाद के निम्तिता रेलवे स्टेशन पर किए गए बम हमले में राज्य के मंत्री जाकिर हुसैन और 20 अन्य लोगों के घायल होने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि दोनों पर विस्फोटक पदार्थ कानून, 1908 और हत्या के प्रयास समेत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया, आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए दोनों को अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईडी के अधिकारी जांच के तहत राज्य में विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक और राज्य के श्रम मंत्री हुसैन 17 फरवरी को करीब 10 बजे रात में कोलकाता जाने के लिए प्लेटफॉर्म संख्या दो पर ट्रेन के आने का इंतजार कर रहे थे।

## योगी ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेह में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए सेना के जवान गणेश यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने मऊ जिले के निवासी यादव के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद जवान के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जिले की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की भी घोषणा की है।

# घेब्रेसस ने कोविड-19 टीका साझा करने संबंधी प्रतिबद्धता के लिए मोदी की सराहना की

## टीकों की आपूर्ति में भारत का समर्थन 60 से अधिक देशों को

**एजेंसी। जिनेवा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेसस ने दुनियाभर में 60 से अधिक देशों को कोविड-19 टीका साझा करने और टीके के समान रूप से वितरण संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता की सराहना की है और उम्मीद जताई कि अन्य देश उनका अनुसरण करेंगे।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक घेब्रेसस ने एक ट्वीट में कहा कि टीकों की आपूर्ति में भारत का समर्थन 60 से अधिक देशों को टीकाकरण प्रक्रिया शुरू करने में मदद कर रहा है। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, टीका समानता (इक्विटी) का समर्थन करने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। कोवैक्स और कोविड-19 टीके की खुराकों को साझा करने संबंधी आपकी प्रतिबद्धता 60 से अधिक देशों में उनके स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य प्राथमिकता वाले समूहों का टीकाकरण शुरू करने में मदद कर रही है। मुझे उम्मीद है कि अन्य देश भी आपकी इस प्रतिबद्धता का अनुसरण करेंगे।

भारत ने कोविड-19 टीके की छह लाख खुराक की पहली खेप




बुधवार को अफ्रीकी देश घाना के लिए भेजी थी। यूनिसेफ के सहयोग से कोवैक्स समझौते के तहत घाना को टीके की डोज भेजी जा रही है। इस समझौते में कुल 92 देश शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने 12 फरवरी को कहा था कि भारत ने कोरोना वायरस के टीके की 229 लाख खुराक विभिन्न देशों को भेजी है। इनमें से 64 लाख खुराक अनुदान के तौर पर दी गई और 165 लाख की आपूर्ति वाणिज्यिक आधार पर की गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा था कि वैश्विक टीका आपूर्ति पहल को भारत आगे बढ़ाना जारी रखेगा और चरणबद्ध तरीके से इसमें कई देशों को शामिल किया जाएगा।

श्रीवास्तव ने कहा था कि भेंट के तौर पर कोरोना वायरस टीके की खुराकें बांग्लादेश (20 लाख), म्यांमा (17 लाख), नेपाल (10 लाख), भूटान (1.5 लाख), मालदीव (एक लाख), मॉरीशस (एक लाख), सेशेल्स (50,000), श्रीलंका (पांच लाख), बहरीन (एक लाख), ओमान (एक लाख), अफगानिस्तान (पांच लाख), बारबाडोस (एक लाख) और डोमिनिका (70,000) को भेजी गई हैं। उन्होंने कहा था कि वाणिज्यिक आधार पर ब्राजील (20 लाख), मोरक्को (60 लाख), बांग्लादेश (50 लाख), म्यांमा (20 लाख), मिस्र (50,000), अल्जीरिया (50,000), दक्षिण अफ्रीका (10 लाख), कुवैत (दो लाख), यूएई (दो लाख) को टीके की आपूर्ति की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोगों का शुक्रिया अदा करने सूरत पहुंचे केजरीवाल

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में नगर निगम के चुनावों में अपनी पार्टी के शानदार प्रदर्शन के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल लोगों का शुक्रिया अदा करने के लिए शहर आए। आप ने हाल ही में हुए नगर निगम चुनाव में 27 सीटें जीती हैं। सुबह शहर के हवाईअड्डा पहुंचने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैं सूरत के लोगों का शुक्रिया अदा करने के लिए यहां आया हूं। आप ने सूरत नगर निगम (एसएमसी) की 27 सीटें जीतकर गुजरात की राजनीति में अपना रास्ता बना लिया है। गुजरात के छह शहरों में रविवार को नगर निगम के चुनाव हुए थे। भाजपा 120 सदस्यीय एसएमसी में 93 सीटें जीतकर सत्ता में कायम है जबकि आप शेष 27 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर उभरी है। कांग्रेस ने 2015 में यहां 36 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार उसे एक भी सीट पर जीत नहीं मिली।

### फिरोजाबाद में लड़की से मिलने आए युवक की पिटाई, मौत

**फिरोजाबाद (उप्र)।** फिरोजाबाद नगर के थाना रसूलपुर के शांति नगर में लड़की से मिलने आए एक युवक की बृहस्पतिवार की देर रात लड़की के परिजनों द्वारा की गई कथित पिटाई से मौत हो गई। पुलिस ने लड़की के परिजनों समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी फतेह बहादुर ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि थाना रसूलपुर के क्षेत्र शांति नगर निवासी 22 वर्षीय पवन सिंह मोहल्ले में ही एक लड़की से मिलने बृहस्पतिवार की शाम को पहुंचा था। उन्होंने बताया कि लड़की के परिजनों ने मिलकर उसकी कथित तौर पर पिटाई की। उन्होंने बताया कि घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात्रि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि युवक के परिजनों की शिकायत पर लड़की के पिता हरि सिंह सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### केंद्र सरकार को लोगों को राहत देने के बारे में सोचना चाहिए : वाड्रा

**जयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रावर्ट वाड्रा ने बढ़ती महंगाई व पेट्रोल- डीजल की आसमान छूती कीमतों को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसे लोगों को राहत देने के बारे में सोचना चाहिए। जयपुर की निजी यात्रा पर आए वाड्रा ने पेट्रोल- डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा, महंगाई बढ़ी है, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। केंद्र सरकार को सोचना पड़ेगा कि लोगों के हित में क्या कदम उठाए जा सकते हैं। जयपुर की निजी यात्रा पर आए रावर्ट वाड्रा ने जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा- अर्चना की। वाड्रा ने अपने खिलाफ लगे विभिन्न आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि वह हर जांच में एजेंसियों को सारे दस्तावेज उपलब्ध करवा चुके हैं। वाड्रा ने कहा कि जितने भी आरोप लगाए हैं, सब बेबुनियाद हैं।

### प्रियंका गांधी ने गहलोत को दिया धन्यवाद

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भरतपुर में दुष्कर्म के एक मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद किया है। प्रियंका ने शुक्रवार को ट्वीट किया, भरतपुर मामले में संज्ञान लेकर शीघ्रता से न्यायोचित कार्रवाई करने के लिए अशोक गहलोत जी का बहुत धन्यवाद। उन्होंने लिखा, कोई भी राजनीतिक व्यवस्था महिलाओं के प्रति संवेदनशील हुए बिना प्रगति नहीं कर सकती। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश में मथुरा जनपद के पालीखेड़ा गांव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की सभा में कुछ लोगों ने यह मामला उठाया था। सभा में मंच के समक्ष करीब दर्जनभर लोगों ने तख्तियां दिखाते हुए राजस्थान की एक लड़की को राज्य सरकार से न्याय दिलाने की मांग करनी शुरू कर दी। प्रियंका गांधी इन लोगों से मिलीं व उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उसी समय मुख्यमंत्री गहलोत से बात की। इसके बाद पुलिस ने भरतपुर जिले के जुरहरा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष दर्ज दुष्कर्म मामले में पीड़िता और उसके परिजनों को सुरक्षा मुहैया करवा दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर कार्वाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



### बाल ठाकरे स्मारक स्थल पर पेड़ों का ब्योरा तैयार करने को कहा

औरंगाबाद। महाराष्ट्र के मंत्री सुभाष देसाई ने शुक्रवार को औरंगाबाद जिले में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रियदर्शिनी उद्यान में लगे पेड़ों का ब्योरा तैयार करें और उनकी पहचान संख्या तय करें। इस स्थल को शिवसेना के सुप्रीमो बाल ठाकरे के स्मारक के लिए चुना गया है। स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं को देसाई ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इलाके की जैव विविधता बाधित नहीं होनी चाहिए। देसाई जिले के प्रभारी मंत्री हैं। मंत्री ने औरंगाबाद नगर निगम के अधिकारियों, ठेकेदारों और प्रियदर्शिनी उद्यान में प्रकृति प्रेमियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा, मैंने प्रगति कार्यों का आकलन किया है। जगह को इसकी सुंदरता के कारण स्मारक बनाने के लिए चुना गया। प्रकृति प्रेमियों के सुझाव पर हम गौर करेंगे। मंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर पेड़ का दस्तावेज तैयार करें और यहां हर पेड़ की एक पहचान संख्या निर्धारित करें। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचे और इलाके में पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

# अमेरिका ने ईरान समर्थित मिलिशिया गुटों के ठिकानों पर किया हवाई हमला



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका ने इराकी सीमा के पास ईरान समर्थित मिलिशिया गुटों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए, बृहस्पतिवार को हवाई हमले किए।

पेंटागन ने कहा कि ए हवाई हमले इराक में इस माह की शुरुआत में किए गए रॉकेट हमले की जवाबी कार्रवाई है। रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और अमेरिकी सेना का एक जवान तथा अमेरिका नीत सैन्य गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता में आने के बाद यह सेना द्वारा किया पहला हवाई हमला है। बाइडन का सीरिया में हमले का यह कदम क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने का नहीं बल्कि इराक में अमेरिकी सैनिकों की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता दर्शाता है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, हमें पता है कि हमने किसे निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि जिस स्थान को निशाना बनाया गया उसका इस्तेमाल शिया आतंकवादी हवाई हमले में कर रहे थे। गौरतलब है कि उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास रॉकेट हमला किया गया था, जिसमें अमेरिकी सेवा के एक असैन्य कॉन्ट्रेक्टर की मौत हो गई थी और गठबंधन के कई अन्य लोग घायल हो गए थे। इस हवाईअड्डे के पास ही में अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है। ऑस्टिन ने कहा कि उन्होंने बाइडन को इस कार्वाई का सुझाव दिया था। इससे पहले, पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने अमेरिका कार्वाई को एक नपी तुली सैन्य प्रतिक्रिया करार दिया था।

# मुआवजे के नाम पर 90 करोड़ रुपये का घोटाला

## अब वसूली की तैयारी में नोएडा विकास प्राधिकरण, दोषी अधिकारियों पर भी गिरी गाज

● 1982 में सेक्टर बसाने के लिए अधिग्रहण के बदले बांटी गई थी राशि




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में तीन दशक पुराने जमीन अधिग्रहण मामले में 90 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामला नोएडा के गेझा तिलताबाद गांव से जुड़ा है। शहर में एक सेक्टर बसाने के लिए साल 1982 में जमीनों का अधिग्रहण किया गया था।

सभी किसानों को मुआवजे की राशि दे दी गई। पता चला है कि प्राधिकरण के अधिकारियों की मिलीभगत से मुआवजे के तौर पर 90 करोड़ रुपए अतिरिक्त दिए गए। सभी काश्तकारों को बाद में फिर से रकम दी गई। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने इस घोटाले की जांच के लिए आदेश दे दिया है।

एक कमेटी इसकी जांच कर रही है। मामले में एक असिस्टेंट लीगल ऑफिसर की भूमिका सामने आई है और उसे सस्पेंड कर दिया गया है। प्राधिकरण ने जिलाधिकारी कार्यालय से उन सभी 9 लोगों से वसूली के लिए नोटिस जारी करने का आग्रह किया है, जिन्हें मुआवजे के नाम पर अतिरिक्त रकम दी गई। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चीफ लीगल एडवाइजर घोटाले से जुड़ी जानकारी अधिकारियों के संज्ञान में ले आए। एक समिति पिछले 6 महीने से इसकी जांच कर रही है। शुरुआती छानबीन में 15 लेनदेन में

अनियमितता और विसंगतियां मिली हैं। इसमें से नौ मामलों में धोखाधड़ी सामने आई है। इन सभी लेनदेन में लाभार्थियों को बाद में अतिरिक्त मुआवजा राशि दी गई थी। अर्थोरिटी की सीओ ने बताया कि एक मामले में कार्रवाई की गई है, जबकि अन्य की जांच की जा रही है। जल्दी ही इन सभी की भी छानबीन पूरी कर ली जाएगी। फिलहाल एक सहायक लॉ ऑफिसर के अलावा एक ऑफिस असिस्टेंट की भूमिका भी सामने आई है। हालांकि वह रिटायर हो चुका है।

अधिकारी ने बताया कि गेझा तिलपताबाद गांव के 9 भू-मालिकों को तय मुआवजा राशि से 89.30 करोड़ रुपये ज्यादा दिए गए।

### यह है पूरा मामला

साल 1982 में नोएडा प्राधिकरण ने एक सेक्टर विकसित करने के लिए गेझा तिलताबाद गांव की जमीन के अधिग्रहण से संबंधित नोटिफिकेशन जारी किया था। जमीनों के रेट तय कर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू हुई। मगर कुछ काश्तकारों ने मुआवजे के लिए निर्धारित दर के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। साल 1993 में हाईकोर्ट ने मुआवजे की राशि 16.61 पैसे प्रति स्क्वायर मीटर तय किया। इन दरों के मुताबिक मुआवजे की राशि किसानों को दी गई। साल 1999 में मुख्य याचिकाकर्ता किसान भुल्लड़ सिंह की मृत्यु हो गई। वर्ष 2012 में मृतक भल्लड़ सिंह के सगे-संबंधियों ने फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने इस पर सुनवाई करते हुए दरों में संशोधन किया और 297 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर का रेट निर्धारित किया। गेझा तिलताबाद गांव के भू-स्वामियों ने भी हाई कोर्ट से तय दरों पर सहमति जताई। नई दरों के मुताबिक भुल्लड़ सिंह के परिवार को 9.17 करोड़ का मुआवजा फिर दिया गया।

## नौजवानों के हाथ में आई आंदोलन की बागडोर

गाजियाबाद। शुक्रवार को गाजीपुर बॉर्डर पर किसान आंदोलन के तीन महीने पूरे होने पर युवाओं के योगदान को मद्देनजर रखते हुए 'युवा किसान दिवस' मनाया गया। गाजीपुर मोर्चे का मंच संचालन युवाओं द्वारा किया गया साथ ही वक्ता भी युवा रहे। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ गाजीपुर बॉर्डर समेत राजधानी दिल्ली की अन्य सीमाओं पर किसानों का आंदोलन जारी है।सर्दी के मौसम में शुरू हुआ किसान आंदोलन अब गर्मी के मौसम में प्रवेश कर चुका है। किसान आंदोलन को तेज करने के लिए, संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। युवा किसान जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर ये किसान युवा दिवस मनाया गया है। आज एक दिन के आंदोलन की बागडोर युवाओं के हाथों में सौंपी गई है। युवा किसान दिवस के मद्देनजर विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने ही मंच का संचालन किया और मंच से भाषण भी युवाओं ने ही दिया।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

आज का दिन शुभ नजर आ रहा है। कारोबारी लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें अन्यथा गुम हो सकती है। घरेलू सुख-साधनों के पीछे थोड़ा धन खर्च होगा। नौकरी के क्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बड़े अधिकारी आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भाग्यांक: 7

विशेष: पानी में नमक मिलाकर घर में पोंछा लगाएं

### वृष

आज कोई संपत्ति का सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। कामकाज की बाधाएं दूर होंगी। करियर में आगे बढ़ने के मार्ग हासिल हो सकते हैं। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। पति-पत्नी के बीच चल रहे मतभेद खत्म होंगे। मन प्रसन्न रहने वाला है। लाभ के कई अवसर हाथ लग सकते हैं।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

भाग्यांक: 6

विशेष: लहसुन की कुछ गांठे जल प्रवाह कर दें

### मिथुन

धन हानि होने की आशंका बन रही है। मानसिक चिंता और तनाव बना रहेगा। व्यापार सामान्य चलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है, जिससे आपका मन हताश रहेगा। दूर संचार माध्यम से बुरी खबर मिल सकती है। मेहनत के अनुसार फल की प्राप्ति नहीं हो पाएगी। व्यापार के सिलसिले में आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

भाग्यांक: 4

विशेष: मां लक्ष्मी को सफेद गुलाब का फूल अर्पित करें

### कर्क

आज अप्रत्याशित रूप से लाभ मिलने की संभावना है। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल हो सकते हैं। भाग्य साथ देगा। किसी बड़े काम में सफलता हासिल होगी। घर-परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। विवाह योग्य लोगों को विवाह का अच्छा रिश्ता मिल सकता है। आप अपने ऊपर नकारात्मक विचारों को हावी मत होने दीजिए।

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्यांक: 7

विशेष: केसर का हलवा बनाकर गरीबों में बांटे

### सिंह

आज का दिन ठीक रहेगा। धर्म-कर्म के कामों में आपका अधिक मन लगेगा। अपने मनपसंद भोजन का आनंद ले सकते हैं। दोस्तों के साथ घूमने की योजना बन सकती है। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। रुके हुए कार्य प्रगति पर आ सकते हैं।

(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

भाग्यांक: 6

विशेष: सूर्य आसन करें

### कन्या

आज थोड़े प्रयास में कार्य में सफलता मिलने के योग नजर आ रहे हैं। दोस्तों के साथ चल रहे मतभेद खत्म होंगे। आपका भाग्य प्रबल रहेगा। आप कहीं पूंजी निवेश करने की योजना बना सकते हैं, जिसका भविष्य में अच्छा फायदा मिलेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। भागीदारों का पूरा सहयोग मिलेगा। अगर आपने किसी को पैसा उधार दिया है तो वह पैसा वापस मिल सकता है।

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

भाग्यांक: 4

विशेष: रात्रि के समय दूध में हल्दी डालकर पिएके चरण छुए।

### तुला

आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। दूर संचार माध्यम से अच्छी खबर मिल सकती है। आमदनी बनी रहेगी। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। किसी मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहें। कामकाज में धैर्य रखने की जरूरत है। मानसिक चिंता कम होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

भाग्यांक: 7

विशेष: आज दिन भर बिना नमक का भोजन ग्रहण करें

### वृश्चिक

स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करने से बचना होगा। मानसिक तनाव अधिक होने के कारण काम में ध्यान लगाना काफी मुश्किल हो सकता है। नौकरी के क्षेत्र में सहकर्मियों से कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उस दौरान गाड़ी प्रयोग में सावधानी बरतें।

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

भाग्यांक: 8

विशेष: पीपल के वृक्ष पर सुगंधित धूप जलाएं

### धनु

आज का दिन ठीक रहेगा। माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा का प्रोग्राम बना सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे, जिसका आगे चलकर आपको अच्छा फायदा मिलेगा। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को सफलता मिलने के योग नजर आ रहे हैं। धन प्राप्ति हो सकती है।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

भाग्यांक: 5

विशेष: कौवे को रोटी के टुकड़े करके डालें

### मकर

आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान निकल सकता है। विवाह योग्य लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिलेगा। भाइयों का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। धन संबंधित मामलों में आपको लाभ मिलने की संभावना है। बच्चों की तरफ से तरक्की की खुशखबरी मिल सकती है।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्यांक: 5

विशेष: माथे पर केसर का टीका लगाएं

### कुंभ

आज रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। प्रेम जीवन में सकारात्मक नतीजे हासिल होंगे। शीघ्र ही आपका प्रेम विवाह हो सकता है। व्यापार के लाभ में वृद्धि होगी। घर का माहौल खुशहाल रहेगा। पड़ोसियों के साथ चल रहे मतभेद खत्म हो सकते हैं। जीवनसाथी से खुशखबरी मिल सकती है। आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

भाग्यांक: 3

विशेष: भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की कथा पढ़ें

### मीन

मन आज पूजा-पाठ में अधिक रहेगा। किसी तीर्थ यात्रा का आयोजन हो सकता है। आर्थिक उन्नति प्राप्त होगी। कामकाज में अच्छा फायदा मिल सकता है। सामाजिक सेवा और दान-पुण्य के कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मित्रों के साथ बेहतरीन समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा।

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

भाग्यांक: 1

विशेष: जमादार को कुछ पैसे दान कर दें

# पुलिस की बेरिकेडिंग लोगों के लिए बनी जी का जंजाल



गाजियाबाद। 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड के दौरान देश की दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हुए बवाल के बाद पुलिस के द्वारा की गई किले बंदी आमजन के लिए जी का जंजाल बन गई है। जहां हिंडनपार के कौशांबी में ईडीएम मॉल के निकट जाम की समस्या बढ़ गई है। वहीं यूपी गेट पर दो पहिया वाहन चालकों के लिए गाजियाबाद की दिशा में आना बड़ी चुनौती बन गई है। गहरे गड्ढे के बीच दो पहिया वाहन चालक अपने गंतव्य की तरफ बढ़ते हुए दिखते है। यहां कई चक्रों में सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। एक तरह से देखा जाए तो जो यूपी गेट से गाजियाबाद आने के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए रास्ता था, उसे भी बंद कर दिया गया है। अब जैसे तैसे दो पहिया वाहन चालक अपने गंतव्य की तरफ बढ़ते हुए दिखाई पड़ते है, जबकि कौशांबी स्थित ईडीएम मॉल के निकट वाहनों का दबाव बढ़ने के परिणाम स्वरूप जाम की समस्या बढ़ गई है। बीजेपी के पार्षद मनोज गोयल का कहना है कि जिले की पुलिस को चाहिए कि ईडीएम मॉल के आस-पास अलग से पुलिस के जवान तैनात किए जाए, ताकि जाम की समस्या दूर हो सकें।

● कौशांबी में ईडीएम मॉल के निकट जाम की से आमजन बेहाल

# जेवर एयरपोर्ट निर्माण में आने वाली दिक्कतें होगी दूर

● विकासकर्ता कंपनी और यूपी सरकार के बीच एक मार्च को होगा अनुबंध

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण कार्य शुरू होने की दिशा में एक कदम और बढ़ गया है। अब विकासकर्ता कंपनी और सरकार के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट होगा। यह अनुबंध पहली मार्च को लखनऊ में किया जाएगा।

इस अनुबंध के बाद सरकार विकासकर्ता कंपनी को हर तरह सहयोग करेगी। वहीं, एयरपोर्ट के मास्टर प्लान पर जल्द ही केंद्र सरकार की मुहर लग सकती है। जेवर एयरपोर्ट को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक हुई थी। बैठक में एयरपोर्ट से जुड़े हर बिंदु पर चर्चा हुई। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड करेगी।

बैठक में तय हुआ कि इस कंपनी और सरकार के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट पहली मार्च को किया जाएगा। नियाल के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि यह अनुबंध लखनऊ में किया जाएगा। इस अनुबंध से विकासकर्ता कंपनी को तमाम तरह के लाइसेंस, कनेक्टिविटी के संसाधन, टैक्स आदि सभी तरह के कामों में सरकार सहयोग करेगी।

बैठक में पुर्नस्थापन एवं व्यवस्थापन के कामों को लेकर चर्चा हुई। एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित परिवारों को जेवर बांगर के पास बसाया जा रहा है। यहां पर विकास कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। इन कामों को लेकर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने संतुष्टि जताई है। कंपनी ने जमीन सौंपने को लेकर अब तक हुई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में कंपनी की ओर से बताया गया कि केंद्र सरकार से मास्टर प्लान के आने के बाद 15 दिन में मास्टर प्लान में संशोधन कर लेंगे। नियाल के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार के पास मास्टर प्लान है।

# बंद का आंशिक असर, व्यापारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जीएसटी में व्याप्त जटिलताओं के सरलीकरण करने और व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग को लेकर घोषित बंद का गाजियाबाद के बाजारों में मिलाजुला असर दिखाई दिया। प्रमुख बाजारों में कहीं दुकानें बंद तो कहीं खुली दिखाई दी।

इस दौरान संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट फेडरेशन व कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने शुक्रवार को पूरे देश में बंद का आह्वान किया था। व्यापारी कई दिनों से तैयारी कर रहे थे। गाजियाबाद के प्रमुख बाजार घंटाघर चौपला तुरब नगर रमते राम रोड में बंद का मिलाजुला असर दिखाई दिया। व्यापारी नेता तिलकराज अरोडा ने कहा कि जीएसटी कानून से लगातार आ रही समस्याओं से व्यापारी निकल नहीं पा रहा है उसमें जल्द से जल्द कानून को सरल किया जाए।

### 'जीएसटी में समस्याओं को जल्द निपटारा हो'

गाजियाबाद। जीएसटी कानून को उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार जटिल बनाये जाने का आरोप लगाते हुए भारत बंद का समर्थन करते हुए गाजियाबाद के कई व्यापारी संगठनों ने भी बाजार बंद रख अपना विरोध जताया। गाजियाबाद के व्यापारियों ने शिवा टावर चौधरी मोड़ पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि व्यापारी जीएसटी कानून से लगातार आ रही समस्याओं से निकल नहीं पा रहा है।

# कार में प्रतिबंधित मवेशी का मांस मिलने से मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में झट्टा बडौली गांव के पास प्रतिबंधित मवेशियों के मांस से भरी इनोवा कार मिलने से हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी होते ही आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मामले की गंभीरता को समझते हुए नॉलेज पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हैं। पुलिस वहां उपस्थित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है। भीड़ के गुस्से को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। ग्रेटर नोएडा के आसपास के इलाके में लगातार मवेशियों के मांस मिल रहे हैं। लोग इसको लेकर गुस्से में हैं और नाराजगी जता रहे हैं।

शुक्रवार की सुबह नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के झट्टा बडौली गांव में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक इनोवा कार को पकड़ा। कार में प्रतिबंधित मवेशियों का मांस मिला। इसकी सूचना आग की तरह आसपास के इलाकों में फैल गई।

## अगवा बच्ची का शव बरामद पुलिस को दुष्कर्म का शक

गाजियाबाद। दिल्ली से अगवा की गई बच्ची का शव शुक्रवार सुबह मोदीनगर थाना क्षेत्र के तिबड़ा-पट्टी गांव के जंगल से बरामद कर लिया गया। बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

गाजियाबाद एसपी देहात ने बताया कि बच्ची की बरामदगी के लिए दिल्ली पुलिस को पूरा सहयोग कर रही थी। सूत्रों की मानें तो बच्ची को अगवा करके उसकी हत्या करने वाला अभियुक्त भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। दिल्ली के खिचड़ीपुर गांव से एक 10 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी।

## तमंचा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ 3 गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित कैला भट्टा इलाके में तमंचा बनाने वाली एक फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 तमंचे और तमंचे बनाने के उपकरण बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने बताया कि रेड मॉल नया बस अड्डे के समीप पुलिस चेकिंग के दौरान नदीम पुत्र असलम निवासी कैला भट्टा व रोहित पुत्र निरंजन निवासी पटेल नगर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से कुछ तमंचे बरामद किए गए थे। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि सनाउल्लाह नामक व्यक्ति कैला भट्टा इलाके में अपने घर पर तमंचा बनाने का कारोबार करता है। इस तमंचे लोगों को ढाई से 3 हजार में बेचते हैं।

पुलिस ने कैला भट्टा पहुंचकर सनाउल्लाह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया और बड़ी मात्रा में तैयार बने तमंचे बरामद किए गए। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह लोग इन तमंचा को मोबाइल लूटने और थ्री व्हीलर में सवारियों से कैश लूटने में प्रयोग भी करते हैं।



अवैध तमंचे बेचने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## गाजियाबाद की बिगड़ रही आबोहवा, रेड जोन में लोनी

गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में गाजियाबाद आज सबसे प्रदूषित शहर रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 294 पहुंच गया है। दिल्ली-एनसीआर में गाजियाबाद का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स सबसे अधिक दर्ज किया गया है। लोनी इलाके के प्रदूषण स्तर की बात करें, तो यहां का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स सबसे अधिक दर्ज किया गया।

# सिगरेट गोदाम में डकैती डालने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार

● तीन को लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



लूटे गए माल के साथ मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी।

ग्रेटर नोएडा पुलिस की बीती रात को सिगरेट के गोदाम में डकैती डालने वाले बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान 3 बदमाश गोली लगने से घायल हो गए है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

वही इनके साथ दो नाबालिग भी मिले है, जिन्हें बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा अपने संरक्षण में ले लिया गया है। पुलिस को इनके कब्जे से एक टाटा एस गाड़ी, 14 लूटे गए सिगरेट के कार्टन, 3 तमंचे, एक चाकू और कारतूस बरामद हुए है। डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने जिन बदमाशों को मुठभेड़ में घायल किया है। वो काफी शातिर किस्म के लुटेरे है। यह बदमाश 24 और 25 फरवरी की मध्य रात्रि में बीटा 2 थाना क्षेत्र में स्थित साइट-4 में एक सिगरेट के गोदाम में 25 लाख रुपये का माल लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस को इनके पास से लूटी गई टाटा एस छोटा हाथी गाड़ी, 14 सिगरेट की कार्टन, 3 तमंचे, एक चाकू और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि बदमाश की पहचान कपिल पुत्र नरेश, रोहित पुत्र शैलेन्द्र ठाकुर और रोहित पुत्र गंगाराम निवासी घोडी बछेडा के रूप में हुई है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि 24 फ रवरी की रात को ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने साइड.4 में स्थित एक सिगरेट के गोदाम में डकैती डाली थी।

बदमाशों ने गोदाम में रखा करीब 25 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने गोदाम में तैनात सुरक्षाकर्मी के गर्दन पर चाकू से वार किया था। बताया जा रहा है कि जब बदमाश सिगरेट के गोदाम में डकैती कर रहे थे तो सुरक्षाकर्मी ने देख लिया था। उसने विरोध करते हुए पुलिस को सूचना देने की कोशिश की थी, लेकिन बदमाशों ने सुरक्षाकर्मी के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया था।

# वाटर हार्वेस्टिंग के टेंडर पर निगम पार्षद ने लगाए सवालिया निशान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए निकाले गए टेंडर प्रक्रिया पर भारतीय जनता पार्टी के पार्षद हिमांशु मित्तल ने सवाल उठाए हैं। निगम अधिकारियों पर गड़बड़ करने का आरोप लगाते हुए इसको लेकर कोर्ट जाने की चेतावनी दी है। वही नगर निगम जलकल के महाप्रबंधक योगेश श्रीवास्तव का कहना है कि टेंडर नियमानुसार निकाले गए हैं। 15 वें वित्त आयोग से यह कार्य कराया जाना है। हिमांशु मित्तल ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि निगम गाजियाबाद में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। यह टेंडर इस बात का ज्वलंत उदाहरण है क्योंकि इस टेंडर में गाजियाबाद के 100 वार्डों में 100 वाटर रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनवाने का टेंडर दिया गया है और 100 के 100 में यह टेंडर में एक साथ निकाला है। यानी कि यह टेंडर स्पेसिफाई हो गया है। यह टेंडर कोई बड़ा ठेकेदारी ही ले सकता है। छोटे व्यक्ति कार्य नहीं कर पाएंगे।

निगम के महाप्रबंधक योगेश श्रीवास्तव का कहना है कि वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बोर्ड की बैठक में एक ही साथ 100 वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रस्ताव पारित हुआ है जिस कारण एक ही टेंडर निकाला गया है। इसमें कहीं कोई अनियमित नहीं है।

## आबकारी टीम व पुलिस ने पकड़ी 7 लाख की शराब

गाजियाबाद। आबकारी विभाग की टीम व मसूरी थाना पुलिस ने पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर सुंदरदीप कॉलेज के पास से एक ऐसी बुलेरो मैक्स को पकड़ा जिसमें बनाए गए तहखाने में छुपाकर शराब की तस्करी की जा रही थी। इस कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग व मसूरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात डॉक्टर इराज राजा ने बताया कि पकड़े गए शराब तस्कर दीपक निवासी रोहतक की निशानदेही पर बुलेरो मैक्स के अंदर छुपाई गई अंग्रेजी शराब की 16 पेटियां बरामद हुई हैं। अब पुलिस फरार हुए शराब तस्कर मांगेराम निवासी हिसार की गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी हुई है।

# यह सब आत्मविश्वास की बात है, टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर बोले अक्षर

## सात साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था



एजेंसी। अहमदाबाद

अक्षर पटेल के लिए इंतजार काफी लंबा था और पिछले तीन साल से हर व्यक्ति उनसे बस एक ही सवाल पूछता था, तुम भारतीय टीम में क्यों नहीं हो? पटेल को हालांकि पता था कि उनका समय आएगा और वह कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने कहा, यह सब आत्मविश्वास की बात है। गुजरात के आणंद के रहने वाले पटेल मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहते थे, लेकिन स्कूल के एक दोस्त के कहने पर क्रिकेट खेलने लगे। इंग्लैंड के खिलाफ दिन रात के तीसरे टेस्ट में रिकॉर्ड 11 विकेट लेकर बाएं हाथ के इस स्पिनर को वह बड़ा ब्रेक मिल गया जिसकी उन्हें सात साल से तलाश थी। उन्होंने सात साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था।

उस दिन के बाद से टीम में वह स्थाई जगह नहीं बना सके क्योंकि स्पिन हरफनमौला के रूप में रविंद्र जडेजा की जगह पक्की थी। इस श्रृंखला में भी जडेजा के चोटिल होने के कारण उन्हें मौका मिला। वह 2018 से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में दूसरे टेस्ट में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया।अक्षर ने हार्दिक पंड्या को बीसीसीआई टीवी के लिए इंटरव्यू में बताया, मैं तीन साल से टीम से बाहर हूं और अपने खेल के पहलुओं पर मेहनत करता रहा। मैंने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी पर काफी मेहनत की।

उन्होंने कहा, जब आप टीम से बाहर होते हैं तो दोस्त और दूसरे लोग बार-बार पूछते हैं कि अच्छा प्रदर्शन करने पर भी टीम में क्यों नहीं हो। ये चीजें दिमाग में आती रहती हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद से यही कहता था कि मौके का इंतजार करो और जब भी मौका मिलेगा, मैं अपना शत प्रतिशत दूंगा। अक्षर 15 वर्ष की उम्र में स्कूल के एक दोस्त के कहने पर क्रिकेट में आए। उनकी दादी ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन उनके भारतीय टीम में आने से पहले ही दादी का देहांत हो गया। उन्होंने कहा, मैं पूरा श्रेय अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को दूंगा जिन्होंने कठिन समय में मेरा साथ दिया।

यह पूछने पर कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट आसान लगा, अक्षर ने कहा, मुझसे हर कोई यह सवाल पूछ रहा है। जब चीजें अनुकूल हो तो आसान लगता है, लेकिन जब आप फुलटॉस चूक जाए तो पता चलता है कि यह कितना आसान है। इंटरव्यू के आखिर में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अक्षर के प्रदर्शन की गुजराती में तारीफ की। उन्होंने कहा, ऐ बापू तारी बोलिंग कमाल छे (बापू तुम्हारी गेंदबाजी शानदार है)।

# संक्षिप्त समाचार

### इगा स्वियाटेक डब्ल्यूटीए एडीलेड के फाइनल में




**एडीलेड।** फ्रेंच ओपन चैम्पियन इगा स्वियातेक एडीलेड इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने जिल टेइचमैन को 6-3, 6-2 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त स्वियातेक का सामना अब दूसरी वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच और अमेरिका की कोको गॉ के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने कहा, मैं मजबूत महसूस कर रही हूं जो काफी अहम है क्योंकि जब मैं अच्छा खेलती हूं तो खेल में मजा आता है।

### दीपक कुमार स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई रजत पदक विजेता दीपक कुमार (52 किलो) ने आसान जीत के साथ बुल्गारिया में चल रहे 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना ओलंपिक और विश्व चैम्पियन शखोबिदिन जोइरोव से होगा। दीपक ने बुल्गारिया के दारिस्लाव वासिलेव को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। वहीं एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जोइरोव ने अमेरिका के एंथोनी हेरेरा को 5-0 से हराया। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन ज्योति गूलिया (51 किलो) और भाग्यवती कचारी (75 किलो) हालांकि महिला वर्ग में हारकर बाहर हो गई। महिला वर्ग में भारत की चुनौती बिना किसी पदक के खत्म हो गई। पुरुष वर्ग में मनजीत सिंह (प्लस 91 किलो) भी हारकर बाहर हो गए। दो बार की विश्व चैम्पियन नाजिम काइजेबे को क्वार्टर फाइनल में हराने वाली गूलिया को रोमानिया की लाकरामियाआरा पेरिजोच ने 5-0 से हराया। कचारी भी इसी अंतर से अमेरिका की नाओमी ग्राहम से हार गई। मनजीत को आर्मेनिया के गुरजेन होवहानिस्यान ने मात दी।

### विषम परिस्थितियों में जीत सकता है भारत : हेडन

**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा है कि भारतीय टीम में महान टीम की सारी निशानियां हैं क्योंकि वह हर परिस्थिति में जीतने का हुनर जानती है। भारत ने आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर 2-1 से हराया। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में 2-1 से बढत बना ली है। हेडन ने ईमेल पर दिए इंटरव्यू में कहा, भारत ने दिखा दिया है कि वह ऐसी आधुनिक टीम है जो जुझारूपन से खेलना और विषम परिस्थितियों में जीतना जानती है। अपनी धरती पर भी और विदेश में भी। चेन्नई और अहमदाबाद में विकेटों को लेकर हो रही आलोचना पर हेडन ने कहा, विकेट बुरे तरीके से तैयार नहीं की गई थी। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। हालात ऐसे होने चाहिए कि मुकाबला बराबरी का हो। उन्होंने कहा, अपनी धरती पर और विदेश में भी टीमों को हालात के अनुकूल विशेषज्ञ रखने चाहिए। आधुनिक क्रिकेट, आधुनिक प्रारूप, अलग अलग हालात और अपार संसाधनों के चलते यही सही है। आस्ट्रेलिया के लिए 103 टेस्ट में 8625 रन बना चुके हेडन ने आर अश्विन और अक्षर पटेल का सामना करने में नाकाम रहे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को सलाह देते हुए कहा, अहमदाबाद की विकेट ज्यादा टर्न नहीं लेती। मैं इस पर जब संभव हो स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करता। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हालात के अनुरूप स्पिनरों को खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, गेंद के टर्न नहीं लेने पर क्रॉस बैट शॉट खतरनाक होते हैं जिससे पगबाधा होने की काफी संभावना रहती है।

### हिमा असम में डीएसपी बनीं, कहा जारी रहेगा एथलेटिक्स करियर



**गुवाहाटी।** स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास को शुक्रवार को असम पुलिस में उप अधीक्षक बनाया गया जिसने इसे बचपन का सपना सच होने जैसा बताया। हिमा को नियुक्ति पत्र असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सौंपा जो केंद्र में खेलमंत्री भी रह चुके हैं। यहां आयोजित एक समारोह में पुलिस महानिदेशक समेत शीर्ष पुलिस अधिकारी और प्रदेश सरकार के अधिकारी उपस्थित थे। हिमा ने बाद में कहा कि वह बचपन से पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखती आई हैं। उसने कहा, यहां लोगों को पता है। मैं कुछ अलग नहीं कहने जा रही हूं। स्कूली दिनों से ही मैं पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी और यह मेरी मां का भी सपना था। हिमा ने कहा, वह दुर्गापूजा के दौरान मुझे खिलौने में बंदूक दिलाती थी। मां कहती थी कि मैं असम पुलिस की सेवा करूं और अच्छी इंसान बनूं। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता और जूनियर विश्व चैम्पियन हिमा ने कहा कि वह पुलिस की नौकरी के साथ खेलों में अपना करियर भी जारी रखेगी। उसने कहा, मुझे सब कुछ खेलों की वजह से मिला है। मैं प्रदेश में खेल की बेहतरी के लिए काम करूंगी और असम को हरियाणा की तरह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य बनाने की कोशिश करूंगी। असम पुलिस के लिए काम करते हुए अपना करियर भी जारी रखूंगी।

### आर विनय ने प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके कर्नाटक के अनुभवी मध्यम गति के गेंदबाज आर विनय कुमार ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। सैंतीस साल के इस खिलाड़ी ने अपने राज्य की टीम का नेतृत्व करते हुए लगातार रणजी ट्राफी खिताब भी दिलाए हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि उन्हें अपने करियर में सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला। उन्होंने बयान में कहा, आज दावणगेरे एक्सप्रेस 25 साल दौड़ने और क्रिकेटिया जिंदगी के इतने सारे स्टेशन पास करने के बाद उस स्टेशन पर आ गई है जिसे संन्यास कहते हैं। इतनी सारी भावनाओं के साथ मैं, विनय कुमार आर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। उन्होंने ट्विटर पर अपने बयान में कहा, यह फैसला करना आसान नहीं था, हालांकि हर खिलाड़ी की जिंदगी में ऐसा समय आता है जब उसे संन्यास लेना पड़ता है। भारत के लिए उन्होंने एक टेस्ट, 31 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का उद्घाटन किया

# जम्मू कश्मीर को बनाएंगे शीत खेलों का गढ़ : नरेंद्र मोदी

### दो मार्च को खत्म हो रहे खेलों में 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी ले रहे भाग

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुलमर्ग में दूसरे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का उद्घाटन करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर को शीत खेलों का गढ़ बनाने की दिशा में यह अहम कदम है।

दो मार्च को खत्म हो रहे इन खेलों में 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा, यह अंतराष्ट्रीय शीतकालीन खेलों में भारत की प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने और जम्मू कश्मीर को शीत खेलों का गढ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, गुलमर्ग में हो रहे ये खेल दिखाते हैं कि जम्मू कश्मीर शांति और विकास की नई बुलंदियां छूने के लिए कितना तत्पर है। ये खेल जम्मू कश्मीर में एक नया खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेंगे। जम्मू और श्रीनगर में दो खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र और 20 जिलों में खेलो इंडिया केंद्र युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी सुविधाएं हैं। ऐसे केंद्र देश भर के हर जिले में खोले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस आयोजन से जम्मू कश्मीर के पर्यटन को भी नई ऊर्जा और नया उत्साह मिलने वाला है। हम यह भी देख रहे है कि कोरोना की वजह से जो दिक्कतें आई थी , वे भी पीछे छूट रही हैं। मोदी ने कहा, मुझे भरोसा है कि खेलो इंडिया शीत खेलों का अनुभव शीतकालीन ओलंपिक के पोडियम पर भारत के गौरव को बढ़ाने में बहुत काम आएगा। इन खेलों में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्की, स्नोबोर्डिंग, स्की पर्वतारोहण, आइस हॉकी और आइस स्केटिंग शामिल है। उन्होंने कहा, देश भर से आए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करेंगे। मुझे बताया गया है कि इस बार प्रतियोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है। यह शीतकालीन खेलों के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान और बढ़ते उत्साह का संकेत है।

उन्होंने शीत खेलों में भाग ले रहे 1200 खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खिलाड़ी जब इन खेलों के लिए मैदान में उतरें तो याद रखें कि वे इन खेलों का हिस्सा ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के ब्रांड दूत भी हैं। आपके खेल से दुनिया में भारत को पहचान मिलती है। जब आप खेल के मैदान पर उतरते हैं तो आप अकेले नहीं होते बल्कि 130 करोड़ देशवासी आपके साथ होते हैं। मोदी ने कहा कि खेल सिर्फ एक शौक नहीं है बल्कि इससे टीम भावना, जीत को दोहराना और हार में नई राह खोजना सीखते हैं।

उन्होंने कहा, खेल हर व्यक्ति के जीवन को और उसकी जीवन शैली को गढ़ता है। खेल आत्मविश्वास बढ़ाता है जो आत्मनिर्भरता के लिए भी उतना ही जरूरी है। दुनिया में कोई भी देश सिर्फ आर्थिक या सामरिक शक्ति से ही बड़ा नहीं बनता बल्कि इसके कई और भी पहलू हैं। खेल आज ऐसा क्षेत्र बन गया है जो आज की दुनिया में देश की छवि और देश की शक्ति का भी परिचय कराता है। उन्होंने कहा, खेल सिर्फ पदक या प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। इसका एक वैश्विक रूप है। क्रिकेट के क्षेत्र में हम भारत में इस बात को महसूस करते हैं लेकिन यह सभी अंतरराष्ट्रीय खेलों पर लागू होता है।



### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी खेलों को दिया महत्व

मोदी ने कहा, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी खेलों को बहुत महत्व दिया जा रहा है।पहले खेल अतिरिक्त गतिविधियों का हिस्सा था लेकिन अब पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। इसकी ग्रेडिंग की जाएगी। ये खेलों के लिए और विद्यार्थियों के लिए बहुत बड़ा फैसला है। खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, खेल राज्यों और समुदायों को जोड़ता है। पूर्वोत्तर की एक महिला मेरीकॉम जब पदक जीतती है तो पूरा देश जश्न मनाता है। खेल और संस्कृत देश की मृदु शक्ति का उदाहरण है। उन्होंने कहा, हमने पिछली बार यहां 100 छोटे खेलो इंडिया केंद्र बनाने की घोषणा की थी जिनमें से 40 को मंजूरी मिल चुकी है और बाकी को आगामी वित्त वर्ष में मिल जाएगा। इसके साथी ही माता वैष्णो देवी खेल परिसर को खेलो इंडिया अकादमी एक्रीडेशन दिया ।

# मोटेरा के विकेट पर रन बनाने का इरादा जरूरी था, यह सामान्य विकेट थी : रोहित

एजेंसी। अहमदाबाद



**इंग्लैंड** के बल्लेबाजों को भले ही मोटेरा की पिच कठिन और चुनौतीपूर्ण लगी हो, लेकिन भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इस पिच को दिलचस्प लेकिन सामान्य करार देते हुए कहा कि इस पर विकेट बचाकर खेलने से ज्यादा रन बनाने का इरादा होना जरूरी था। सीनियर सलामी बल्लेबाज ने भारत के लिए मैच की एकमात्र अर्धशतकीय पारी खेली जबकि घरेलू टीम के स्पिनरों ने 19 विकेट झटके। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को अक्षर पटेल की सीधी गेंदों ने चकमा दिया जो टर्न लेने के बजाय सीधे स्किड कर रही थीं। रोहित ने मैच के समाप्त होने के बाद वर्चुअल कांफ्रेंस में कहा, जब आप ऐसी पिच पर खेलते हो तो आपके अंदर इरादा होना चाहिए और साथ ही आपको रन बनाने की कोशिश भी करनी चाहिए। आप सिर्फ ब्लॉक नहीं कर सकते। जैसा कि आपने देखा कि कोई कोई गेंद टर्न भी ले रही थी और जब आप टर्न के लिए खेलते तो कोई गेंद स्टंप की ओर फिसल भी रही थी।

रोहित को लगता है कि 66 रन की पारी के दौरान वह इंग्लैंड के गेंदबाजों से दो कदम आगे थे। उन्होंने कहा, आपको कभी कभार थोड़ा आगे रहकर रन बनाने के तरीके ढूंढ़ने की कोशिश करने की जरूरत होती है। मेरी इच्छा सिर्फ टिकने की नहीं थी बल्कि रन बनाने की कोशिश करने की भी थी जिसमें अच्छी गेंदों को सम्मान करना भी शामिल था। बस मैंने इतना ही करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अक्षर की स्टम्प पर गेंद डालने की रणनीति कारगर साबित हुई। उन्होंने कहा, अक्षर ने कमाल की गेंदबाजी की। अचानक से टीम में आकर इस तरह से प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। वह चोटिल था लेकिन चेन्नई में उसने वापसी करके उम्दा प्रदर्शन किया। यहां उसने सीधे स्टम्प पर गेंद डाली जिसे खेल पाना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं था। रोहित ने चेपॉक पर दूसरे टेस्ट की पिच को अधिक चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, दूसरे टेस्ट में गेंद यहां से ज्यादा टर्न ले रही थी। वह पिच अधिक चुनौतीपूर्ण थी लेकिन अश्विन ने शतक जमाया और विराट ने भी अर्धशतक बनाया। इसलिए अपने बेसिक्स पर डटे रहकर आप रन बना सकते हैं। रोहित ने स्वीकार किया कि गुलाबी गेंद से स्पिनरों को खेलने पर मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, हमें इस पर काम करना होगा। अधिकांश बल्लेबाज सीधी गेंद पर आउट हुए।

# वुड्स की कार के ब्लैकबॉक्स से हादसे के कारणों का पता करेंगे जांचकर्ता



एजेंसी। डेट्रॉयट

**महान** गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ हुई सड़क दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारी उनकी जेनेसिस एसयूवी के ब्लैक बॉक्स के जरिए पता करेंगे कि आखिर उस दिन हुआ क्या था।

हुंदई कंपनी की लक्जरी गाड़ी 2021 जीवी 80 में डाटा रिकॉर्डर का नया संस्करण है जिसे ब्लैक बॉक्स कहा जाता है। इससे कार की रफ्तार, ब्रेक, गैस पैडल वगैरह के बारे में जानकारी मिल जाएगी। यह बॉक्स डैशबोर्ड के नीचे या सीट के नीचे होता है। वुड्स लॉस एंजलिस में कार दुर्घटना का शिकार हुए जिसमें उनके पैर में गंभीर चोट आई है। काउंटी के शेरीफ ने बताया कि वुड्स नशे में नहीं थे और अकेले ड्राइव कर रहे थे। उनकी कार सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई।

## खेल पंचाट के प्रतिबंध घटाने के बाद उमर अकमल प्रतिस्पर्धी क्रिकेट शुरू कर पाएंगे

**कराची।** पाकिस्तानी बल्लेबाज उमर अकमल अपना क्रिकेट करियर फिर से शुरू कर पाएंगे क्योंकि खेल पंचाट ने उनका निलंबन घटाकर 12 महीने कर दिया और उन पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए 42.50 लाख पाकिस्तानी रूपए का जुर्माना लगाया। खेल पंचाट ने उमर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की अपील पर अपने फैसले की घोषणा की। पहले उमर को पाकिस्तान सुपर लीग में स्पाट फिक्सिंग की पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के लिए पिछले साल 20 फरवरी से सभी क्रिकेट गतिविधियों से निलंबित कर दिया था। शुक्रवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि उमर अब प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में फिर से शामिल होने के लिए योग्य हो जाएंगे, बशर्ते वह जुर्माना जमा कर दें और बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम से जुड़ जाएं।


# जर्मनी दौरे से ओलंपिक की तैयारियों को बल मिलेगा : कप्तान रानी

### भारतीय टीम अब शनिवार से जर्मनी के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी

एजेंसी। डसेलडोर्फ

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने दुनिया की तीसरे नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ पहले मैच से पूर्व कहा कि अर्जेंटीना दौरे से आत्मविश्वास बढ़ा लेकिन जर्मनी का दौरा तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों को मजबूती देगा।

अर्जेंटीना दौरे के बाद भारतीय टीम अब शनिवार से जर्मनी के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी। रानी ने कहा, अर्जेंटीना दौरे से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। एक के बाद एक इन दौरों से हमें तैयारी का सुनहरा मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक में अब ज्यादा समय नहीं रह गया है और शीर्ष टीमों के खिलाफ इन मैचों से हमें अपनी कमियों का पता लगाकर लय हासिल करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जर्मनी के खिलाफ मैचों से उन्हें खेल के हर पहलू में टीम को परखने का मौका मिला। रानी ने कहा, यह अर्जेंटीना दौरे से एकदम अलग होगा। इसमें फिटनेस के स्तर से लेकर हर पहलू को परखने का मौका मिलेगा। यह दौरा चुनौतीपूर्ण होगा चूंकि हम लगातार मैच खेलेंगे।



उन्होंने कहा, हमारे प्राथमिकता प्रतिस्पर्धी सोच के साथ उतरने की होगी। जर्मनी जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ खेलकर ओलंपिक की तैयारी पक्की होगी। दूसरा मैच रविवार को और आखिरी दो मैच दो और तीन मार्च को खेले जाएंगे।

# इंग्लिश मीडिया में एक वर्ग ने हार के लिए टीम को दोषी कहा

## अन्य ने पिच पर ठीकरा फोड़ा

### इंग्लैंड भारत से 10 विकेट की शर्मनाक हार के बाद चार मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई

एजेंसी। लंदन

**ब्रिटिश** मीडिया ने गुलाबी गेंद के टेस्ट में अपनी क्रिकेट टीम के भारत से दो दिन में हारने की आलोचना की और इसके लिए विवादास्पद रोटेशन नीति और अपने बल्लेबाजों की तकनीकी असफलताओं को जिम्मेदार ठहराया जबकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर भी अंगुली उठाई गई।

इंग्लैंड को गुरुवार को तीसरे टेस्ट में स्पिनरों के मुफीद पिच पर भारत से 10 विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम चार मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। मैच दो दिन में खत्म हो गया जिससे पिच की भी आलोचना की गई जिसमें कुछ पूर्व खिलाड़ियों जैसे माइकल वॉन ने कहा कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए आदर्श पिच नहीं थी, लेकिन द गार्डियन अखबार ने इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन की आलोचना की। इसकी रिपोर्ट का शीर्षक था, इंग्लैंड के दो दिन में हारने की जांच में कोई आसान जवाब नहीं मिलेगा।

इसमें लिखा, भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में मिली निराशाजनक हार के लिए किसे दोषी ठहराया जाए, यह काफी मुश्किल है क्योंकि इतनी सारी चीजें गलत हुईं। अखबार ने फिर रोटेशन नीति को इसका जिम्मेदार ठहराया जिसके कारण श्रृंखला के कारण मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया गया।



इसके अलावा टीम के परिस्थितियों को नहीं पढ़ पाने के लिए भी दोषी माना और लिखा, पिछले हफ्ते चेन्नई में मिली करारी शिकस्त का हैंगओवर। इस लेख में कहा गया, पहली पारी में जब स्कोर दो विकेट पर 74 रन था तो बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके, ऐसा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड की बेकार प्राथमिकताओं के कारण स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अनुभव की कमी, गुलाबी गेंद, पिच की प्रकृति के कारण हुआ और सबसे महत्वपूर्ण कि वे एक बेहतर टीम के खिलाफ थे। द सन ने इंग्लैंड को अयोग्य बताते हुए उसकी चयन नीति की आलोचना की। डेव किड ने अपने कॉलम में लिखा, अयोग्य इंग्लैंड टीम को अहमदाबाद की टर्निंग पिच पर भारत के हाथों शर्मसार होना पड़ा जिसमें टीम एक स्पिनर और चार 11वें नंबर के बल्लेबाजों के साथ उतरी। विजडन ने इस हार के लिए लिखा, इस देश के टेस्ट मैचों के इतिहास में कभी भी इंग्लिश क्रिकेट इतना खराब नहीं लगा, लेकिन कुछ अखबार और विशेषज्ञ ऐसे भी थे जिन्होंने टेस्ट को दिन का मुकाबला बनने के लिए पूरी तरह से मोटेरा की टर्निंग पिच को जिम्मेदार ठहराया।

द मिरर में एंडी बन ने अपने कॉलम में लिखा, भारत इस पिच से खेल भावना की सीमाओं को लांघने के करीब पहुंच गया-यह टेस्ट क्रिकेट नहीं था। इसमें लिखा गया, घरेलू हालात का फायदा उठाना सही है लेकिन यह पांच दिवसीय मैच के लिए फिट पिच नहीं थी।

# पीटरसन सड़क सुरक्षा विश्व सीरिज में इंग्लैंड लीजैंड्स के कप्तान

एजेंसी। मुंबई

**इंग्लैंड** के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन पांच मार्च से रायपुर में शुरू हो रही अनअकैडेमी सड़क सुरक्षा विश्व क्रिकेट सीरिज में इंग्लैंड लीजैंड्स के कप्तान होंगे जबकि खालिद महमूद बांग्लादेश लीजैंड्स की कप्तानी करेंगे।

पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू होगार्ड, ओवैस शाह, मोंटी पनेसर, निक क्रॉम्पटन भी इंग्लैंड टीम का हिस्सा हैं।वहीं बांग्लादेश टीम में नफीस इकबाल, अब्दुर रज्जाक और मोहम्मद रफीक भी शामिल होंगे। इंग्लैंड लीजैंड्स टीम शुक्रवार को दोपहर में रायपुर पहुंचेगी जबकि बांग्लादेश की टीम शनिवार को पहुंचेगी। इस टी20 सीरिज का पहला सत्र 11 मार्च 2020 से खेला जाना था जो कोरोना महामारी के कारण चार मैचों के बाद रद्द हो गया।



**टीमें इस प्रकार**

**इंग्लैंड लीजैंड्स :**
केविन पीटरसन, ओवैस शाह, फिलीप मस्टर्ड, मोंटी पनेसर, निक क्रॉम्पटन, कबीर अली, साजिद महमूद, जेम्स ट्रेडवेल, क्रिस शोफील्ड, जोनाथन ट्रॉट, रियान साइडबॉटम, उस्मान फजल, मैथ्यू होगार्ड , जेम्स टिंडाल।

**बांग्लादेश लीजैंड्स :**
खालिद महमूद, नफीस इकबाल, मोहम्मद रफीक, अब्दुर रज्जाक, खालिद मसहूद, हनान सरकार, जावेद उमर, राजिन सालेह, मेहराब हुसैन, आफताब अहमद, आलमगीर कबीर, मोहम्मद शरीफ मुशफिकुर रहमान, ममूद रशीद।



# टूटती बेड़ियां

**सुमेधा पाल का कहना है कि बंधुआ मजदूरी को रोकने के लिए नए समाधानों की आवश्यकता है**

रेहाना बेगम का कहना है कि आजादी है तो सबकुछ है। रेहाना को उनके पति और बच्चों के साथ 2017 में नगर निगम शौचालय कम्पाऊंड से छुड़ाया गया था। मूलत: बिहार में पूर्निया का रहने वाला, यह परिवार रोजगार की तलाश में राज्यों में आया था। रेहाना ने कहा, 'मेरे पति और मैंने हमारे परिवारों की अनुमति के बिना विवाह किया था, इसलिए हमारे पास रहने का कोई ठिकाना नहीं था, यह वो कीमत है जो औरत होने के नाते व्यक्ति चुकाता है यदि वह प्रेम करने का साहस करता है।'

बकौल रेहाना, 'शुरू में, हमें 5000 रूप दिए गए थे। जैसा कि हम किराए के मकान में रहते थे तो पूर्णकालिक शौचालय काम्प्लेक्स में जाने का विचार लाभकारी नजर आया था। चूंकि हमारा पूरा परिवार काप्लेक्स में आ गया था तो मुझे डबल शिफ्ट में शौचालय की देखभाल करनी पड़ती थी और कई मौकों पर, उन्हें साफ भी करना पड़ता था। मेरा काम सुबह नौ बजे से शुरू होता था और रात 11 बजे तक चलता था।' तीन बच्चों की देखभाल, शौचालयों की सफाई और घरेलू काम ने रेहाना के स्वास्थ्य पर स्पष्टतया बुरा असर डाला था।

उन्होंने बताया, 'काम्प्लेक्स पर स्थायी रूप से रहने के कारण हम दिन रात कम्पाऊंड में काम करते थे। हमारी दिहाड़ियां बंद कर दी गयी और जब मैंने काम करने से मना किया तो मुझे यौन हिंसा की धमकी दी गयी। एक स्थिति आई कि मैं बीमार पड़ गयी और मुझे निमोनिया बताया गया, लेकिन उचित उपचार के लिए अस्पताल नहीं जाने दिया गया। अल्लाह का शुक्र है कि मैं अंतत: आजाद हूं।'

रेहाना और उसके परिवार को राष्ट्रीय बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अभियान समिति (एनसीसीबीएल) द्वारा रिहा कराया गया। उसके उचित मुआवजे तथा दिल्ली नगर निगम के स्तर पर जवाबदेही की कमी को लेकर दिल्ली में मुकदमा लंबित है। जीवन चलाने के लिए, वर्तमान में रेहाना का पति रिक्शा खींचने का काम कर रहा है जबकि रेहाना नौकरानी का काम तलाशने की भरपूर कोशिश कर रही है। परिवार को भय है कि वे दोबारा कर्ज की

> **काम्प्लेक्स पर स्थायी रूप से रहने के कारण हम दिन रात कम्पाउंड में काम करते थे। हमारी दिहाड़ियां बंद कर दी गयी और जब मैंने काम करने से मना किया तो मुझे यौन हिंसा की धमकी दी गयी। एक स्थिति आई कि मैं बीमार पड़ गयी और मुझे निमोनिया बताया गया लेकिन उचित उपचार के लिए अस्पताल नहीं जाने दिया गया। अल्लाह का शुक्र है कि मैं अंततः आजाद हूं।'**

गुलामी में फंस सकते हैं इसलिए वे नौकरी तलाशने में लगे हैं।

रेहाना ही नहीं, समूचे भारत में, अनुमानतया 1.2 करोड़ मजदूर ईंट-भट्ठों, कपड़ा फैक्ट्रियों, निमार्ण कार्य इकाइयों आदि में कार्यरत हैं। तीन लाख से ज्यादा असंगठित मजदूरों को भारत सरकार के मुताबिक रिहा कराया गया है। भारत ने अपनी 2011 की जनगणना में कम से कम 1.35 लाख बंधुआ मजदूरों की पहचान की है, जबकि आस्ट्रेलियाई चेरिटी संस्था वॉक फ्री फाऊंडेशन अपनी साल 2018 के वैश्विक गुलामी सूचकांक में इस संख्या को आठ मिलियन बताती है। इन अधिकांश मजदूरों को सुदूर गरीब ग्रामीण इलाकों से ठेकेदारों के विशाल नेटवर्क के जरिए लाया जाता है। हालांकि ये अधिकांश इलाके देश के उत्तरी व पूर्वी हिस्से में मौजूद हैं, मगर पश्चिम व दक्षिण में कुछ विकसित राज्यों में भी ऐसे इलाके हैं।

असंगठित मजदूरों की बेचैन व असुरक्षित आबादी, जो दिहाड़ी या अपने अधिकारों के मोलतोल की हैसियत में नहीं होते हैं, सस्ते श्रम का विशाल भंडार बन गए हैं। इन मजदूरों की बड़ी आबादी बच्चे होते हैं, जिन्हें अपने परिवारों के जीवनयापन का बोझ उठाने के कारण स्कूल की पढ़ाई छोड़नी पड़ी। दो बच्चों की मां, पिंकी ने बताया, 'मैंने अपने दो बच्चों को खो दिया, एक आठ साल का लड़का और एक लड़की, जो महज दस साल की थी, उन्हें हिमाचल प्रदेश के ईंट-भट्ठों में काम के लिए भेजा गया। हमें इतना ही बताया गया कि वे दोनों मर गए, लेकिन किसी ने हमें यह बताने की परवाह नहीं की कि कैसे!'

पिंकी और उनका पति, काले, देवबंद, उत्तरप्रदेश में बंधेरा खास के छोटे टोले में रहते हैं, एक कॉलोनी जहां उनके व उनके पति जैसे अनेक आप्रवासी मजदूर अब रहते हैं। 2014 में, मूल: सहारनपुर के रहने वाले, पिंकी और काले को पंजाब में नवाबशहर में ईंट भट्ठे में काम करने के लिए ले जाया गया और उन्हें प्रति व्यक्ति ठेकेदार द्वारा 1500 प्रति हफ्ता वेतन देने का वादा किया गया। उसी व्यक्ति ने उन्हें और ज्यादा पैसा कमाने का अवसर प्रदान करते हुए उनके दो बच्चों को उतनी ही धनराशि का वेतन देने का वादा किया। ईंट-भट्ठे में जो होता था उसे बताते हुए पिंकी ने कहा, 'हमारे लिए पैसा कमाने का एकमात्र संसाधन था कि शहरों में जाएं। मेरे बच्चों को हिमाचल प्रदेश ले जाया गया। 1500 रुपये देने के बजाय, हमें प्रति सप्ताह केवल पांच सौ रुपये या उससे भी कम पैसे दिए जाते थे। न पैसा और न बच्चों की कोई जानकारी होने से हमें लगता था कि हमारे साथ धोखा हुआ। मुझे चौबीसों घंटे अपनी पीठ पर ईंटें उठाकर ले जाने का काम करना याद है। लगता है, जैसा जीवन मैंने पिछले पांच साल का जीया था उसमें सबकुछ धुंधला था।'

पिंकी ने अस्थायी टेंट में ब्रेड और मकई खाते हुए जीवन चलाया। उन्हें उनके पति समेत अंततोगत्वा 2017 में एनसीसीबीएल द्वारा छुड़ाया गया। दंपति के साथ तय की गयी दिहाड़ी के मुताबिक, ठेकेदारों को उन्हें एक लाख रुपये से ज्यादा देना था, हालांकि परिवार को अभी तक एक रुपया तक नहीं मिला है। पिंकी के लिए, अपने बच्चों को खोना और उन्हें दोबारा कभी न देख पाना सबसे बड़ा सदमा था। उन्होंने कहा, 'मुझे कई बार पीटा जाता था, मुझे मेरे काम की मजदूरी नहीं दी जाती थी, लेकिन अपने बच्चों को खोना मेरे लिए सबसे भयावह था।' कोविड 19 और वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए की गयी तालाबंदी ने बंधुआ मजदूरों के लिए स्थिति को और बदतर बना दिया क्योंकि रिहाई अभियानों को भी रोक दिया गया। समूचे भारत में रिहाई अभियान चलाने के लिए जिम्मेदार एनसीसीबीएल की निर्मला गोराना ने कहा, 'महामारी में, अनेक लोग उत्पीड़न स्थलों पर फंस गए क्योंकि रिहाई अभियानों को रोक दिया गया। जैसा कि देशव्यापी तालाबंदी की घोषणा की गयी थी, मगर देश के दूरदराज इलाकों में कृषि क्षेत्र समेत ईंट-भट्ठों, विभिन्न निर्माण इकाइयों समेत काम जारी रहा।' हालांकि जो मामूली दिहाड़ी बंधुआ मजदूरों को मिल रही थी वो भी बंद हो गयी। उन्होंने चंडीगढ़ उच्च न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील की थी, लेकिन राज्य पर उस समय बहुत ज्यादा बोझ था और रिहाई अभियान चलाना कठिन हो गया। यहां तक कि उन लोगों को जिन्हें छुड़ाया जा सकता था, उन्हें संरक्षण व पुलिस सुरक्षा नहीं दी जा रही थी, जिससे उनके कहीं गहरे बंधुआ मजदूरी के शिंकजे में फंसने की संभावनाएं बन रही थीं।

यद्यपि बंधुआ मजदूरी 1976 में प्रतिबंधित हो गयी जब बंधुआ श्रम व्यवस्था अधिनियम को लागू किया गया, मगर रिहाई की खबरें सुनना बहुत आम बात है। हालांकि सजा मिलने का आंकड़ा बहुत छोटा है। इस दुविधा की स्थिति को लेकर केन्द्रीय श्रम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बंधुआ मजदूरी  के मामले में हिंसा का व्यापक प्रचलन है, और सहायता खासतौर पर कोविड के समय के दौरान लंबित हुई है। हालांकि, जब रिहाई की बात उठती है तो जिम्मेदारी संबंधित राज्यों की होती है कि वे इन शिकायतों पर उचित कार्रवाई करें।'

रिहा कराए गए श्रमिकों के पुनर्वास के लिए केंद्र प्रायोजित बंधुआ मजदूरी पुनर्वास योजना 1978 में लागू की गयी है। योजना के भाग के रूप में, वयस्क पुरुष राहत कर्ता को एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता निर्धारित है, जबकि वे लोग जो विशेष श्रेणियों में आते हैं, मसलन महिलाओं व बच्चों को दो लाख देना सुनिश्चित है। अन्य, जिन्हें यौन शोषण, वेश्यालयों या मानव तस्करी जैसे ज्यादा बदतर हालातों  की बंधुआ या जबरन मजदूरी से छुड़ाया जाता है, वे जिला मजिस्ट्रेट के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कुछ गैरनकदी सहयोग के साथ तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता के योग्य होते हैं। वित्तीय सहायता केन्द्र द्वारा पोषित होती है लेकिन वो दोषसिद्धि के बाद की मिलती है। एक व्यक्ति जो छुड़ाया जाता है उसे दोषसिद्धि से परे, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तत्काल 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। तत्कालिक सहायता के अलावा, जिन लोगों को छुड़ाया जाता है, उन्हें भी राज्य द्वारा जारी राहत प्रमाणपत्र दिए जाते हैं, जो उन्हें पुनर्वास उपायों के लिए योग्य बनाता है, हालांकि, जिन लोगों को प्रमाण पत्र मिलता है वो इक्का-दुक्का लोग ही होते हैं। किसी ने भी लेखक को नहीं बताया कि उसे मुआवजा दिया था। बड़ी संख्या में महिला मजदूरों के बावजूद, महिला के काम को गिना नहीं जाता है व अर्थव्यवस्था में उसके श्रम को मान्यता नहीं दी जाती है। भोजन, परिवार की देखभाल का शोषण, ठेकेदारों का अपमान झेलते हुए वे अवैतनिक व अलक्षित रह जाती हैं।

**- चरखा फीचर्स**

# ईश्वर को खुद से ऊपर मानें

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि हमें उस सबके लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञ और शुक्रगुजार होना चाहिए जो वह हमारे लिए करता है। क्योंकि वही सबकुछ जानता है**

सृष्टि विधान क्या है? ईश्वर-सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञानी है। हम भागवतगीता से सीखते हैं कि ईश्वर सबकुछ है (7.19)। वह ब्रह्मांड का स्वामी है। फिर, देवी और देवता हैं- विशेष आत्माएं, जो ईश्वर के मार्गदर्शन  के तहत दिव्य प्रबंधन की निगरानी करते हैं। (9.10)वे हम आत्माओं को हमारे कर्मों के आधार पर पुस्कृत एवं दंडित करते हैं। हमें  सूर्य ओर चन्द्रमा आदि जैसे ग्रहों को भूलना नहीं चाहिए। वे हमारा जीवन प्रभावित करते हैं।

हम, आत्माएं उसके बाद आती हैं। हम वरीयताक्रम में सदा इस अवस्था में रहते हैं, सिवाय कुछ आत्माओं को उनके उल्लेखनीय कर्मों के कारण देवों और देवताओं के स्तर पर प्रोत्साहित किया जा सकता है। ज्ञानी जन अपनी सीमाएं जानते हैं। ये तथ्य इंगित करते हैं कि हमें ईश्वर से सहायता मांगनी चाहिए, जो सदैव सहायता के लिए तैयार रहता है। न केवल उच्चाधिकारियों से, बल्कि हमें भौतिक प्रकृति से भी उदार सहायता की जरूरत होती है। हम अपनी भौतिक कायाओं में बेहतर बने रहें इसके लिए भौतिक प्रकृति हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आइए एक और नजरिए से इसे देखते हैं। जब हम जन्म लेते हैं तो हम असहाय होते हैं। हमें जीने के लिए माता-पिता की देखभाल की आवश्यकता होती है। जब हम बड़े होते हैं और हमारी शादी होती है, तो अच्छा पारिवारिक जीवन पाने और अपने इर्द-गिर्द भरोसेमंद लोगों से बना सहयोगी समूह विकसित करने का दायित्व हमारे ऊपर आता है। ईश्वर ने दोहन के लिए भौतिक प्रकृति को प्रदान किया है, उस तरह से दोहन नहीं जैसे कुछ लोग वर्तमान में कर रहे हैं, मसलन, पर्यावरण की आवश्यकता को नजरंदाज करना, पर्यावरण, नदियों आदि को प्रदूषित करना। हमें बेहतर सह-अस्तित्व के लिए दूसरों के लिए सहयोग करना चाहिए। इसकी जगह, हम संकीर्ण ढंग से स्वार्थी बनना पसंद करते हैं, मसलन मेरे लिए एक नियम है जबकि शेष जगत के लिए दूसरा। ऐसे आचरण का परिणाम यह होता है कि हमारे लिए इस दुनिया में रहने की कठिनाई बढ़ जाती है।

देवी और देवता, जो भौतिक सृष्टि के कामकाज पर नजर रखते हैं, उस काम के लिए जो उन्हें सौंपा गया है, हमारे द्वारा सम्मान के हकदार हैं। वे सृष्टि में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। भगवान कृष्ण ने उनके बारे में गीता में कई बार बताया है कि उन्हें प्रसन्न करने की पैरवी की है। (3.11-12) ग्रहों के साथ कुछ कुछ इसी प्रकार की स्थिति है। हम खुद को उनकी गतियों व अवस्थाओं में ढालकर काफी कुछ पा सकते हैं। जब वे हमारे लिए अनुकूल



> **प्रतिकूल हैं, तो हमें दुष्परिणाम प्राप्त होते हैं। व्यक्तिगत रूप से, प्रतिकूल ग्रहों की पूजा के जरिए कुछ कुछ उपाय किये जा सकते हैं। इसी तरह, व्यक्ति का जन्म तिथि के आधार पर कुछ खास किस्म के नगीने पहनना अनेक मामलों में मददगार है।**

होते हैं, तो हमें लाभ होता है। इसके विपरीत, यदि ग्रहों की गतियां प्रतिकूल हैं, तो हमें दुष्परिणाम प्राप्त होते हैं। व्यक्तिगत रूप से, प्रतिकूल ग्रहों की पूजा के जरिए कुछ कुछ उपाय किये जा सकते हैं। इसी तरह, व्यक्ति का जन्म तिथि के आधार पर कुछ खास किस्म के नगीने पहनना अनेक मामलों में मददगार है।

इसके बाद हम आते हैं व्यवस्था की ओर, मसलन, हर कोई कैसे काम करता है। हम आत्माओं के लिए दिशानिर्देश हैं जिनका गीता जैसे धर्मग्रंथ में स्पष्ट रूप में उल्लेख किया गया है। (16.24) हमें कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए, धर्म का पालन करना चाहिए और अच्छाई, मानसिक योग्यता और दूसरों की सामान्य भलाई समेत अपने समस्त अनोखे संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। हमें आम सहयोग में योगदान करना है क्योंकि यह हमारे भले के लिए है। हमें कभी भी स्वामी बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि केवल एक ही स्वामी है, और वो है ईश्वर। हमें उस सबके लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञ व शुक्रगुजार होना चाहिए जो वह हमारे लिए करता है। हमें, हमारे लिए अनुकूल राह दिखाने के लिए, ईश्वर की जरूरत है, क्योंकि केवल वही सबकुछ जानता है। केवल वही मौजूदा जीवन में हमारी सटीक भूमिका की ओर इशारा कर सकता है। और अपने जीवन की गुणवत्ता सुधारने का सबसे तीव्र तरीका ईश्वर और उसके विधान की सेवा है।

इसीलिए, आइए हम समूचे हृदय से ईश्वर को स्वीकार करें और उसके आदेशों की शरण लें। (18.62) तब हम सचमुच स्वार्थी होंगे, मसलन, हम अपना अविश्वसनीय समर्थन करेंगे। हां, हमें वहीं करना चाहिए।

